✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✶ पटना संस्करण

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 37 ✶ अंक : 24 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, शनिवार, 20 जून 2026 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com



पटना आने के बाद सीएम सम्राट चौधरी के साथ ट्रेन से छपरा जाते रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

### रेल मंत्री एवं बिहार के सीएम ने तीन प्रमुख ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# बिहार में भी बहुत जल्द चलेगी बुलेट ट्रेन : अश्विनी वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने छपरा जंक्शन पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में छपरा-आनंद विहार विशेष ट्रेन समेत तीन प्रमुख ट्रेनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह तीनों ट्रेनें छपरा, बनारस व मऊ रेलवे स्टेशन से निर्धारित शेड्यूल पर चलेंगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेल मंत्री ने कहा कि बहुत जल्द बिहार में भी बुलेट ट्रेन चलेगी। दिल्ली से पटना की यात्रा में 4 घंटे 41 मिनट में तय हो जायेगी। यह बुलेट ट्रेन दिल्ली, लखनऊ, बनारस, पटना सिलीगुड़ी रूट पर चलेगी। इसके



लिए तैयारी शुरू कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के विजन के तहत बिहार को हर साल विकास के लिए 10 हजार करोड़ का बजट दिया जा रहा है। वर्तमान में बिहार के अलग-अलग रूटों से 14 वंदे भारत और सबसे अधिक अमृत भारत ट्रेनें चल रही हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में बिहार में 2034 किमी नये ट्रैक बनाये गए जो मलेशिया के कुल रेल नेटवर्क से अधिक है। बिहार में विक्रमशिला-कटेरिया नयी लाइन जिसमें गंगा नदी रेल पुल सम्मिलित है, नरकटियागंज से रक्सौल, सीतामढ़ी से दरभंगा, सीतामढ़ी से मुजफ्फरपुर का दोहरीकरण, भागलपुर से जमालपुर तीसरी लाइन, भागलपुर से दुमका-रामपुर हाट, बख्तियारपुर से राजगीर तिलैया दोहरीकरण सहित अनेक परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। इन परियोजनाओं से बिहार का नक्शा बदलेगा। कैपिसिटी को डबल किया जा रहा है, क्षमता बढ़ने पर आगामी 7 से 8 वर्षों में बिहार में 200 नयी गाड़ियां चलाई जा सकेंगी। इससे यात्रियों की (शेष पृष्ठ 11 पर)

## फिरौती के लिए दो भाइयों का अपहरण, चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेतिया।** नगर के द्वार देवी चौक स्थित एक कपड़े के दुकान के समीप से पांच लाख रुपये फिरौती के लिए दो चचेरे भाइयों के अपहरण का पुलिस ने महज चार घंटे में पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने दोनों अपहृतों को सकुशल बरामद कर चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने बताया कि मनुआपुल थाना क्षेत्र की छावनी निवासी सिद्धार्थ प्रियदर्शी, मोनू कुमार, चंदन कुमार व बिट्टू राज को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से अपहृत के एक बाइक, अपहरण में प्रयुक्त दो बाइक, छह मोबाइल फोन जब्त किया गया है। एसपी ने बताया कि 18 जून को बाइक सवार चार-पांच अपराधियों ने नगर के द्वार देवी चौक के एक कपड़े की दुकान के समीप से दो चचेरे भाई श्रीनगर थाना क्षेत्र के पूजहा पटजिरवा निवासी मौजीलाल यादव के पुत्र अर्जुन कुमार व विनोद यादव के पुत्र नीतेश कुमार का अपहरण कर लिया था। सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मंटू कुमार के बयान पर प्राथमिक दर्ज की। एक साथ दो युवकों के अपहरण की सूचना पर पुलिस महकमे में खलबली मच गई। टीम मैन्युअल व तकनीकी अनुसंधान कर दोनों अपहृतों को अपहरण के महज चार घंटे मनुआपुल इलाके से सकुशल बरामद कर लिया। चार अपहर्ताओं को भी गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने कहा कि अपहरण के इस घटना के उद्भेदन में शामिल पुलिस पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। छापेमारी टीम में एसडीपीओ के अलावा नगर थानाध्यक्ष धीरज कुमार, नगर थाना के इंस्पेक्टर अकबर, दारोगा शुभम कुमार, सोनू कुमार जायसवाल, विश्वजीत कुमार, मनुआपुल थाना के दारोगा उमलेश यादव, प्रशिक्षु दारोगा कृष्णा कुमार, अमित कुमार तथा जिला आसूचना इकाई के पुलिस पदाधिकारी व कर्मी शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला से गैंगरेप मामले में थानाध्यक्ष निलंबित

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में महिला से गैंगरेप मामले में एक्शन हुआ है। बेगूसराय रेंज के डीआइजी शैलेश कुमार चकिया थानध्यक्ष को निलंबित कर दिया है। थानेदार पर आरोप है कि पीड़िता जब शिकायत लेकर थाने पहुंची थी तब उसकी बात को गंभीरता से नहीं लिया गया था। वक्त पर एक्शन भी नहीं लिया गया। पीड़िता से मिलने के लिए शुक्रवार को बेगूसराय रेंज के डीआईजी शैलेश कुमार सिन्हा सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पीड़िता और परिजनों से पूरी जानकारी ली।

### बिहार पुलिस अवर निरीक्षक मुख्य परीक्षा का रिजल्ट जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ने शुक्रवार को पुलिस अवर निरीक्षक मुख्य लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। आयोग द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार कुल 10,759 अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) के लिए सफल घोषित किया गया है। अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने रोल नंबर के आधार पर परिणाम देख सकते हैं। यह भर्ती प्रक्रिया राज्य में पुलिस अवर निरीक्षक के कुल 1,799 पदों को भरने के लिए आयोजित की जा रही है। आयोग ने कहा है कि शारीरिक दक्षता परीक्षा की तिथि और प्रवेश पत्र से संबंधित सूचना अलग से जारी की जाएगी।

### नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बैरगनिया नगर परिषद क्षेत्र में शुक्रवार को दो नाबालिग बच्चों की लाल बकेया नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार नगर परिषद क्षेत्र के अशोगी वार्ड संख्या-5 निवासी प्रमोद मंडल के 12 वर्षीय पुत्र आलोक कुमार तथा अशोक सिंह के 15 वर्षीय पुत्र रवि किशन लाल बकेया नदी में स्नान करने गए थे। इसी दौरान दोनों बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

### नीट परीक्षा की तैयारी पूरी, सीआरपीएफ संभालेगी कमान

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आगामी 21 जून को आयोजित होने वाली नीट की री-परीक्षा को लेकर बिहार सरकार ने इस बार सुरक्षा के अभूतपूर्व और कड़े इंतजाम किए हैं। पूर्व में सामने आए पेपर लीक के मामलों और आशंकाओं से कड़ा सबक लेते हुए इस बार पूरी प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्था में आमूलचूल बदलाव किया गया है। परीक्षा शांति और स्वच्छ माहौल में हो इसके लिए इस बार प्रश्न पत्रों की सुरक्षा की कमान राज्य पुलिस के बजाय केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को सौंपी गई है। राजधानी पटना में पिछले 15 दिनों से री-नीट को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। इस बार परीक्षा केंद्रों और प्रश्न पत्रों की सुरक्षा को थ्री-लेयर में विभाजित किया गया है ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो।

## अपने विभाग से संबंधित सवालों का जवाब देने के लिए सीएम ने तीन मंत्रियों को किया अधिकृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपनी कैबिनेट के तीन मंत्रियों को बड़ी जिम्मेदारी दी है। सीएम ने तीन वरिष्ठ मंत्रियों को विधानमंडल में अपने विभाग से संबंधित सवालों के जवाब देने के लिए अधिकृत किया है। इनमें भाजपा से केवल एक नीतीश मिश्रा शामिल हैं। वहीं जेडीयू कोटे से डिप्टी सीएम बने विजय चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव को यह जिम्मेदारी दी गई है। मुख्यमंत्री सचिवालय के संयुक्त सचिव अंजनी कुमार ने संसदीय कार्य विभाग के अपर सचिव को पत्र लिखा है जिसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने विधान मंडल के आगामी सत्रों के लिए अपने प्रभार के विभाग से संबंधित प्रश्नों, ध्यानाकर्षण सूचना एवं अन्य विधायी कार्यों के लिए तीन मंत्रियों को प्राधिकृत किया है। सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग एवं सिविल विमानन विभाग के सवालों का जवाब वित्त मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव देंगे जबकि गृह विभाग के सवालों का जवाब देने का जिम्मा जल संसाधन विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी के पास होगा। वहीं निगरानी विभाग एवं निर्वाचन विभाग के सवाल, ध्यानाकर्षण सूचनाओं का जवाब नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा देंगे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भाजपा कोटे से नगर विकास विभाग का जिम्मा संभाल रहे नीतीश मिश्रा को यह बड़ी जिम्मेदारी दी है। ये नीतीश कुमार की पहली कैबिनेट (2005-10) में बिजेन्द्र प्रसाद यादव के साथ मंत्री रह चुके हैं। इसके बाद भी कई विभागों का जिम्मा संभाल चुके हैं या संभाल रहे हैं। उद्योग मंत्री रहते नीतीश मिश्रा ने कम अवधि में बेहतर कार्य किए। अब मुख्यमंत्री ने नगर विकास जैसा महत्वपूर्ण विभाग, जिसके तहत बिहार में सेटेलाइट टाउनशिप बसाने की योजना पर काम शुरू है, जिम्मेदारी दी है।

## शिक्षा के मंदिर में लक्ष्मी माता की आराधना नहीं चलेगी : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** बिहार के सरकारी शिक्षक जो अपने घरों से दूर रहकर पढ़ाने को मजबूर हैं, उनको लेकर बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बड़ा ऐलान किया है। साथ ही उन्होंने साफ किया है कि हर हाल में शिक्षकों को पूरी ईमानदारी से बच्चों को पढ़ाना होगा। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने शुक्रवार को रामगढ़ में कहा कि शिक्षा विभाग सरस्वती माता का मंत्रालय है, यहां लक्ष्मी माता की आराधना नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि महिला शिक्षकों की पदस्थापना उनके निकटतम पंचायत में जबकि पुरुष शिक्षकों की पोस्टिंग निकटतम प्रखंड में होगी। सास-ससुर कैमूर में है



और बहू मधेपुरा में है। इसलिए मैंने ऐसा उपाय लगाया है कि किसी को कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उनके (शिक्षक) मोबाइल पर 25 जून के बाद एक नोटिफिकेशन जाएगा। उसमें जिला सेलेक्ट करना है जिसके बाद शिक्षक उस जिले में ऑटोमेटिक चले आएंगे। इस दौरान मिथिलेश तिवारी ने शिक्षकों को चेतावनी देते हुए कहा कि अब एआई मॉनिटरिंग की जाएगी। स्कूल की बाउंड्री से बाहर शौच के लिए भी जाने पर आधे दिन का हाजिरी चला जाएगा। एक घंटा तक गायब रहने पर पूरे दिन की हाजिरी चली जाएगी। नौकरी को गंभीरता से करना होगा। श्री तिवारी ने कहा कि शिक्षक अब शिक्षा विभाग के पोर्टल पर हाजिरी दर्ज कराएंगे। शिक्षकों का मूल्यांकन छात्रों की प्रगति रिपोर्ट के आधार पर होगा। एक पद-एक शिक्षक एक स्वीकृति पत्र पर एक ही शिक्षक की नियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री ने कहा कि हम शिक्षकों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखेंगे परंतु पढ़ाई में शिथिलता नहीं होगी।

## तख्त श्री हरमंदिर साहिब में पूर्व सीएम नीतीश कुमार ने टेका मत्था

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्यसभा सांसद सह पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की जन्मस्थली तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब पहुंचे जहां उन्होंने दरबार साहिब में हाजिरी लगाई और मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। तख्त साहिब पहुंचने पर जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह और ग्रंथियों ने उन्हें सिरोपा देकर आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने दरबार साहिब में शब्द कीर्तन सुनते हुए कुछ समय श्रद्धापूर्वक व्यतीत किया। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार सहित पूरे देश में शांति, सद्भाव और विकास की कामना की। उन्होंने गुरुघर से जुड़े विकास कार्यों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए चल रही परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी भी ली। इस



अवसर पर तख्त प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही और महासचिव इंद्रजीत सिंह ने उनका स्वागत किया तथा उन्हें गुरु साहिब के जीवन दर्शन से जुड़ी पुस्तकें और प्रतीक चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने वहां मौजूद सिख संगत का भी अभिवादन स्वीकार किया।

## क्रिकेटर मुकेश कुमार और आकाश दीप बनेंगे डीएसपी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने राज्य के दो स्टार क्रिकेटरों मुकेश कुमार और आकाश दीप को बड़ा सम्मान देने का फैसला लिया है। बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति (संशोधन) नियमावली, 2026 के तहत दोनों खिलाड़ियों को सीधे पुलिस उपाधीक्षक पद पर नियुक्त करने की अनुशंसा की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव सिद्धेश्वर चौधरी ने इस संबंध में गृह विभाग को प्रस्ताव भेज दिया है। चयन समिति ने भी दोनों खिलाड़ियों के नाम पर अपनी मंजूरी दे दी है।

## पटना को सीएम सम्राट चौधरी ने 286 करोड़ की योजनाओं की दी सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को नगर विकास एवं आवास विभाग की 286 करोड़ रुपये से अधिक की 157 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने पटना के भविष्य को लेकर बड़ा विजन पेश करते हुए कहा कि राजधानी के विस्तार के लिए 66 हजार एकड़ क्षेत्र में पाटलिपुत्र नाम से नया शहर बसाया जाएगा जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित होगा। मुख्यमंत्री ने 238.75 करोड़ रुपये की 114 योजनाओं का उद्घाटन तथा 47.48 करोड़ रुपये की 43 योजनाओं का शिलान्यास किया। पटना नगर निगम क्षेत्र में 3.03 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और 17.17 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया। इस अवसर पर पटना स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत रिवर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, ग्रीन एरिया डेवलपमेंट, गार्डन और पाथवे का



उद्घाटन किया गया। वहीं मीठापुर में 10.68 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित जी प्लस थ्री कॉमन सर्विस सेंटर का भी लोकार्पण किया गया। इस भवन में बैंक, पार्लर, ओपन एयर कैफ़े समेत विभिन्न नागरिक सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहरों को व्यवस्थित और आधुनिक बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि कचरा प्रबंधन की स्थिति में काफी सुधार हुआ है और अगले छह महीने में कचरा निस्तारण की व्यवस्था और बेहतर हो जाएगी। मार्च तक शहर में कचरे के सभी बड़े ढेर समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने बरसात को देखते हुए अगले पांच दिनों में बड़े नालों के निर्माण कार्य अस्थायी रूप से रोकने और मानसून के बाद दोबारा शुरू करने का निर्देश दिया।


अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए

क्यूआर कोड स्कैन कीजिए

आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

# नवीकरणीय और स्वच्छ ऊर्जा से बनेगा आत्मनिर्भर बिहार : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा और आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण में नवीकरणीय ऊर्जा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे पटना के ज्ञान भवन सभागार में आयोजित आईसीसी नवीकरणीय ऊर्जा एक्सपो 2026 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम केवल प्रदर्शनी नहीं, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा, सतत विकास और हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाला एक प्रभावी मंच है। उन्होंने आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम सरकार, उद्योग और



समाज को एक मंच पर लाकर नवाचार, संवाद और निवेश के नए अवसर उपलब्ध कराते हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। **प्रधानमंत्री सूर्य घर:** मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से आम लोगों को स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। बिहार भी इस दिशा में लगातार प्रगति कर रहा है और राज्य के हजारों परिवार सौर ऊर्जा अपनाकर अपनी बिजली आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ हरित ऊर्जा अभियान में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने वर्ष 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में व्यापक वृद्धि तथा वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इन राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति में बिहार की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उपलब्ध संसाधनों, सरकारी प्रोत्साहन और निजी क्षेत्र की भागीदारी से बिहार स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। डॉ. प्रेम कुमार ने कार्यक्रम में भाग लेने वाली विभिन्न कंपनियों, निर्माताओं, अभियांत्रिकी-क्रय-निर्माण साझेदारों, वितरकों, वित्तीय संस्थानों, निवेशकों और तकनीकी सहयोगियों की सराहना करते हुए बिहार में निवेश एवं तकनीकी विकास के अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिहार अब केवल ऊर्जा उपभोक्ता राज्य नहीं, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा और सौर उद्योग के उभरते केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। कार्यक्रम में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ, उद्योगपति, निवेशक, उद्यमी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# शाहपुर की घटना दुखद एवं चिंताजनक, दोषी कोई भी हो बख्शा न जाए : ऋतुराज सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने भोजपुर के शाहपुर में हुई दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भारत भूषण तिवारी की मृत्यु ने पूरे क्षेत्र को मर्माहत किया है। इस घटना को लेकर जनता के मन में जो सवाल और चिंताएं हैं, उनका निष्पक्ष उत्तर सामने आना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार द्वारा संबंधित पुलिसकर्मियों के निलंबन की त्वरित कार्रवाई स्वागतयोग्य है, लेकिन न्याय केवल प्रारंभिक कार्रवाई से पूरा नहीं होता। पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच आवश्यक है, ताकि सच्चाई सामने आए और किसी भी प्रकार की आशंका की गुंजाइश न



रहे। श्री सिन्हा ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस का दायित्व है, लेकिन किसी भी परिस्थिति में कानून से ऊपर कोई नहीं हो सकता। यदि जांच में अधिकारों के दुरुपयोग, लापरवाही अथवा निर्धारित प्रक्रिया के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल एक व्यक्ति की मृत्यु का नहीं, बल्कि जनता के कानून और न्याय व्यवस्था पर विश्वास से भी जुड़ा हुआ है। मुझे विश्वास है कि एनडीए सरकार इस मामले में निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ेगी। न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि होता हुआ दिखाई भी देना चाहिए। मुझे पूरा भरोसा है कि सत्य सामने आएगा, दोषी चाहे कोई भी हो उसे बख्शा नहीं जाएगा और पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा। श्री सिन्हा ने शाहपुर एवं भोजपुर की जनता से शांति और संयम बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि न्याय की मांग पूरी मजबूती से होनी चाहिए, लेकिन कानून का सम्मान और सामाजिक सौहार्द भी उतना ही आवश्यक है।

# एएन कॉलेज परिसर से हटेगा थाना, सीएम ने दी मंजूरी : डॉ रत्ना अमृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एएन कॉलेज प्रशासन द्वारा लंबे समय से उठाई जा रही दो महत्वपूर्ण मांगों को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्वीकृति दे दी है। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रत्ना अमृत ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि पहली मांग कॉलेज परिसर से पुलिस थाना हटाने की थी जबकि दूसरी मांग कॉलेज परिसर के समीप स्थित जल परिषद की अतिरिक्त भूमि को कॉलेज के लिए हस्तांतरित करने की थी। डॉ. रत्ना अमृत ने बताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दोनों मांगों को स्वीकार कर संबंधित प्रक्रिया शुरू कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि इन निर्णयों से कॉलेज के शैक्षणिक एवं आधारभूत ढांचे के विकास को नई गति मिलेगी। प्राचार्य ने बताया कि मुख्यमंत्री ने एएन कॉलेज को बिहार का शीर्ष महाविद्यालय बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रशासन मुख्यमंत्री की इस अपेक्षा को पूरा करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। डॉ. रत्ना अमृत ने कॉलेज की मांगों को स्वीकृति देने के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री के निर्णय का स्वागत करते हुए महाविद्यालय के शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भी प्रसन्नता जताई। उन्होंने सम्राट चौधरी और डॉ. रत्ना अमृत के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन फैसलों से महाविद्यालय के विकास का मार्ग और अधिक प्रशस्त होगा। शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उम्मीद जताई कि अतिरिक्त भूमि मिलने और परिसर से थाना हटने के बाद एएन कॉलेज में शैक्षणिक, शोध एवं अन्य विकासात्मक गतिविधियों के विस्तार के नए अवसर उपलब्ध होंगे तथा महाविद्यालय विकास के नए अध्याय लिखेगा।

# बिहार के स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में सीआइआइ की पहल

## उद्योग-स्टार्टअप संवाद सत्र में 24 से अधिक स्टार्टअप्स ने साझा किए अनुभव और चुनौतियां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में उद्यमिता, नवाचार और रोजगार सृजन को नई गति देने के उद्देश्य से भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) बिहार द्वारा एमिटी यूनिवर्सिटी, पटना में इंडस्ट्री-स्टार्टअप एंगेजमेंट सेशन एवं सीआईआई बिहार एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्टार्टअप टास्क फोर्स 2026-27 की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से आए 24 से अधिक स्टार्टअप्स, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, निवेशकों और स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योग और स्टार्टअप्स के बीच बेहतर संवाद स्थापित कर बिहार में उद्यमिता के लिए एक मजबूत और सहयोगात्मक वातावरण तैयार करना था। इस दौरान स्टार्टअप



संस्थापकों ने अपने उद्यमों की विकास यात्रा, उपलब्धियों और व्यवसाय विस्तार में आने वाली चुनौतियों को साझा किया। चर्चा के दौरान बाजार तक पहुंच, निवेश, तकनीकी नवाचार, मानव संसाधन और व्यवसाय विस्तार जैसे विषय प्रमुख रहे। सीआईआई बिहार के उद्योग प्रतिनिधियों ने कहा कि राज्य में स्टार्टअप्स को उद्योग जगत से जोड़ने, उन्हें मेंटरशिप उपलब्ध कराने और बाजार के अवसरों तक पहुंच बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में शामिल उद्योग विशेषज्ञों और स्टार्टअप संस्थापकों ने निवेश के अवसर, ब्रांड निर्माण, उद्योग साझेदारी और व्यवसाय विकास की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर सीआईआई बिहार स्टेट काउंसिल के चेयरमैन गौरव साह, पूर्व चेयरमैन प्रमोद शर्मा, डॉ. सत्यजीत कुमार सिंह, इमीडिएट वाइस चेयरमैन प्रिंस रंजन, एमिटी यूनिवर्सिटी पटना के कुलपति प्रो. (डॉ.) विवेकानंद पांडेय तथा टास्कफोर्स के सह-कन्वीनर विश्वजीत कुमार सहित कई उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विशेष पैनल चर्चा में विभिन्न सफल स्टार्टअप्स के संस्थापकों ने अपने अनुभव साझा किए। पैनलिस्ट्स ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद बिहार में सफल व्यवसाय स्थापित किए जा सकते हैं। उन्होंने नवाचार, दृढ़ संकल्प और ग्राहक-केंद्रित सोच को सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम में यह बात प्रमुखता से उभरकर सामने आई कि बिहार के स्टार्टअप्स को दीर्घकालिक मार्गदर्शन, संरचित मेंटरशिप और मजबूत उद्योग संपर्कों की आवश्यकता है। प्रतिभागियों ने माना कि राज्य में उद्यमिता गतिविधियों में तेजी आई है, लेकिन स्टार्टअप्स को निवेशकों, बाजार और उद्योग नेटवर्क तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराना जरूरी है।

# बिहार में हाइब्रिड वाहनों को मिलेगा बढ़ावा : मंत्री



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में प्रदूषण मुक्त और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था विकसित करने के लिए हाइब्रिड गाड़ियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार को जापानी वाहन निर्माता कंपनी टोयोटा के प्रतिनिधिमंडल ने परिवहन मंत्री दामोदर रावत से मुलाकात की। विश्वेश्वरैया भवन स्थित मंत्री के कक्ष में हुई अहम बैठक में टोयोटा कंपनी के प्रतिनिधियों ने राज्य में हाइब्रिड वाहनों की खरीदारी और उपयोग को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण चर्चा की। कंपनी ने हाइब्रिड वाहनों पर टैक्स छूट, विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं तथा एथेनॉल को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने कहा कि आने वाले समय में पेट्रोल और डीजल पर निर्भरता कम करना हमारी प्राथमिकता है। हाइब्रिड वाहन इस दिशा में बेहद महत्वपूर्ण साबित होंगे क्योंकि ये ईंधन की बचत के साथ-साथ प्रदूषण भी कम करते हैं।

# डॉ. प्रेम कुमार ने किया मानवता और अधिकारों की रक्षा का आह्वान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व शरणार्थी दिवस के अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शरणार्थियों के साहस, संघर्ष और मानवीय अधिकारों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि यह दिन उन लाखों लोगों के अदम्य साहस और धैर्य को नमन करने का अवसर है जिन्हें हिंसा, उत्पीड़न और संघर्ष के कारण अपना देश तथा घर छोड़ने के लिए विवश होना पड़ा। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा समर्पित यह विशेष दिवस शरणार्थियों के प्रति सहानुभूति प्रकट करने, उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने तथा वैश्विक समाज के सामूहिक दायित्वों को निभाने की प्रेरणा देता है।



उन्होंने कहा कि शरणार्थियों की पीड़ा केवल किसी एक देश या क्षेत्र का विषय नहीं है, बल्कि यह पूरी मानवता के लिए चिंता और संवेदना का विषय है। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति ने सदैव 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत को आत्मसात किया है। भारतीय परंपरा ने हर कालखंड में संकटग्रस्त लोगों को आश्रय, सुरक्षा और सम्मान प्रदान करने का कार्य किया है। यही मानवीय दृष्टिकोण भारत की सांस्कृतिक पहचान और वैश्विक संदेश का आधार है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विश्व शरणार्थी दिवस हमें ऐसे शांतिपूर्ण, सुरक्षित और न्यायपूर्ण विश्व के निर्माण का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है जहां किसी भी निर्दोष व्यक्ति को अपना घर न छोड़ना पड़े और प्रत्येक मनुष्य को सम्मान, सुरक्षा तथा गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार प्राप्त हो। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से शरणार्थियों और विस्थापित लोगों के प्रति संवेदनशीलता, सहयोग और मानवीय दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया।

# ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क मंत्री ने किया क्लिनिक का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने शुक्रवार को पटना के कंकड़बाग पीसी कॉलोनी स्थित डॉ. स्वप्निल के क्लिनिक का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने डॉ. स्वप्निल के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस क्लिनिक में डायबिटिज, थायरॉयड और एंडोक्राइनालॉजी की बेहतर इलाज होगी। इससे लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। इस मौके पर सुल्तानगंज के विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल एवं विधान



परिषद सदस्य एवं मुख्य सचेतक बिहार विधान परिषद संजय गांधी सहित अन्य मौजूद थे।

## राहुल गांधी के 56वें जन्मदिन पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में भव्य समारोह

# लोकतंत्र, संविधान और युवाओं के सच्चे रक्षक हैं राहुल गांधी : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जननायक राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में हर्षोल्लास के साथ कांग्रेसजनों के द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने केक काटकर राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और पार्टीजनों को केक खिलाया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि राहुल गांधी देश की लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय, संविधान और आम जनता




के अधिकारों की लड़ाई के सबसे सशक्त एवं प्रतिबद्ध नेता हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार देश के युवाओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं एवं वंचित वर्गो की आवाज को मजबूती से उठाते रहे हैं। उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी देश में भाईचारे, समानता और लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा के लिए संघर्षरत है। जेन जी के बीच राहुल गांधी की लोकप्रियता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के युवा और छात्र उन्हें अपना नेता मानते हैं और वे उनके हक के लिए लगातार सड़क से लेकर सदन तक संघर्षरत रहते हैं।

# युवाओं को रोजगार देकर आत्मनिर्भर बिहार बनाने की जरूरत : डॉ. अशोक वर्मा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय सहयोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा है कि बिहार का युवा राज्य की सबसे बड़ी ताकत है, लेकिन सरकार की कमजोर नीतियों के कारण युवाओं को रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों की ओर पलायन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ प्रभावी कदम उठाए तो बिहार को बेरोजगारी की समस्या से काफी हद तक मुक्त किया जा सकता है। शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में डॉ. वर्मा ने कहा कि बिहार के युवाओं में प्रतिभा और क्षमता की कोई कमी नहीं है। जरूरत केवल ऐसे माहौल और अवसरों की है जहां उन्हें अपने ही राज्य में रोजगार और स्वरोजगार के पर्याप्त अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर बिहार का सपना तभी साकार होगा जब युवाओं को अपने घर और गांव के आसपास ही सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। डॉ. वर्मा ने सरकार के समक्ष रोजगार सृजन के लिए तीन सूत्री फॉर्मूला भी रखा। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, तकनीकी शिक्षा को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप बनाया जाए तथा स्वरोजगार योजनाओं को पूरी तरह पारदर्शी और भ्रष्टाचारमुक्त किया जाए। उनका दावा है कि इन तीन बिंदुओं पर गंभीरता से काम होने पर बिहार के युवाओं को राज्य के भीतर ही रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। राष्ट्रीय सहयोग पार्टी अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मांग की कि युवाओं के पलायन को रोकने के लिए तत्काल ठोस कार्ययोजना बनाई जाए और गांव-गांव रोजगार सृजन की पहल शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी जनहित और विकास से जुड़े हर सकारात्मक कदम में सरकार का समर्थन करेगी। डॉ. वर्मा ने कहा कि बिहार के युवा ही आत्मनिर्भर और विकसित बिहार की मजबूत नींव रख सकते हैं, बशर्ते उन्हें उचित अवसर और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

# केवाइपी केंद्रों के नवीकरण एवं नामांकन शीघ्र प्रारंभ करने की मांग को लेकर उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वैशाली/पटना।** राज्यभर के कुशल युवा कार्यक्रम केंद्रों की समस्याओं एवं लंबित नवीकरण प्रक्रिया को लेकर केवाईपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राज्य के लगभग 1800 केवाईपी केंद्रों का नवीकरण शीघ्र कराने तथा नए बैचों के नामांकन की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि नवीकरण एवं नामांकन प्रक्रिया में विलंब होने के कारण हजारों छात्र-छात्राएं कौशल प्रशिक्षण से वंचित हैं। वहीं केंद्र संचालकों को भी आर्थिक एवं प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्येक वर्ष जून माह के अंतिम सप्ताह तक नए बैचों का नामांकन प्रारंभ हो जाता था, लेकिन इस वर्ष अब तक कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं होने से असमंजस की स्थिति बनी हुई है। डॉ. आनंद रंजन झा ने उपमुख्यमंत्री से



अनुरोध किया कि केवाईपी केंद्रों का नवीकरण एवं नामांकन प्रक्रिया यथाशीघ्र प्रारंभ कराई जाए, ताकि छात्रों के भविष्य और केंद्रों के संचालन पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को रोका जा सके। ज्ञापन सौंपने के क्रम में केवाईपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा, ट्रेजरर राकेश कुमार सिन्हा तथा अन्य केवाईपी केंद्र संचालक उपस्थित रहे। सभी ने राज्य सरकार से इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक पहल की अपेक्षा जताई।

# डाबर ग्लूकोज ने युवा एथलीट्स को बढ़ावा देने के लिए लांच किया एनर्जाइज इंडिया कैंपेन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** डाबर की ओर से इंस्टेन्ट एनर्जी ड्रिंक डाबर ग्लूकोज ने युवाओं में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने तथा देश भर की स्पोर्ट्स एकेडमियों के युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए एक कैंपेन एनर्जाइज इंडिया लांच किया है। इस कैंपेन के तहत डाबर ग्लूकोज ने पाटलिपुत्रा कॉलोनी स्थित पाटलिपुत्रा टेनिस सेंटर में एनर्जी एवं स्टैमिना मैनेजमेन्ट पर एक विशेष जागरुकता सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर डाबर इंडिया लिमिटेड के सीएसआर एवं कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस हेड ब्यास आनंद एवं पाटलिपुत्रा टेनिस सेंटर के मुख्य कोच राजन कुमार मौजूद रहे। सत्र के दौरान एथलीट्स को उन्होंने बताया कि किस तरह से वे खेल के दौरान अपने परफोर्मेन्स को बेहतर बना सकते हैं और अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग कर सकते हैं।

# पैक्सों के माध्यम से धान बीज उत्पादन का पायलट प्रोजेक्ट शुरू

## राज्य के छह जिलों रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, गया, भोजपुर एवं सिवान के लिए है यह योजना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा किसानों को कम लागत पर बेहतर बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहकारिता विभाग ने खरीफ वर्ष 2026-27 में पैक्सों के माध्यम से धान बीज उत्पादन का कार्य पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। इस योजना की शुरुआत राज्य के छह जिलों रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, गया, भोजपुर एवं सिवान में की जाएगी। सहकारिता विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार राष्ट्रीय सहकारी बीज समिति (बीबीएसएसएल) की सदस्यता प्राप्त पैक्सों को इस योजना से जोड़ा जाएगा। योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को गुणवत्तापूर्ण प्रमाणित बीज उपलब्ध कराना तथा बीज उत्पादन के क्षेत्र में सहकारी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। कृषि विभाग द्वारा पूर्व से संचालित बिहार राज्य बीज निगम (बीआरबीएन) एवं बिहार स्टेट सीड ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन एजेंसी (बसोका) के सहयोग से बीज उत्पादन की प्रक्रिया संचालित की जाएगी। इसके लिए बसोका में निबंधित किसानों की सूची संबंधित जिलों को उपलब्ध कराई गई है जिसके आधार पर चयनित प्रखंडों में पैक्सों के माध्यम से बीज उत्पादन का कार्य कराया जाएगा। सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि बिहार में सहकारिता के माध्यम से कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने की दिशा में यह सहकारिता विभाग की एक महत्वपूर्ण पहल है। पैक्सों को केवल धान अधिप्राप्ति तक सीमित न रखकर उन्हें किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का केंद्र बनाया जा रहा है। बीज उत्पादन के क्षेत्र में पैक्सों की भागीदारी से किसानों को स्थानीय स्तर पर प्रमाणित एवं गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध होंगे जिससे उत्पादन लागत घटेगी और उपज में वृद्धि होगी। सहकारिता विभाग ने संबंधित जिलों के जिला सहकारिता पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे जिला कृषि पदाधिकारियों तथा भारतीय बीज सहकारी समिति के साथ समन्वय स्थापित कर निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप समयबद्ध ढंग से बीज उत्पादन कार्य संपादित कराना सुनिश्चित करें।

# बिहार कृषि ऐप अन्नदाताओं के लिए साबित हो रहा वरदान : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व कृषि एवं स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा किसानों की सुविधा के लिए 'बिहार कृषि ऐप' लांच करने और 'खेत बचाओ अभियान' चलाने के ऐतिहासिक निर्णय की मैं हृदय से सराहना करता हूं। 'बिहार कृषि ऐप' के माध्यम से अब किसान घर बैठे ही उद्यानिकी फसलों पर 75 प्रतिशत तक अनुदान के लिए आवेदन कर सकेंगे। यह तकनीक का उपयोग कर किसानों को भ्रष्टाचार और दलालों से मुक्त करने की दिशा में बड़ा कदम है। साथ ही मिट्टी के स्वास्थ्य और कृषि लागत को कम करने के लिए चलाया जा रहा 'खेत बचाओ अभियान' आने वाले समय में बिहार के किसानों की आय दोगुनी करने में मील का पत्थर साबित होगा। श्री पांडेय ने कहा कि मैं बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के किसान हितैषी निर्णयों की प्रशंसा करता हूं। उनके नेतृत्व में बिहार कृषि के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मैं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उस विजन की भी सराहना करता हूं जिसकी नींव पर आज बिहार में कृषि क्रांति आ रही है। किसानों के हित में उनके द्वारा चलाई गई योजनाएं आज भी प्रेरणा देती हैं और सबसे ऊपर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र से प्रेरित होकर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना ने देश के किसान को आत्मनिर्भर बनाया है।

# श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायेगा स्वास्थ्य विभाग : निशांत

## बांका, भागलपुर, जमुई एवं मुंगेर सहित अन्य संबंधित जिलों को जारी किए गए आवश्यक निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** श्रावणी मेला 2026 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। श्रद्धालुओं को मेले के दौरान गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग द्वारा सभी संबंधित जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने, अस्थायी स्वास्थ्य शिविरों की स्थापना, चिकित्सकीय मानव संसाधन की उपलब्धता तथा आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि 30 जुलाई 2026 से प्रारंभ होने वाले श्रावणी मेला के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, एम्बुलेंस सेवाओं तथा आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने बांका, भागलपुर, जमुई, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, सारण, वैशाली, दरभंगा, पूर्वी चम्पारण, जहानाबाद, लखीसराय, मधुबनी, समस्तीपुर एवं सिवान सहित श्रावणी मेला से जुड़े सभी जिलों के सिविल सर्जनों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में की जा रही तैयारियों का विस्तृत प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराएं। साथ ही सुल्तानगंज-देवघर कांवरिया पथ एवं राज्य के अन्य प्रमुख मेला क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। विभागीय निर्देशों के अनुसार कांवरिया मार्ग एवं प्रमुख मेला क्षेत्रों में प्रत्येक दो से तीन किलोमीटर की दूरी पर अस्थायी स्वास्थ्य शिविर स्थापित किए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं को आवश्यकता पड़ने पर तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सके।

# लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाएं : डीआईजी

## छह माह पुराने मामलों को 15 दिनों में निपटाने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद रेंज के डीआईजी डॉ. सत्यप्रकाश ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में रोहतास जिले के लंबित कांडों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने पुलिस अधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का सख्त निर्देश देते हुए कहा कि छह माह से अधिक पुराने कांड किसी भी स्थिति में लंबित नहीं रहने चाहिए। लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारियों और अनुसंधान अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा बैठक में रोहतास के पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार, एसडीपीओ अतुलेश झा, संजीव कुमार, राजीव रंजन, सिंधु शेखर सहित विभिन्न पुलिस निरीक्षक उपस्थित रहे। डीआईजी ने डिहरी, सासाराम और बिक्रमगंज अनुमंडलों के अपराध आंकड़ों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान हत्या, लूट, डकैती, दुष्कर्म, बालू तस्करी तथा अवैध शराब से जुड़े लंबित मामलों की एक-एक कर जांच की गई। डीआईजी ने निर्देश दिया कि छह माह से पुराने सभी लंबित मामलों का निष्पादन 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए प्रत्येक थाने को लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि फर्जी या अधूरी जांच करने वाले अनुसंधान अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी तथा साक्ष्यों के आधार पर ही चार्जशीट दाखिल की जाए। बैठक में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया। डीआईजी ने संवेदनशील क्षेत्रों में दिन-रात गश्ती बढ़ाने, थाना आने वाले लोगों के साथ बेहतर व्यवहार करने तथा उनकी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क को सक्रिय रखने, थाना परिसर, मालखाना और हवालात की नियमित साफ-सफाई बनाए रखने तथा सीसीटीवी कैमरे और कंप्यूटर सिस्टम को 24 घंटे संचालित रखने को कहा। डीआईजी डॉ. सत्यप्रकाश ने कहा कि पुलिस का मुख्य दायित्व अपराध पर अंकुश लगाना और पीड़ितों को न्याय दिलाना है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं रोहतास एसपी रौशन कुमार ने डीआईजी को आश्वस्त किया कि उनके सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए विशेष अभियान और स्पेशल कैंप भी चलाए जाएंगे।

# अज्ञात युवक के शव की हुई पहचान, भाई ने दोस्तों पर जताया हत्या का शक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के एनिकट रोड स्थित दुर्गा मंदिर के पीछे झाड़ियों से गुरुवार की शाम बरामद अज्ञात युवक के शव की पहचान की गई। मृतक की पहचान औरंगाबाद जिले के अंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलबिगहा निवासी सतेंद्र चौधरी के 18 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार के रूप में हुई है। मामले में मृतक के बड़े भाई ने उसके तीन दोस्तों पर हत्या की आशंका जताते हुए डिहरी नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार रौशन कुमार का शव मिलने की सूचना पर उसके बड़े भाई रंजन कुमार गुरुवार रात डिहरी पहुंचे। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। शव लेकर घर लौटने के दौरान रंजन कुमार ने पुलिस को आवेदन देकर अपने भाई की हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की। रंजन कुमार ने बताया कि वह औरंगाबाद शहर के पोखरा मोहल्ला स्थित तेजू यादव के मकान में देवी स्थान के पास किराये पर रहता है। उसने आरोप लगाया कि उसके भाई रौशन कुमार के साथ हमेशा रहने वाले तीन युवक बादल कुमार (शाहपुर मोहल्ला, औरंगाबाद), पलास उर्फ काली (ठाकुरबाड़ी मोहल्ला, औरंगाबाद) तथा जोलू (पोरवरा मोहल्ला, औरंगाबाद) अक्सर उसके साथ रहते थे और शराब का सेवन करते थे। उसे शक है कि इन तीनों के साथ किसी अन्य अज्ञात व्यक्ति की भी घटना में संलिप्तता हो सकती है। परिजनों ने बताया कि रौशन डिहरी क्यों आया था, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। वहीं, पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा चुका है तथा प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपितों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस हर बिंदु पर गहन जांच में जुटी हुई है।

# लूट व चोरी के मामले में पांच गिरफ्तार, बाइक व मोबाइल बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** रोहतास पुलिस ने 19 जून 2026 को तीन अलग-अलग कांडों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए लूट व वाहन चोरी के मामलों का उद्भेदन किया। पहली कार्रवाई में काराकाट थाना कांड संख्या 193/2026 व बिक्रमगंज कांड संख्या 327/2026 के अप्राथमिकी अभियुक्त राजू रंजन पासवान (24) व अजीत कुमार (19), दोनों निवासी धारूपुर, बिक्रमगंज को गिरफ्तार किया गया। 18 जून को गुप्त सूचना पर करथ बाजार से राजू रंजन को पकड़ा गया जिसने पूछताछ में साथी अजीत कुमार, विकास यादव व मुन्ना राजवार के साथ लूट की घटना कबूल की। उसकी निशानदेही पर तेंदुनी चौक से अजीत को गिरफ्तार किया गया। विकास यादव की झोपड़ी से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व लूटा गया मोबाइल तथा राजू के घर से बिक्रमगंज कांड संख्या 327/2026 में लूटा मोबाइल बरामद हुआ। राजू रंजन पर पूर्व में बिक्रमगंज थाना में लूट व उत्पाद अधिनियम के दो मामले दर्ज हैं। दूसरी कार्रवाई में बिक्रमगंज कांड संख्या 392/26 में कोचिंग से लौट रहे छात्र से चेन-लॉकेट लूटने वाले प्राथमिकी अभियुक्त रवि सरकार उर्फ रवि पासवान व सिंकू पटेल, दोनों निवासी बिक्रमगंज को 17 जून को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने लूटी गई चेन भाग्य लक्ष्मी ज्वेलर्स के मालिक शत्रुधन कुमार सोनी को बेचने की बात स्वीकारी जिसे 18 जून को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने 500 रुपये नकद, चार ब्लेड के टुकड़े व घटना में प्रयुक्त बुलेट बरामद की। रवि पासवान पर लूट व चोरी के चार आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। तीसरी कार्रवाई में बिक्रमगंज कांड संख्या 397/26 में 15 जून को रजिस्ट्री ऑफिस के पास से चोरी गई पल्सर बाइक को 19 जून को धोसिया कला रेलवे अंडरपास से लावारिस हालत में बरामद किया गया। हालांकि इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। इन तीनों कार्रवाईयों में थानाध्यक्ष विवेक कुमार, पु0अ0नि0 विकास कुमार, राजेश कुमार, प्रवीण कुमार सहित काराकाट व बिक्रमगंज थाने की पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने बताया कि रोहतास पुलिस अपराध नियंत्रण के लिए लगातार तत्पर है।

## हेडमास्टर के घर से 10 लाख के आभूषणों की चोरी

**सासाराम (नबिटा सं.)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बनरसिया में एक हेडमास्टर के घर में 10 लाख रुपये से अधिक के आभूषणों की चोरी हो गई। यह घटना तब हुई जब हेडमास्टर दिलीप कुमार राम अपने परिवार के साथ गर्मी की छुट्टी पर बाहर गए हुए थे।

# 120 लीटर महुआ शराब जब्त, तीन हजार लीटर महुआ जावा नष्ट, दो नाबालिग पकड़े गए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर थाना पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के मथुरी सोन नहर के समीप छापेमारी कर 120 लीटर महुआ शराब जब्त की तथा लगभग 3000 लीटर महुआ पॉस को नष्ट कर दिया। कार्रवाई के दौरान शराब निर्माण में संलिप्त पाए गए दो नाबालिगों को पुलिस ने अभिरक्षा में लिया है। थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मथुरी सोन नहर के पास अवैध रूप से महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए एसआई दिवाकर कुमार, सागर कुमार तथा अशोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की जहां से 120 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई और शराब बनाने के लिए तैयार किए गए लगभग 3000 लीटर महुआ पॉस को विनष्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मौके पर शराब निर्माण करते हुए नई डीलियां निवासी दो नाबालिगों को पकड़ा गया है। मामले की जांच के दौरान शराब कारोबार से जुड़े दो अन्य लोगों की पहचान भी कर ली गई है। उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने कहा कि अवैध शराब के निर्माण और कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## किशोर लापता

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के राजपूतान मोहल्ला निवासी विजय सिंह ने 16 वर्षीय अपने पुत्र के 15 जून की रात से घर से बिना किसी को बताये घर से चले जाने की प्राथमिकी किया है। उसने अपनी मां के मोबाइल पर मैसेज भेजा है कि मैं बाहर काम करने जा रहा हूं, लेकिन उसके बाद उससे संपर्क नहीं हो पा रहा है।

# ऑपरेशन 'यात्री सुरक्षा' के तहत बड़ी सफलता, पांच माह में 80 चोर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों की सुरक्षा एवं उनके सामानों की संरक्षा के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के तहत उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के निर्देशन तथा वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर के नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान वर्ष 2026 में मई माह तक यात्री सामान चोरी के मामलों में संलिप्त कुल 80 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। आरपीएफ द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गिरफ्तार अपराधियों में आरपीएफ पोस्ट गया द्वारा 47, डिहरी ऑन सोन द्वारा 18, डीडीयू द्वारा 8, सासाराम द्वारा 3, रफीगंज द्वारा 3 तथा जपला द्वारा 1 अपराधी को चोरी की संपत्ति के साथ पकड़ा गया है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 63 प्रतिशत अधिक है जो यात्रियों की सुरक्षा के प्रति आरपीएफ की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बताया गया कि पोस्टों एवं अपराध आसूचना शाखा के बीच बेहतर समन्वय, सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण, मुखबिर तंत्र तथा प्रभावी निगरानी के कारण कई महत्वपूर्ण मामलों का सफल उद्भेदन किया गया। गिरफ्तार किए गए कई अपराधी पूर्व में भी चोरी की घटनाओं में संलिप्त रह चुके हैं। सभी आरोपितों को विधिसम्मत कार्रवाई के लिए संबंधित एजेंसियों को सौंप दिया गया है। वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर ने कहा कि रेलवे परिसरों को अपराधमुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए सीसीटीवी निगरानी, मुखबिर तंत्र तथा नियमित अभियान के माध्यम से अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। आरपीएफ ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा के दौरान अपने सामान पर सतत निगरानी रखें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत रेलवे के निःशुल्क एकीकृत हेल्पलाइन नंबर 139 अथवा निकटतम आरपीएफ कर्मी को दें। यात्रियों के सहयोग से ही रेलवे परिसरों को और अधिक सुरक्षित बनाया जा सकता है।

# सासाराम अंतर्गत चौसा मार्ग पर सोन नहर पर बने पुल के गर्डर में दरार पर पथ निर्माण विभाग ने लिया संज्ञान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** विभिन्न समाचार माध्यमों और स्थानीय निरीक्षण के माध्यम से पथ निर्माण विभाग के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि सासाराम में चौसा मार्ग पर सोन नहर के ऊपर बना लगभग 50 वर्ष पुराने पुल के एक गडर में दरारें आ गई है। जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 28 मीटर लंबे इस पुल की वर्तमान स्थिति को देखते हुए तत्काल प्रभाव से इस पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है। फिलहाल हल्के वाहनों के आवागमन की अनुमति रहेगी। पुल को हुए नुकसान को अविलंब ठीक करने हेतु बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के विशेषज्ञों द्वारा जांच की गई है। प्राक्कलन प्राप्त होने के उपरांत शीघ्र ही मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# अकोढ़ा में आपसी विवाद के बाद मारपीट, तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** दावथ थाना क्षेत्र के आकोढ़ा गांव में शुक्रवार को आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया जिसके बाद पुलिस ने मारपीट मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष मनीष कुमार पंजियार ने बताया कि गांव में मुकेश शाह और धनजी शाह के परिजनों के बीच हुए विवाद में मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्ष के लोग जख्मी हुए। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए छापेमारी कर प्रथम पक्ष के मुकेश शाह तथा दूसरे पक्ष के धनजी शाह और उपेंद्र शाह को गिरफ्तार किया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर डिहरी में होगा भव्य योग समारोह, लोगों से सहभागिता की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** पतंजलि योगपीठ के तत्वावधान में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह 21 जून 2026 को डिहरी के एनिकट स्थित पतंजलि आदर्श योग कक्षा परिसर में धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। इस संबंध में आयोजित बैठक के बाद पतंजलि जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद ने बताया कि योग दिवस समारोह को सफल बनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने डिहरी नगर के सभी भाई-बहनों, युवाओं एवं बच्चों से कार्यक्रम में पहुंचकर योगाभ्यास करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 'हर रोग का इलाज योग है' और नियमित योगाभ्यास से शरीर एवं मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने बताया कि पतंजलि द्वारा प्रतिदिन निःशुल्क योगाभ्यास कराया जाता है तथा विभिन्न रोगों के लिए अलग-अलग योग शिविरों का भी आयोजन किया जाता है जहां विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में योग सिखाया जाता है। बैठक में उपस्थित योग शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह को भव्य और सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पतंजलि जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद, योग शिक्षक प्रभूनारायण शर्मा, योग शिक्षक जितेंद्र सिंह, योग प्रशिक्षक राजेश्वर सिंह, ददन राय, मनोज कुमार निरंकारी, सरोज कुमार, संजय कुमार, मुराली सिंह, बबन सिंह, अजय सिंह, सतेंद्र सिंह, भगवान सिंह, शशिभूषण, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, अजय सिंह कुशवाहा, राजेश कुमार सिंह, ललन चौधरी, योगेंद्र पाल, दयाशंकर प्रसाद तथा राजू सोनू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने तथा योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।


पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूंचना सं०:- टी.एम.3/यू.एस.एफ.डी./आउटसोर्स/2026 दिनांक : 17.06.2026

उप मुख्य अभियन्ता (ट्रैक मशीन) प्लान्ट डिपो, पूर्व मध्य रेलवे, डीडीयू द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनके पसकार के रूप में निम्नलिखित कार्य के लिए प्रतिष्ठित फर्मों से ऑन लाईन (ई-निविदा) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

ई-निविदा बंद होने की तिथि : 08/07/2026

**1. कार्य का नाम एवं लोकेशन :** टी.एम.3_यू.एस.एफ.डी.आउटसोर्स_2025- पूर्व मध्य रेलवे के नामित मार्गों पर ठेकेदार के स्वयं के वेल्ड टेस्टर और ऑपरेटरों द्वारा एसकेवी/एटी वेल्ड्स की अल्ट्रासोनिक जाँच, जिसमें वेल्ड्स की हैंड प्रोबिंग (फ्लैंज टेस्टिंग) भी शामिल है, भारतीय रेल मानक विनिर्देश "रेल/वेल्ड्स की अल्ट्रासोनिक जाँच' (संशोधित-2020, दस्तावेज संख्या T-53) तथा "रेल वेल्ड्स की अल्ट्रासोनिक जाँच हेतु मैनुअल" (संशोधित-2022, नवीनतम संशोधन सहित) जो RDSO द्वारा जारी किया गया है, के अनुसार। निविदा प्रपत्र का मूल्य - शून्य, **2. कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 1,76,30,250.00, **3. जमानत राशि :** रू० 3,52,700/-, **4. ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 08.07.2026, 15:00 बजे तक, **5. वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकता है :** www.ireps.gov.in

उप मुख्य इंजीनियर (ट्रैक मशीन)
प्लांट डिपो, डी.डी.यू.
पीआर/0418/डीडीयू/इंजी०/टी/26-27/40


# तीन जुलाई तक सभी राज्यों में राज्य परिषद की बैठक

## संगठनात्मक चुनाव संपन्न कराने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा देश के सभी प्रदेश अध्यक्षों को पत्र जारी कर 3 जुलाई 2026 तक राज्य परिषद की बैठक आयोजित करने तथा राज्य कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न कराने का निर्देश दिया गया है। जारी पत्र में कहा गया है कि सभी प्रदेश इकाइयां निर्धारित समय-सीमा के भीतर राज्य परिषद की बैठक बुलाते हुए लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी तरीके से संगठनात्मक चुनाव संपन्न कराएं। इसके लिए प्रदेश स्तर पर तिथि, समय एवं स्थान निर्धारित कर पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के भीतर राष्ट्रीय नेतृत्व को सूचित करने को कहा गया है। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं लोकतांत्रिक बनाने के उद्देश्य से यह प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक राज्य में निर्वाचन पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की जाएगी। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) का मानना है कि मजबूत संगठन ही जनता की अपेक्षाओं को प्रभावी ढंग से पूरा कर सकता है। इसी उद्देश्य से देशभर में संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

# मोहर्रम को लेकर सद्भावना समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** नगर पंचायत काराकाट गोड़ारी में आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से नगर सद्भावना समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी काराकाट-सिमाव मतीन ने की। उन्होंने सभी समुदायों से आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन मोहर्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट, स्वच्छता पदाधिकारी मोईन, प्रिंस कुमार, एस आई मंजित कुमार, वार्ड पार्षद संतोष तिवारी, सुरेश माली, विनेशकांत तिवारी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संतोष यादव, शिक्षक अनिल कुमार पासवान समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक में मोहर्रम जुलूस के मार्ग, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, बिजली और यातायात प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यपालक पदाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि ताजिया जुलूस के रूट पर सड़कों की मरम्मत, लाइट की पर्याप्त व्यवस्था और स्वच्छता सुनिश्चित की जाए। साथ ही असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने और अफवाहों से बचने की सलाह दी गई। सभी उपस्थित सदस्यों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि गोड़ारी की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखते हुए मोहर्रम का त्योहार आपसी प्रेम और एकता के साथ मनाया जाएगा।

# राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार और लापरवाही पर फिर चला राजस्व मंत्री का डंडा

## 10 अधिकारियों के खिलाफ हुई कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और प्रशासनिक अनियमितताओं के खिलाफ कार्रवाई का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। विभागीय मामलों की समीक्षा के क्रम में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने शुक्रवार को 10 और अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई, आरोप पत्र गठन तथा विभागीय एवं अनुशासनिक कार्यवाही को स्वीकृति प्रदान की। इस तरह राजस्व विभाग द्वारा एक माह में करीब 60 अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि जनता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, भ्रष्टाचार अथवा पद के दुरुपयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सबसे चर्चित मामलों में पटना सिटी की भूमि सुधार उप समाहर्ता अभिलाषा सिन्हा का मामला है। दाखिल-खारिज अपील वाद के निष्पादन के एवज में बिचौलिये के माध्यम से 15 लाख रुपये रिश्वत लेने के आरोप में उनके विरुद्ध आरोप पत्र गठित करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग को निलंबन की अनुशंसा की गई है। इसी प्रकार हाजीपुर के तत्कालीन अंचल अधिकारी मुकुल कुमार झा के विरुद्ध निगरानी थाना में दर्ज भ्रष्टाचार संबंधी कांड के आधार पर आरोप पत्र गठित किया गया है। वहीं औरंगाबाद के सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी नीलकमल कुमार सिन्हा पर मुख्यालय के एक पदाधिकारी को ऑनलाइन माध्यम से रिश्वत देने का प्रयास करने के आरोप में अनुशासनिक कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया गया है। सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर के राजस्व अधिकारी विश्वामित्र खरवार पर बिना अभिलेखीय साक्ष्य के आवेदन अस्वीकृत करने तथा अमीन के माध्यम से पांच हजार रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में आरोप पत्र गठित किया गया है। किशनगंज सदर के अंचल अधिकारी राहुल कुमार पर दाखिल-खारिज मामलों को गलत तरीके से अस्वीकृत करने और भू-अभिलेखों की समुचित जांच किए बिना सरकारी भूमि को रैयती घोषित करने के आरोप पाए गए हैं। उनके विरुद्ध भी विभागीय कार्रवाई शुरू की गई है। पटना के संपतचक अंचल अधिकारी अमित कुमार पर दाखिल-खारिज मामलों में अनावश्यक आपत्तियां लगाने, भू-मापी प्रतिवेदन के लिए लोगों को बेवजह कार्यालय बुलाने तथा परिमार्जन आवेदनों के निष्पादन में देरी करने के आरोप में आरोप पत्र गठित किया गया है। वहीं मुजफ्फरपुर के कुढ़नी के तत्कालीन राजस्व अधिकारी धीरज कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्यों में रुचि नहीं लेने, मुख्यालय से अनधिकृत अनुपस्थिति तथा दाखिल-खारिज मामलों में अनियमितता बरतने के आरोप में विभागीय आरोप पत्र स्वीकृत किया गया है। सहरसा में पदस्थापना के दौरान अतिक्रमण वादों में नियमों के अनुरूप आदेश नहीं देने तथा गलत तथ्यों के आधार पर वरीय अधिकारियों को गुमराह करने के आरोप में वर्तमान में बांका में पदस्थापित अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रंजीत कुमार के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही संचालित की जा रही है।


Govt. of Jharkhand

Department of Mines and Geology District- Garhwa

Notice Inviting E-Auction for Allocation of Sand ghats

(Through E-Procurement mode over https://www.jharkhandtenders.gov.in)

The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत Category-2 के बालूघाट/बालूघाटों के समूह कीई-नीलामी निम्न कार्यक्रमानुसार करायी जाएगी :-

1. ई-नीलामी कार्यक्रमः (पांचवी निविदा)

| NIT No. MINES GARHWA /SAND | बालूघाट या बालूघाटों के समूह जिसे एक इकाई बालू घाट मानते हुए नीलामी किया जाना है, की विवरणी। | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/-रू0+ GST in RCM Mode) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | ई-नीलामी से पूर्व प्री-बीड बैठक एवं प्रशिक्षण का समय एवं स्थान | अग्रधन राशि जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जिला स्तरीय समिति द्वारा जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने तथा प्रारम्भिक वित्तीय प्रस्ताव के मूल्यांकन की तिथि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 56/2026 | सुण्डीपुर घाट (सोन घाट-1) | 21.06.2026 (10.00 पूर्वाहन्) | 02.07.2026 10:30 बजे पूर्वाहन् से 4:00 बजे अपराहन् तक समाहरणालय गढ़वा। | 09.07.2026 समय-5:00 बजे अपराहन् तक | 14.07.2026 समय 5.00 बजे अपराहन् तक | 17.07.2026 10:00 बजे पूर्वाहन् से 6:00 बजे अपराहन् तक |
| 57/2026 | गाड़ाकाला घाट (सोन घाट-2) | | | | | |
| 58/2026 | डुमरसोता घाट (सोन घाट-3) | | | | | |
| 59/2026 | मेरौनी घाट (सोन घाट-4) | | | | | |
| 60/2026 | परती घाट (सोन घाट-5-1 | | | | | |
| 61/2026 | गम्हरिया घाट (सोन घाट-5-2) | | | | | |
| 62/2026 | पिपरा घाट (सोन घाट-6) | | | | | |
| 63/2026 | खोखा घाट (सोन घाट-7) | | | | | |
| 64/2026 | खरौंधा घाट (नोर्थ कोयल घाट-1) | | | | | |
| 65/2026 | ।मोखापी घाट (नोर्थ कोयल घाट-2) | | | | | |
| 66/2026 | सोहगाड़ा घाट (नोर्थ कोयल घाट-3) | | | | | |
| 67/2026 | मोरबे घाट (नोर्थ कोयल घाट-4) | | | | | |
| 68/2026 | बुढ़ीखॉड़ घाट (नोर्थ कोयल घाट-5) | | | | | |
| 69/2026 | मझिऑव कला घाट (नोर्थ कोयल घाट-7) | | | | | |
| 70/2026 | आमर घाट (नोर्थ कोयल घाट-9) | | | | | |
| 71/2026 | पतसी घाट (नोर्थ कोयल घाट-10) | | | | | |

1. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।
2. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई-नीलामी प्रक्रिया, ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **www.jharkhandtenders.gov.in** से करायी जाएगी।
3. ई-नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म/HUF को ई-प्रोक्योरमेंट
4. पोर्टल https://www.jharkhandtenders.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
5. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा- नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि इत्यादि) विस्तृत रूप से जिला के वेबसाईट एवं ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध है।
6. एतद् संबंधी समस्त सूचना हेतु ई-प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क एवं जिला खनन कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
7. बालू घाट का तात्पर्य है कि The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 के नियम-3 के तहत जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (बालू) में चिन्हित Category-2 Sand ghat/Sand Bearing Land/River Stream होगा।
8. निविदादाता द्वारा ई-पोरक्योमेंट/ई-नीलामी पोर्टल से निविदा दस्तावेज के साथ BoQ Templet (For Intital Price Offer) प्राप्त किया जाएगा।BoQ (.xls) प्रारूप में अपलोड किया जाएगा।
9. एतद संबंधी समस्त सूचना https://www.jharkhandtenders.gov.inएवं जिले के website www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

ह/0 **कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई गढ़वा।**
ह/0 जिला कोषागार पदाधिकारी, गढ़वा।
ह/0 जिला खनन पदाधिकारी, गढ़वा।
ह/0 अपर समाहर्ता, राजस्व, गढ़वा।
ह/0 उप निदेशक, खान, पलामू।
ह/0 उपायुक्त, गढ़वा।

PR 382768 Mines and Geology(26-27)D

# न्याय के साथ विकास और सुशासन के मॉडल को आगे बढ़ा रही बिहार सरकार : श्रवण कुमार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ प्रखंड की मेघी नगवां पंचायत के नगवां गांव में यात्री शेड तथा दीपनगर एनएच स्थित गौरैया स्थान से रामानंद सिपाही के घर तक ईंट सोलिंग, नाली निर्माण एवं पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक, जदयू विधायक दल के नेता एवं बिहार सरकार के ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने किया। उद्घाटन के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जो बिहार कभी बदहाली, पलायन और पिछड़ेपन के लिए जाना जाता था, वही आज विकास, सुशासन और नई संभावनाओं का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले 21 वर्षों में राज्य ने प्रगति, आत्मविश्वास और सम्मान की नई ऊंचाइयों को छुआ है। उनके नेतृत्व में बिहार को नई पहचान मिली है और वर्तमान सरकार उसी विकास यात्रा को आगे बढ़ा रही है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष बल दिया है। रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें सक्षम बनाया जा रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, महिला सशक्तिकरण, बेहतर सड़क नेटवर्क, हर घर बिजली तथा आधारभूत संरचना के व्यापक विकास से बिहार की तस्वीर बदली है। उन्होंने कहा कि आज बिहार का विकास पूरे देश में चर्चा का विषय है। न्याय के साथ विकास और सुशासन की नीति के कारण राज्य नई संभावनाओं और नए विश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। बिहार की जनता स्वयं पिछले वर्षों में हुए परिवर्तन की साक्षी है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य ममता चौधरी, जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, जीतन चौहान, संजय प्रसाद कुशवाहा, शंभु कुशवाहा, मुन्ना पासवान, रामवृक्ष प्रसाद, रविंद्र कुशवाहा, संजय राम, रंजीत सिंह, दिनेश साव, इंदु चौहान, पैक्स अध्यक्ष शिवचरण प्रसाद कुशवाहा, सागर कुमार, गुलशन कुशवाहा, सुरेश प्रसाद, अमित यादव, आकाश कुमार, काजल प्रदीप, मुखिया उपेंद्र दिलवाला, दिनेश कुमार सहित बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# छात्राओं को दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** नशा मुक्त भारत अभियान सप्ताह के अंतर्गत डी.आर.डी.ए. सभागार, नवादा में महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार द्वारा संचालित "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त, नवादा नीलिमा साहू द्वारा की गई। इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं एवं प्रतिभागियों को नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार एवं समाज के विकास में भी बाधक बनता है। युवाओं एवं किशोरियों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू ने अपने संबोधन में कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) निरुपमा शंकर, आईसीडीएस के पदाधिकारी एवं कर्मीगण, विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

## एक नजर

### ओड़ो गांव के सुमन का आईआईएम त्रिची में चयन



**नवादा।** नारदीगंज प्रखंड के ओड़ो गांव निवासी सुमन कुमार ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) त्रिची, तमिलनाडु में चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है। सुमन के चयन की खबर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों और गांववासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। सुमन के पिता चंद्रभूषण ने बताया कि सुमन बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती रहा है। उसकी प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही हुई। वर्ष 2017 में उसने सरस्वती विद्या मंदिर, हसनपुर (राजगीर) से सीबीएसई बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद वर्ष 2019 में उत्कृष्ट अंकों के साथ इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की। आगे की पढ़ाई के लिए उसने वर्ष 2024 में एनआईटी आंध्र प्रदेश से बी-टेक की डिग्री प्राप्त की। उच्च शिक्षा और बेहतर करियर की दिशा में लगातार प्रयासरत सुमन ने अब आईआईएम त्रिची के प्रतिष्ठित पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (पीजीपीएम) 2026-28 बैच में प्रवेश हासिल किया है। यह दो वर्षीय प्रबंधन पाठ्यक्रम देश के प्रमुख मैनेजमेंट कार्यक्रमों में शामिल माना जाता है। पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद सुमन को संस्थान द्वारा एमबीए की डिग्री प्रदान की जाएगी।

### राहत के लिए फिर चला बुलडोजर

**कौआकोल।** बाजार में लगातार लगने वाले जाम की समस्या से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्रशासन ने एक बार फिर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान कौआकोल थाना चौक से दुर्गामंडप रोड तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर की मदद से हटाया गया। अभियान का नेतृत्व अंचलाधिकारी मनीष कुमार ने किया। उनके साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। प्रशासनिक टीम के बाजार पहुंचते ही दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों में अफरा-तफरी मच गई। प्रशासन के अनुसार, अतिक्रमित स्थलों को पहले ही चिन्हित कर लिया गया था और कई बार माइकिंग के जरिए दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद जब लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया,तब सख्त कार्रवाई करनी पड़ी। जेसीबी मशीन को देखते ही कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर रखा सामान खुद ही हटाना शुरू कर दिया। वहीं सड़क किनारे अवैध कब्जों को हटाकर बाजार क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में कार्रवाई की गई। सीओ मनीष कुमार ने कहा कि बाजार में जाम की मुख्य वजह सड़क पर किया गया अतिक्रमण है। आम लोगों की सुविधा और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### मिट्टी धंसने से महिला घायल, रेफर

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के उत्तरवारी धमनी गांव में शुक्रवार को एक हादसे में 65 वर्षीया बुलंती देवी-पति राजेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गईं। बताया जाता है कि बुलंती देवी मिट्टी लाने के लिए गई थीं। इसी दौरान अचानक मिट्टी का धसान हो गया,जिससे वह उसकी चपेट में आ गईं। आसपास मौजूद लोगों और परिजनों ने तुरंत उन्हें बाहर निकाला और इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल में भर्ती कराया। जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया,लेकिन हालत गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए उन्हें नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद परिवार के लोगों में चिंता का माहौल है।

# मोहर्रम शांतिपूर्ण मनाने को लेकर अनुमंडल शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** मोहर्रम 2026 के अवसर पर शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था के सफल संधारण को लेकर आज अनुमंडल सभागार, रजौली में अनुमंडल पदाधिकारी, रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन की अध्यक्षता में अनुमंडल शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के शांति समिति के सदस्यों, विभिन्न अंचलों के अंचल अधिकारियों, थाना अध्यक्षों तथा संबंधित पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में मोहर्रम पर्व के दौरान जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, संवेदनशील स्थलों की निगरानी, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं शांति समिति के सदस्यों से पर्व को आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं सामाजिक समरसता के वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोहर्रम के अवसर पर किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराएं। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,रजौली श्री गुलशन कुमार ने सभी थाना अध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्र में सतत निगरानी रखने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष चौकसी बरतने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपस्थित सदस्यों ने मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न अंचलों के अंचल अधिकारी, थाना अध्यक्ष, शांति समिति के सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" के अंतर्गत आम नागरिकों के दैनिक जीवन को सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तरीय सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की गई। जिला स्तर पर समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई की अध्यक्षता जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने की। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा कुल 38 शिकायतें एवं आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिला पदाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए कई शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया तथा शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक जांच एवं कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया। जनसुनवाई के दौरान थाना मैसकौर अंतर्गत ग्राम विसिआईत निवासी राम स्वरूप दास द्वारा गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने से संबंधित, थाना पकरीबरावां अंतर्गत ग्राम पकरीबरावां निवासी भूषण यादव द्वारा भूमि विवाद से संबंधित, थाना नारदीगंज अंतर्गत ग्राम मोतनाजे निवासी कृष्णा प्रसाद द्वारा एल.पी.सी. निर्गत कराने से संबंधित तथा थाना हिसुआ अंतर्गत ग्राम तुंगी निवासी सुनील कुमार द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं समस्याएं जनसुनवाई में रखी गईं। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

# मॉब लिंचिंग पीड़ित परिवारों से मिले मंत्री संजय कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार गुरुवार की देर शाम दीपनगर थाना क्षेत्र के गंजपर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने राजगीर के झुनकिया बाबा मंदिर में मॉब लिंचिंग का शिकार हुए दो युवकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने घटना को बेहद दुखद, अमानवीय और कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बताया। पीड़ित परिवारों से बातचीत के बाद मंत्री ने कहा कि चोरी के आरोप में किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। यदि किसी पर किसी प्रकार का आरोप था तो इसकी सूचना पुलिस को दी जानी चाहिए थी। भीड़ द्वारा दो युवकों की पीट-पीटकर हत्या करना मानवता और कानून दोनों के खिलाफ है।मंत्री ने मांग की कि जिस झुनकिया बाबा मंदिर परिसर में यह घटना हुई, उसे तत्काल प्रभाव से सील किया जाए। साथ ही मंदिर में रहने वाले साधु-संतों और वहां से जुड़े लोगों की भूमिका एवं आचरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाए जाएं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। संजय कुमार ने बताया कि इस मामले को लेकर उनकी जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से बातचीत हुई है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि घटना में शामिल सभी आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी तथा उन्हें कठोर सजा दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मॉब लिंचिंग जैसी घटनाएं सभ्य समाज के लिए चिंता का विषय हैं और इन्हें रोकने के लिए कठोर कार्रवाई आवश्यक है। सरकार दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शने वाली नहीं है।गौरतलब है कि राजगीर थाना क्षेत्र स्थित झुनकिया बाबा मंदिर में चोरी के आरोप में श्रवण कुमार और पिंटू कुमार को भीड़ ने पकड़ लिया था। आरोप है कि दोनों की बेरहमी से पिटाई की गई, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे जिले में आक्रोश का माहौल है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## टॉप-10 अपराधी मुनचुन कुमार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** अस्थावां थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना के टॉप-10 अपराधियों में शामिल मुनचुन कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान मुनचुन कुमार, पिता विनोद यादव, निवासी बड़ेपुर, थाना सारे, जिला नालंदा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मुनचुन कुमार की गिरफ्तारी के लिए सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया था। टीम लगातार उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत थी। इसी क्रम में 18 जून की रात छापेमारी कर अस्थावां थाना कांड संख्या 315/25, 10 सितंबर 2025 के नामजद अभियुक्त मुनचुन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त कांड भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत दर्ज है।

# नशा मुक्त भारत अभियान सप्ताह के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नशा मुक्त भारत अभियान सप्ताह के अंतर्गत 19 जून 2026 को नवादा जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं एवं किशोर-किशोरियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जनसहभागिता को बढ़ावा देना था। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों द्वारा नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों का प्रभावशाली मंचन किया गया। प्रस्तुतियों में यह संदेश दिया गया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है तथा इससे दूर रहकर ही स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध जीवन का निर्माण किया जा सकता है।

कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने, शिक्षा एवं सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, छात्र-छात्राएं एवं युवा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान लोगों को नशा मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों एवं नशामुक्ति से संबंधित सरकारी प्रयासों की जानकारी भी दी गई। साथ ही उपस्थित लोगों से नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की गई।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम शुरू

**बिहारशरीफ।** जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नालंदा के तत्वावधान में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिलेभर में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह अभियान 17 जून से 26 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर समाज को नशामुक्त बनाना है। अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालयों तथा सभी प्रखंडों में नशा मुक्ति से संबंधित शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अधिकारियों, कर्मियों एवं आम नागरिकों ने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अभियान में जीविका दीदियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। जिलेभर में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग और बैनर लगाए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा बताया गया कि 26 जून तक नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैली, विद्यालयों में निबंध, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों के माध्यम से युवाओं एवं आम लोगों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर स्वस्थ और सुरक्षित समाज के निर्माण का संदेश दिया जाएगा।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-42बी-25, दिनांक: 16.06.2026।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंज़िल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के नज़दीक, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-42 बी-25। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** हावड़ा मंडल में बड़े स्पैन जम्पर/जी जम्पर आदि की बदली। **कार्य की अनुमानित लागत: ₹** 1,83,06,196.88। **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली प्रतिभूति: ₹** 3,66,100। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 12 (बारह) महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 10.07.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरे/स्पेसिफिकेशन के लिए निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा सीधे रद्द कर दिया जायेगा।

(HWH-165/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल-31-सोलर-पीपीपी-26; दिनांक: 17.06.2026।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य को आर्थिक रूप से पूरा करने में सक्षम तथा वैध विद्युतीय ठेकेदार का लाइसेंस रखने वाले सम्माननीय निविदादाताओं से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** आसनसोल मंडल: पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में पावर परचेस एग्रीमेंट (पीपीए) द्वारा आसनसोल मंडल के विभिन्न लोकेशनों के लिए उत्पादन एवं आपूर्ति के लक्ष्य सहित कुल 500 केडब्ल्यूपी क्षमता प्रणाली (पीपीपी पद्धति) के रूफ-टॉप/शेड-टॉप सोलर फोटो वोल्टाइक मॉड्यूल की स्थापना। **निविदा मूल्य: ₹** 7,41,28,808.13। **बयाना राशि: ₹** 5,34,000। **निविदा दस्तावेज की कीमत: ₹** 34,810। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 240 दिन। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय:** 13.07.2026 को सुबह 11.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकेंगे।

(ASN-145/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

## एसएससी स्टेनो परीक्षा में स्वाति इप्सा विश्वास का चयन

**नारदीगंज (नवादा)।** दृढ़ संकल्प, निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर सफलता हासिल करने का प्रेरक उदाहरण प्रखंड के ओड़ो गांव के ब्राह्मण टोला निवासी स्वाति इप्सा विश्वास ने प्रस्तुत किया है। संतोष कुमार मिश्रा की पुत्री स्वाति का चयन कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) स्टेनोग्राफर परीक्षा के माध्यम से भारत सरकार के एक केंद्रीय विभाग में हुआ है। गुरुवार देर रात परीक्षा परिणाम घोषित होते ही परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

# गुरु अर्जन देव के बलिदान को याद कर भावुक हुई संगत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** मोगलकुआं स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव जी शाही संगत में सिखों के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी का 420वां शहीदी दिवस श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं संगत उपस्थित होकर गुरु साहिब को नमन किया। शहीदी दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में गुरु ग्रंथ साहिब जी का विधिवत प्रकाश किया गया। इसके बाद पंचवाणी एवं सुखमणि साहिब का पाठ हुआ। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ गुरबाणी का श्रवण किया और गुरु साहिब के बताए सत्य, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।धार्मिक आयोजन के दौरान भाई रवि सिंह ग्रंथी द्वारा शब्द कीर्तन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में अरदास एवं हुकमनामा का पाठ किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने कहा कि गुरु अर्जन देव का बलिदान सत्य, धर्म और मानवता की रक्षा के लिए आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

# करोड़ों के खर्च के बाद भी बाजार समिति परिसर बदहाल

## टूटे नाले, गंदगी और जलजमाव से परेशान किसान-व्यापारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और बाजार व्यवस्था को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी योजना के तहत बाजार समिति के विकास एवं सौंदर्यीकरण पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए। लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों से बिल्कुल उलट नजर आ रही है। अधिकारियों की उदासीनता और रखरखाव की कमी के कारण बाजार समिति आज बदहाली, गंदगी और अव्यवस्था का पर्याय बन गई है।परिसर में जगह-जगह नाले टूटे पड़े हैं, जिससे गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। कीचड़, दुर्गंध और जलजमाव के कारण किसानों, व्यापारियों और ग्राहकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन बाजार पहुंचने वाले किसान और उनके बच्चे दुर्घटनाओं के जोखिम के बीच आवागमन करने को मजबूर हैं। कई स्थानों पर खुले और क्षतिग्रस्त नाले हादसों को आमंत्रण दे रहे हैं।स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। बदबू और गंदगी के कारण ग्राहक अधिक देर तक बाजार में रुकना नहीं चाहते, जिसका सीधा असर कारोबार पर पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि विकास कार्यों के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए, लेकिन मूलभूत सुविधाएं आज भी अधूरी हैं।लोगों का कहना है कि यदि समय रहते नालों की मरम्मत, नियमित सफाई और बेहतर जलनिकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो आगामी बरसात में हालात और भी गंभीर हो जाएंगे।वहीं दूसरी ओर किसानों और मत्स्य विक्रेताओं के लिए बाजार समिति परिसर में लगभग 100 आधुनिक दुकानों, करीब 20 मछली विक्रेता दुकानों तथा वातानुकूलित भंडारण की सुविधा का निर्माण कराया गया है। लेकिन निर्माण कार्य पूरा हुए करीब एक वर्ष बीतने के बावजूद आज तक दुकानों का आवंटन नहीं किया गया है। परिणामस्वरूप करोड़ों रुपये की लागत से बनी ये सुविधाएं उपयोग के अभाव में उपेक्षा का शिकार बनी हुई हैं।

# बंद से 33 लाख की चोरी, नकदी-जेवरात लेकर फरार हुए चोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** बेन थाना क्षेत्र के कोल्हुआ गांव में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए करीब 33 लाख रुपये की चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस एफएसएल और डॉग स्क्वायड की मदद से मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, कोल्हुआ गांव निवासी सुनील सिंह पंजाब में एल्युमिनियम फैक्ट्री संचालित करते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी मां के इलाज के लिए पूरा परिवार घर में ताला लगाकर बिहारशरीफ गया हुआ था। शुक्रवार की सुबह पड़ोसियों और भतीजे ने फोन कर सूचना दी कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य गांव पहुंचे।घर पहुंचने पर देखा कि चोरों ने मुख्य दरवाजे के साथ-साथ सभी कमरों के ताले भी तोड़ दिए थे। अलमारी, लॉकर और स्टोर बॉक्स को खंगाल दिया गया था तथा घर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच में पता चला कि करीब 30 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और 3 लाख 70 हजार रुपये नकद गायब हैं। घटना की सूचना मिलते ही बेन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को बुलाया गया। वहीं डॉग स्क्वायड की सहायता से चोरों के सुराग तलाशे जा रहे हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। पीड़ीत परिवार ने बेन थाना में लगभग 33 लाख रुपये की चोरी का आवेदन दिया है। पुलिस का कहना है कि वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

# प्राकृतिक खेती पर जिला कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**हरनौत।** कृषि विज्ञान केंद्र, हरनौत में आत्मा, नालंदा द्वारा प्राकृतिक खेती जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के अध्यक्ष महेन्द्र यादव, भाजपा के उपाध्यक्ष राजा राम, जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक आत्मा, नालंदा तथा अन्य कृषि पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला का उद्देश्य किसानों और कृषि कर्मियों के बीच प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य, पशुपालन एवं जैविक खेती के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अपने संबोधन में महेन्द्र यादव ने कहा कि प्राकृतिक खेती किसानों की आर्थिक आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित हुई है तथा खेती की लागत बढ़ी है। ऐसे में प्राकृतिक खेती कम लागत और अधिक लाभ का बेहतर विकल्प बनकर सामने आई है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती को जनआंदोलन का रूप देने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। तकनीकी सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। डॉ. उदय प्रकाश नारायण ने प्राकृतिक खेती की अवधारणा एवं रासायनिक आदानों के विकल्पों पर प्रकाश डाला। डॉ. उमेश नारायण ने मिट्टी जांच, मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरकों के संतुलित उपयोग की जानकारी दी।

# गयाजी में माफिया के खिलाफ वन विभाग ने की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** वन संपदा को नुकसान पहुंचाने वाले माफियाओं के खिलाफ वन विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के मुसैला और बघलती गांव में लंबे समय से अवैध रूप से फल-फूल रहे लकड़ी के काले कारोबार पर विभाग का डंडा चला है। वन क्षेत्र पदाधिकारी के नेतृत्व में गई टीम ने भारी पुलिस बल और जेसीबी (बुलडोजर) के साथ दोनों गांवों में छापेमारी की। इस दौरान अवैध रूप से संचालित की जा रही आरा मशीनों को न सिर्फ उखाड़ फेंका गया, बल्कि मौके से भारी मात्रा में कीमती अवैध लकड़ी और उपकरण भी जब्त किए गए। वन विभाग के इस कड़े रुख से पूरे इलाके के अवैध लकड़ी कारोबारियों और भू-माफियाओं में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के मुताबिक वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि मुसैला और बघलती गांवों में बिना किसी वैध लाइसेंस या अनुमति के धड़ल्ले से आरा मशीनें चलाई जा रही हैं और स्थानीय जंगलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन क्षेत्र पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। जैसे ही वन विभाग की टीम ने मुसैला और बघलती में दस्तक दी। आरा मशीनों के संचालक और वहां काम कर रहे मजदूर मौके से भाग खड़े हुए। अधिकारियों ने बिना वक्त गंवाए जेसीबी मशीन की मदद से दोनों अवैध आरा मशीनों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही परिसर में कटाई के लिए रखी गई भारी मात्रा में कीमती इमारती लकड़ी को जब्त कर सरकारी वाहन से सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया। बड़ी कार्रवाई के संबंध में वन क्षेत्र पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि सरकारी नियमों को ताक पर रखकर वन संपदा की तस्करी और अवैध आरा मशीनों का संचालन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि पर्यावरण और जंगलों को नुकसान पहुंचाने वाले सिंडिकेट को बख्शा नहीं जाएगा और आने वाले दिनों में भी ऐसी सख्त कार्रवाइयां लगातार जारी रहेंगी। वन विभाग ने मुसैला गांव में अवैध आरा मशीन संचालित करने के आरोप में अरविंद महतो और बघलती गांव के मामले में मिथलेश कुमार को नामजद किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम की सुसंगत और कड़ी धाराओं के तहत जुर्म दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए स्थानीय पुलिस की मदद से छापेमारी की जा रही है।

## उत्तर कोयल नहर परियोजना के पुल कलवर्ट निर्माण में भ्रष्टाचार का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** प्रखंड के बनिया गांव में उत्तरी कोयल नहर परियोजना के तहत बन रहे पानी निकासी पुल के निर्माण कार्य में ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार और अनियमितता का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में नियमों की अनदेखी कर घटिया गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा बनते ही धंस गया है। ग्रामीण जितेंद्र यादव, नरेश पासवान और किशोरी ठाकुर ने बताया कि बनिया नहर पर बनाए जा रहे पानी निकासी पुल में गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया गया है जिसे निर्माण पूरा होने से पहले ही पुल का एक भाग धंस गया जिससे पानी निकासी बाधित हो जाएगी जिसे आसपास की सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि सिंचाई सुविधा से वंचित हो जाएगी साथ ही भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने यह भी कहा कि नहर निर्माण कार्य में जगह-जगह दरारें दिखाई दे रही है जबकि अभी बरसात का मौसम पूरी तरह शुरू भी नहीं हुआ है। इसके बावजूद ढलाई वाले हिस्सों में दरारें पड़ना निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार और संबंधित इंजीनियरों की लापरवाही के कारण करोड़ों रुपये की परियोजना में अनियमितताएं हो रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, केंद्रीय टीम और सरकार के मंत्री समय-समय पर परियोजना का निरीक्षण कर रहे हैं, फिर भी निर्माण कार्य में गड़बड़ियां सामने आना चिंताजनक है। इस संबंध में नहर विभाग के एक्सक्यूटिव इंजीनियर पंकज कुमार ने टेलीफोन पर बताया कि पुल निर्माण में गड़बड़ी की सूचना मिली है। संवेदक (ठेकेदार) को आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिया गया है और एक-दो दिनों के भीतर स्थिति को ठीक कर लिया जाएगा।

## खड़े ट्रक में घुसा तेज रफ्तार ट्रक, चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी (गया)।** दिल्ली-कोलकाता को जोड़ने वाले व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर शुक्रवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। शेरघाटी थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव सीमा के पास हुए हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई जबकि ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार राजस्थान नंबर के ट्रक की दुर्घटना उस समय हुई जब आगे चल रहे एक ट्रक का अचानक टायर फट गया और वह एनएच-19 पर ही सड़क किनारे रुक गया। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक चालक ने नियंत्रण खो दिया और खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंस गया। चालक के दोनों पैर लोहे के ढांचे में दब गए थे। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, हाईवे पेट्रोलिंग टीम और एनएचएआई की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। गैस कटर और अन्य उपकरणों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल चालक को एनएचएआई एम्बुलेंस से अनुमंडलीय अस्पताल शेरघाटी ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृत चालक की पहचान जोध राज, निवासी जय श्री बिहार, भेकड़ा रोड इंडस्ट्रियल स्ट्रीट, राजस्थान के रूप में हुई है। हादसे के बाद एनएच-19 पर कुछ देर तक यातायात बाधित रहा। पुलिस और हाईवे टीम ने क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर आवागमन सामान्य कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सड़क किनारे स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन ने क्षेत्र में माइकिंग कर दी चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** राष्ट्रीय राजमार्ग 120 पर स्थित पंचानपुर बाजार में सड़क किनारे किए गए स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। अनुमंडल प्रशासन की ओर से बुधवार को बाजार क्षेत्र में माइकिंग कर अतिक्रमणकारियों को अंतिम चेतावनी दी गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शनिवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों के आलोक में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सड़क की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और आम लोगों की सुविधा को देखते हुए यह कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर नोटिस देने का प्रयास किया गया था, लेकिन कई लोगों ने नोटिस लेने से ही इंकार कर दिया था। इसके बावजूद प्रशासन ने लोगों को स्वयं अतिक्रमण हटाने का पर्याप्त अवसर दिया। शुक्रवार को एसडीएम एवं जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने पंचानपुर बाजार पहुंचकर माइकिंग के माध्यम से लोगों को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के बाद यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो सरकारी स्तर पर कार्रवाई करते हुए शनिवार को उसे हटाया जाएगा। अतिक्रमण हटाने की संभावित कार्रवाई को लेकर बाजार क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। प्रशासन ने आम लोगों से सहयोग करने तथा सड़क व राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखने की अपील की है।

## ट्रक की चपेट में आने से व्यक्ति की दर्दनाक मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शुक्रवार को शेरघाटी थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर पथलकट्टी के पास हुए भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि मृतक के शव की पहचान करना मुश्किल हो गया है। दुर्घटना के बाद मौके पर केवल मृतक के दो पैर दिखाई दे रहे थे जबकि शरीर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही शेरघाटी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान करने में जुट गई। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन देर तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी। मृतक की पहचान के लिए पुलिस को मौके से मिली एक चप्पल ही अहम सुराग नजर आ रही है। इसी चप्पल के आधार पर शव की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने सड़क पर जुटकर मार्ग को जाम कर दिया जिससे हाईवे पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई। सूचना के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लोगों को समझाने में जुटे रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा काफी भयावह था। तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, मृतक की पहचान और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## करंट लगने से दिव्यांग स्टेट लेवल खिलाड़ी की मौत, बेटी घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** आंती थाना क्षेत्र के कस्तूरी खाप गांव में शुक्रवार की शाम करंट लगने से एक दिव्यांग युवक एवं स्टेट लेवल खिलाड़ी की मौत हो गई जबकि उसकी पुत्री घायल हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी योगेश पासवान (35 वर्ष), पिता स्व. पुकार पासवान के रूप में हुई है। उनके परिवार में तीन पुत्रियां और दो पुत्र हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार योगेश पासवान की 15 वर्षीय पुत्री अनु कुमारी घर में पोछा लगा रही थी। इसी दौरान वह पास में रखे स्टैंड फैन को हटाने लगी, तभी फैन में प्रवाहित करंट की चपेट में आ गई। बेटी को तड़पता देख योगेश पासवान उसे बचाने के लिए दौड़े, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गए। घटना के बाद परिजनों एवं स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों को उपचार के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां चिकित्सक डॉ. लालजी यादव ने प्राथमिक उपचार किया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने योगेश पासवान को मृत घोषित कर दिया जबकि अनु कुमारी का इलाज जारी है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पत्नी मुन्नी देवी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने मृतक के परिवार को सांत्वना दी। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। घटना की खबर सुन मुखिया प्रतिनिधि मो इंतेशाब ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

## दिवंगत रघु यादव व धनेश्वरी देवी की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि सभा, प्रतिमा का अनावरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गया)।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को दिवंगत रघु यादव उर्फ पहलवान जी एवं उनकी धर्मपत्नी दिवंगत धनेश्वरी देवी की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि एवं स्मृति प्रतिमा अनावरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रघु यादव उर्फ पहलवान जी की 24वीं तथा धनेश्वरी देवी की 10वीं पुण्यतिथि संयुक्त रूप से मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने दिवंगत दंपति की स्मृति में एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके सामाजिक योगदान को याद किया। विधायक अजय दांगी ने कहा कि पहलवान जी समाजसेवा एवं जनहित के कार्यों के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखते थे और उनका जीवन लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। समारोह का आयोजन उमेश यादव, रामनरेश यादव, अंबिका यादव एवं गणेश यादव के सौजन्य से किया गया। वहीं मुकेश कुमार ने अतिथियों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में टिकारी विधायक अजय दांगी, राजद जिलाध्यक्ष सुभाष यादव, कोंच प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश शर्मा, अधिवक्ता शंभूनाथ यादव, मुखिया पति बिल्लू पासवान, सुजीत यादव, किशोर यादव, सामाजिक कार्यकर्ता पुण्यदेव यादव, उमेश यादव, मुकेश कुमार गांधी, मनोज मंजिल, सुभाष चंद्र कुमार समेत कई गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## घर निर्माण कार्य को लेकर मारपीट, छोटे भाई व पत्नी पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र के प्यारेचक गांव में घर निर्माण कार्य को लेकर हुए विवाद में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में गांव निवासी नंद कुमार ने कोंच थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज फर्द बयान में नंद कुमार ने बताया कि वह अपने हिस्से की जमीन पर घर निर्माण का कार्य करा रहे थे। इसी दौरान उनके छोटे भाई नारायण कुमार एवं उनकी पत्नी श्वेता कुमारी वहां पहुंचे और निर्माण कार्य रोकने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर दोनों ने कथित तौर पर गाली-गलौज शुरू कर दी तथा वहां काम कर रहे मजदूरों को भगा दिया। आरोप है कि इसके बाद दोनों ने उनके साथ मारपीट की जिससे उनके सिर में चोट लग गई। इस संबंध में कोंच थाना में कांड संख्या 180/26 दर्ज किया गया है। पुलिस ने नारायण कुमार एवं श्वेता कुमारी को नामजद आरोपित बनाया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पीड़िता का बयान लेने में जांच कमेटी असफल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, गुरारू के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पर गर्भवती महिला को बंध्याकरण कर देने का आरोप प्रखंड क्षेत्र की महिला रिंकू देवी पति रंजीत पासवान ग्राम-पहराबाली ने लगाते हुए जिलाधिकारी एवं सिविल सर्जन से जांच कर कार्रवाई करने का मांग किया था। इसी संदर्भ में सिविल सर्जन द्वारा जय प्रकाश नारायण अस्पताल के दो चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर एम. ई. हक एवं डॉक्टर शहला नाजनीन का दो सदस्यीय टीम गठित कर एक सप्ताह के अन्दर रिपोर्ट तलब किया है। बुधवार को जांच कमिटी के सदस्यों ने सीएचसी, गुरारू में पीड़ित महिला के आरोपों का जांच किया। परन्तु जांच कमिटी के डॉक्टरों ने पीड़ित पक्ष का बयान दर्ज नहीं कर सके। इस संबंध में पूछे जाने पर जांच कमिटी के डॉक्टर मो.हक ने बताया कि पीड़ित महिला को एक दिन पूर्व ही सूचना दिया गया था, परन्तु ससमय अस्पताल में उपस्थित नहीं हुई और बताई कि मैं बीमार हूं इसलिए अस्पताल नहीं आ सकती। यह पूछे जाने पर की जांच कमिटी पीड़ित महिला के ही घर क्यों नहीं गयी। अस्पष्ट जबाब नहीं दे सके। आगे बताया कि ऑफिसियल कागजातों के आधार पर जांच किया गया है। गौरतलब है कि पीड़ित महिला ने अपने आवेदन में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुनिल कुमार पर यह आरोप लगाया है कि 12 दिसम्बर 2025 को जब मैं अस्पताल में बंध्याकरण का ऑपरेशन करवाने गयी तो डॉक्टर सुनिल कुमार द्वारा सारा जांच करवाने के उपरांत टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद भी यह जानते हुए कि मैं गर्भवती हूं, बंध्याकरण का ऑपरेशन कर दिया गया और मेरे बच्चे की जान ले ली। यहां तक कि दूसरे दिन से बच्चा खराब होने का सूई लगाकर भ्रूणहत्या कर दिया गया। इस अप्रत्याशित घटना में मुझे शारीरिक एवं आर्थिक रूप में काफी क्षति हुई है।

## भगवान सूर्यनारायण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कारीसोवा गांव स्थित नव-निर्मित सूर्य मंदिर में भगवान सूर्यनारायण की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के लिए आयोजित 11 दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरुष शामिल हुए और पूरा क्षेत्र भगवान भास्कर के जयघोष से गुंजायमान रहा।

कलश यात्रा यज्ञ स्थल कारीसोवा से निकलकर चौधरी मोड़, वजीरगंज बाजार, मनैनी एवं तिलोरा चैन बिगहा होते हुए ढाढ़र नदी स्थित मिर्ज़ापुर घाट पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल भरने के बाद श्रद्धालु भूरा गांव होते हुए पुनः यज्ञ मंडप पहुंचे जहां विधिवत कलश स्थापना की गई। यात्रा में वजीरगंज विधायक वीरेन्द्र सिंह, जिला परिषद सदस्य डॉ. पिंकी कुमारी, मुखिया रेखा देवी तथा नगर पंचायत मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमर शंकर सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। यज्ञ समिति के सदस्य छोटन सिंह, विजय राजवंशी, रामसनेही सिंह, शिक्षक अर्जुन सिंह और निरंजन सिंह ने बताया कि श्री श्री 1008 आदित्य भास्कर पंचकुंडीय महायज्ञ सह भगवान सूर्यनारायण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ 29 जून तक चलेगा। इस दौरान प्रवचन, रामलीला एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। समापन के अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इधर, कलश यात्रा के दौरान शामिल नौ संदिग्ध महिलाओं को ग्रामीणों ने पूछताछ के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार महिलाएं अपनी पहचान और यात्रा में शामिल होने का स्पष्ट कारण नहीं बता पा रही थीं। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि सभी महिलाओं की पहचान सत्यापित की जा रही है। जांच के बाद आवश्यकतानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गैर जमानती वारंटी जयनंदन मांझी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक गैर जमानती वारंट के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान जयनंदन मांझी, पिता-अमीरक मांझी, निवासी- डीमा फतेहपुर, थाना-खिजरसराय, जिला- गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायालय द्वारा आरोपी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर खिजरसराय थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को डेमा फतेहपुर गांव से गिरफ्तार कर लिया। खिजरसराय थानाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि आरोपी जयनंदन मांझी को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस द्वारा सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को न्यायालय में उपस्थित करने हेतु न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।


### कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद, गढ़वा

**लॉटरी पद्धति द्वारा सदर हॉस्पीटल के सामने दुकान आवंटन हेतु आम सूचना**

ज्ञापांक 1552 दिनांक 19.06.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तृतीय फेज में गढ़वा नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत सदर हॉस्पीटल, गढ़वा के सामने 19 दुकानों का लॉटरी के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया उपायुक्त महोदय, गढ़वा के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 03.07.2026 को समय 12:00 बजे अपराह्न से मल्टीपरपस कल्चरल कॉम्पलेक्स, चिनिया मोड़, गढ़वा में आयोजन किया जायेगा, जो आवेदक सदर हॉस्पीटल, गढ़वा के सामने दुकान के लिये आवेदन जमा किये हैं, वे ससमय मल्टीपरपस कल्चरल कॉम्पलेक्स, चिनिया मोड़, गढ़वा में उपस्थित रहेंगे।

नोट–

1. आवेदक को आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा।
2. वाद–विवाद कि स्थिति में लॉटरी की प्रक्रिया स्थगित किया जा सकता है।
3. अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा।

PR 382772 Urban Development(26-27)D


## खराटी में शिव शक्ति महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गया जी।** प्रखंड क्षेत्र की खराटी पंचायत अंतर्गत गोसाईडीह टोला में आयोजित होने वाले श्री श्री 108 श्री शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह शिव शक्ति महायज्ञ को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा का शुभारंभ यज्ञ स्थल से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ। श्रद्धालु गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों एवं जयघोष के साथ गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए निरंजना नदी पहुंचे। वहां यज्ञाचार्यों के निर्देशन में विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर कलशों में पवित्र जल भरा गया। इसके बाद श्रद्धालु जलभरे कलश लेकर पुनः यज्ञ मंडप पहुंचे। यात्रा में शामिल महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर पूरे श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ भाग लिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली। इस अवसर पर यज्ञाचार्य पंडित पारस पाठक एवं उत्तराखंड से पधारे कथावाचक स्वामी सत्यनारायण जी महाराज ने श्रद्धालुओं को महायज्ञ के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यज्ञ जनकल्याण, सुख-समृद्धि, शांति तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा के संचार का माध्यम है। महायज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि यज्ञ के दौरान प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, प्रवचन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।


### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### Road Construction Department, Road Division, Daltonganj

**e-Procurement Tender Notice**

e-Tender Ref No- 5/RCD/Daltonganj/2026-27/700
Dated: 19.06.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Naudiha Bazar Bypass Road in Daltonganj District (Total Length-3.14 km) for the year 2026-27 |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 15,04,25,700.00 (Fifteen Crore Four Lacs Twenty Five Thousand Seven Hundred Rupees) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 15,04,300.00 (Rupees Fifteen Lacs Four Thousand Three Hundred) Only. |
| 4. | Time of Completion | 18 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 30.06.2026, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 20.07.2026, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 22.07.2026, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj.06562–225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**

For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer**
**Road Construction Department**
**Road Division, Daltonganj.**

PR 382762 (Road)26-27*D



### झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
### वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा।

**आम नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के अंतर्गत राज्यसात वाहन (जहाँ है, जिस स्थिति में है) की बिक्री दिनांक–06.07.2026 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, गढ़वा में आम नीलामी द्वारा की जायेगी। यदि नीलामी तिथि को किसी कारणवश अवकाश या बंदी घोषित होता है तो उसके अगले कार्य दिवस को नीलामी की तिथि तय मानी जायेगी। नीलामी हेतु राज्यसात वाहन की सूची, क्रमानुसार विवरणी निम्नवत् है तथा नीलामी हेतु आवश्यक शर्तें सहित नीलामी हेतु राज्यसात वाहन की सूची, क्रमानुसार विवरणी गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय; गढ़वा जिला के Official वेबसाईट https://garhwa.nic.in/ तथा झारखण्ड राज्य, वन विभाग के Official वेबसाईट https://forest.jharkhand.gov.in/ पर उपलब्ध है :–

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | निबंधन संख्या/ इंजन संख्या/ चेचिस संख्या | वाहन जहाँ स्थित है। | जमा की जाने वाली अग्रधन की राशि (Gate Money) (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ट्रॉली सहित, रंग–लाल, मॉडल B275DI | Engine No. - PES3A85D320RS2924 / Serial No. - 86220786 | वन प्रक्षेत्र कार्यालय परिसर, भवनाथपुर | 20,000.00 |

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल।

PR 382766 (Forest, Environment and Climate Changes) 26-27 (D)



### झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड
*(CIN:U40108JH2013SGC001702)*
विद्युत आपूर्ति अंचल, गढ़वा
**Email:** esegarhwa@yahoo.in, ese.garhwa@jbvnl.co.in

**आम सूचना**

आम जनता/ उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत आपूर्ति अंचल, गढ़वा अंतर्गत "जन समस्या निवारण केन्द" प्रारम्भ हो गया है। बिजली से जुड़े हुए कोई भी समस्या यथा विद्युत आपूर्ति बाधित/फयूज कॉल/ जले हुए ट्रास्फार्मर की बदली/ बिजली बिल नहीं मिलने इत्यादि जैसी अपनी सभी समस्या को मोबाईल संख्या 9229108698 पर सुबह 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक कॉल/वाटसअप के द्वारा सूचित कर सकते है। प्राप्त समस्या का निराकरण यथाशीध्र की जाएगी।

इसके अतिरिक्त:–

1. गढ़वा शहर के उपभोक्ता, मोबाईल संख्या 9942822373 पर सुबह 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।
2. नगर उँटारी क्षेत्र के उपभोक्ता, मोबाईल संख्या 9162697924 पर सुबह 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

ह0/–
विद्युत अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत आपूर्ति अंचल, गढवा

PR 382743 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)26-27*D

संपादकीय

# फिर भी लीक का डर बाकी!

केन्द्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) नीट की एंट्रेंस री एग्जाम ( पुनर्परीक्षा ) को इस बार फुल प्रूफ बनाने की हर संभव कोशिश कर रही है। हालांकि इसके बाद भी परीक्षार्थियों को सौ फीसदी भरोसा नहीं है कि इस दफा फिर से पेपर लीक नहीं होगा। क्योंकि परीक्षा के एक हफ्ते पहले एक पेपर लीक होने की खबरें आई थीं, जिसके आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है। बहरहाल पूरी परीक्षा की गोपनीयता बरकरार रखने के लिए केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म टेलीग्राम पर एहतियातन अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार का मानना है कि पेपर लीक इसी प्लेटफॉर्म से होते हैं, क्योंकि इस में एडिटिंग और मैसेंजिग की वो सुविधा है, जो दूसरे प्लेटफार्म पर आसानी से उपलब्ध नहीं है। हालांकि कुछ लोग इस कदम की आलोचना भी कर रहे हैं, क्योंकि 22 जून तक लगी रोक के कारण लाखों इंटरनेट यूजरों को भी परेशानी होगी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि 'मोदी सरकार की पेपर लीक रोकने की नीयत ही नहीं है। इसलिए इस तरह के बेतुके कदम उठाए जा रहे हैं। सेना के जहाज़ों से पेपर ट्रांसपोर्ट करना, टेलीग्राम बंद करना, क्या इन कदमों से पेपर लीक बंद होंगे? बिल्कुल नहीं। क्योंकि हमारे देश में पेपर लीक का अरबों रुपये का धंधा है। गौरतलब है कि मंगलवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने बताया था कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'टेलीग्राम' पर 22 जून तक प्रतिबंध लगा दिया। यह प्रतिबंध इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आईटी एक्ट 2000 की धारा 69ए के तहत लगाया गया है। साथ ही मंत्रालय ने टेलीग्राम को यह निर्देश भी दिया है कि भारत में पहले से पोस्ट किए गए मैसेज को एडिट करने की सुविधा 30 जून 2026 तक के लिए बंद की जाए। एनटीए ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया है। नीट की यूजी 2026 पुनर्परीक्षा 21 जून को होने वाली है। यही नहीं पेपर लीक न हो, इसके लिए देश के इतिहास में पहली पार वायुसेना को भी इसमें शामिल किया गया है। परीक्षा के प्रश्न पत्र भारतीय वायुसेना हेलीकॉप्टर्स के जरिए 18 शहरों में भेजे जाएंगे। जिसके लिए तमिलनाडु में ट्रायल किया गया है। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य सुरक्षा इंतजामों को परखना और आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारियों को जांचना था। ताकि किसी भी तरह की आपात स्थिति से तुरंत निपटा जाए।

बताया जाता है कि नीट-यूजी री-एग्जाम के पेपर एयरफोर्स के ष्ट-17 विमान से पटना पहुंच गए हैं। पटना पहुंचने के बाद इन प्रश्न पत्रों को कड़ी सुरक्षा के बीच ट्रकों में लोड कर पोस्ट ऑफिस भेजने की प्रक्रिया हैं। यहां से डाक विभाग के माध्यम से इन्हें बिहार के अलग-अलग जिलों में पहुंचाया जाएगा। पेपर लीक रोकने के लिए अर्ध सैनिक बलों की भी मदद ली जा रही है। इसके अलावा हर परीक्षा केंद्र पर उम्मीदवारों का फेस रिकग्निशन (चेहरे की पहचान) और बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की गई है। परीक्षा में नकल रोकने और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज को ब्लॉक करने के लिए परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाए गए हैं। इसके अलावा सीसीटीवी की लाइव फीड सीधे एनटीए के दिल्ली स्थित कंट्रोल रूम को भेजी जाएगी। प्रश्नपत्र तैयार करने वाले विशेषज्ञों और मॉडरेटर्स को भी कड़ी सुरक्षा वाले गुप्त स्थान पर रखा गया है। सोशल मीडिया पर होने वाली मैसेजिंग व चैटिंग पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। सरकार अपने स्तर पर परीक्षा की पवित्रता बनाए रखने की कोशिश तो पूरी तरह कर रही है। लेकिन असल मुद्दा नैतिक ईमानदारी का है। वही नहीं रहेगी तो कोई व्यवस्था पेपर लीक होने से नहीं रोक सकती।

# साम्राज्यवाद बनाम न्याय की वैश्विक कसौटी

**साम्राज्यवाद का एक आधुनिक और सूक्ष्म रूप सोच पर नियंत्रण भी है। पश्चिमी मीडिया और वैश्विक डिजिटल मंच सूचनाओं के प्रवाह को इस तरह नियंत्रित करते हैं कि दमित समुदायों के न्यायसंगत प्रतिरोध को आतंकवाद और हमलावर की आक्रामकता को आत्मरक्षा के रूप में स्थापित कर दिया जाता है। यह डिजिटल शक्ति-संतुलन आज के दौर में साम्राज्यवाद का सबसे अदृश्य और घातक हथियार बन चुका है। फिलिस्तीन अब 'ग्लोबल साउथ' के लिए औपनिवेशिक अन्याय के विरुद्ध साझा एकजुटता का प्रतीक बन चुका है। दक्षिण अफ्रीका द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय न्यायालय' में इजरायल की सैन्य कार्रवाई को चुनौती देना इस तथ्य का ठोस प्रमाण है कि यह संघर्ष अब संकीर्ण संप्रदायवाद की सीमाओं को लांघ चुका है।**

**विवेकानंद माथने**



मध्य-पूर्व की राजनीति को अक्सर शिया-सुन्नी विभाजन के चश्मे से देखा जाता है, लेकिन वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में फिलिस्तीन का मुद्दा इस पारंपरिक धारणा को गंभीर रूप से चुनौती देता है। फिलिस्तीनी समाज लगभग पूरी तरह (करीब 90-95 प्रतिशत) सुन्नी है, फिर भी उन्हें सबसे मजबूत और निरंतर समर्थन शिया राष्ट्र ईरान से मिल रहा है। आज का मध्य-पूर्व धार्मिक पहचान के बजाय दो नए ध्रुवों में बंट चुका है। एक ओर प्रतिरोध की धुरी सक्रिय है, जिसमें शिया-बहुल ईरान, सीरिया और हिज़्बुल्लाह के साथ-साथ सुन्नी हमास और यमन के हूती (ज़ैदी शिया) जैसे 'गैर-राज्य संगठन' शामिल हैं। धार्मिक भिन्नताओं के बावजूद ये सभी एक साझा साम्राज्य-विरोधी मंच पर एकजुट दिखाई देते हैं। इस गठबंधन का प्राथमिक उद्देश्य क्षेत्र में अमेरिकी प्रभुत्व वाली वैश्विक व्यवस्था को चुनौती देना और मौजूदा शक्ति संतुलन को बदलना है।

दूसरी तरफ, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और मिस्र जैसे शक्तिशाली सुन्नी राष्ट्र हैं, जो क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक व्यापार को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हैं। इन देशों के लिए फिलिस्तीन के प्रति सक्रिय सैन्य एकजुटता दिखाने के बजाय 'अब्राहम समझौते' जैसे कूटनीतिक प्रयास और पश्चिमी शक्तियों के साथ सुरक्षा गठबंधन कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं।

इस कूटनीतिक बदलाव के मूल में बड़े आर्थिक गलियारे और वैश्विक आर्थिक हब बनने की महत्वाकांक्षा है। इज़रायल के साथ संबंधों को सामान्य बनाना इन देशों की एक रणनीतिक मजबूरी बन चुकी है, ताकि वे अपने राष्ट्रीय विकास और दीर्घकालिक आर्थिक हितों को सुरक्षित कर सकें। यहाँ स्पष्ट रूप से व्यावहारिक राजनीति फिलिस्तीनी न्याय की पुकार पर हावी होती दिखाई दे रही है।

फिलिस्तीन संघर्ष अब मात्र एक क्षेत्रीय या धार्मिक विवाद नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक न्याय और शक्ति-संतुलन की एक नई कसौटी बन चुका है। अरब जगत का यह वैचारिक और राजनीतिक बिखराव इस वास्तविकता को रेखांकित करता है कि भविष्य में मध्य-पूर्व की दिशा धार्मिक पहचान के बजाय, साम्राज्यवाद के विरुद्ध उभरते नए रणनीतिक गठजोड़ों और शक्ति-समीकरणों से तय होगी। भले ही अरब देशों की सरकारें अमेरिका या इजरायल के साथ कूटनीतिक संतुलन बनाने का प्रयास करती हैं, लेकिन अरब जन-मानस (अरब स्ट्रीट) का फिलिस्तीन के प्रति भावनात्मक और धार्मिक जुड़ाव इतना गहरा है कि सरकारें इसे नजरअंदाज करने का जोखिम नहीं उठा सकतीं। इसलिए उन्हें फिलिस्तीन के पक्ष में खड़ा होना और प्रतीकात्मक समर्थन देना पड़ता है। वास्तव में, अरब सरकारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपनी आंतरिक स्थिरता और सत्ता-संरक्षण की है। उन्हें डर रहता है कि फिलिस्तीन के समर्थन में उमड़ने वाला जनाक्रोश कहीं उनके ही देशों में सत्ता-विरोधी आंदोलनों को न भड़का दे। 'अरब स्प्रिंग' के अनुभव ने दिखाया है कि जनभावनाएँ जब सड़कों पर उतरती हैं, तो वे शासन की वैधता और सत्ता-व्यवस्था को भी चुनौती दे सकती हैं। वर्तमान में दुनिया में 57 मुस्लिम बहुल देश और लगभग 2 अरब की मुस्लिम आबादी है, जो वैश्विक जनसंख्या का करीब 25 प्रतिशत हिस्सा है। इतनी विशाल जनसांख्यिकीय और आर्थिक क्षमता होने के बावजूद, यह समुदाय राजनीतिक रूप से गहराई से विभाजित है। 'ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन' जैसी संस्थाओं की निष्क्रियता यह दर्शाती है कि मुस्लिम देश अब भी एक साझा, प्रभावी और निर्णायक रणनीति बनाने में असमर्थ हैं।

यह विशाल आबादी अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों, विविध आर्थिक प्रणालियों और परस्पर विरोधी राष्ट्रीय हितों में बंटी हुई है। यही कारण है कि फिलिस्तीनी मुद्दे पर व्यापक जन-समर्थन के बावजूद इन देशों की भूमिका अक्सर कूटनीतिक बयानों और प्रतीकात्मक विरोध तक सीमित रह जाती है।

इस संघर्ष ने यह भ्रांति भी तोड़ दी कि मुस्लिम देश एकजुट होकर न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं। वास्तविकता इसके सर्वथा विपरीत है। जहाँ फिलिस्तीनी जनता अपने अस्तित्व और न्याय के लिए संघर्षरत है, वहीं अधिकांश मुस्लिम राष्ट्र अपनी आंतरिक सुरक्षा, सत्ता के संरक्षण और वैश्विक शक्तियों के साथ अपने व्यापारिक संबंधों के अंतर्विरोधों में उलझे हुए हैं। मुस्लिम जगत का यह बिखराव साम्राज्यवादी शक्तियों के लिए सबसे बड़ा अवसर बन जाता है, जो इन आंतरिक अंतर्विरोधों का लाभ उठाकर अपने हितों को आगे बढ़ाती हैं। विभिन्न वैश्विक और क्षेत्रीय शक्तियाँ अपने-अपने हितों के अनुसार इस विभाजन का उपयोग करती रही हैं। परिणामस्वरूप मानवीय संवेदनाओं को हाशिए पर धकेल दिया जाता है।

अमेरिका और इज़रायल ने इसी स्थिति का रणनीतिक लाभ उठाते हुए सुन्नी राष्ट्रों की सुरक्षा चिंताओं, विशेषकर ईरान के बढ़ते प्रभाव के भय को हथियार बनाया है और उनके साथ अपने सुरक्षा गठबंधनों को मजबूत किया है। वहीं दूसरी ओर, चीन द्वारा ईरान-सऊदी संबंधों में मध्यस्थता की सफल कोशिश और सीरिया में रूस का बढ़ता प्रभाव यह दर्शाता है कि एक पश्चिमी प्रभुत्व को चुनौती देने वाला वैकल्पिक शक्ति-संतुलन आकार ले रहा है। यह बहुध्रुवीय विश्व के उभरने का संकेत है।

पश्चिमी साम्राज्यवादी शक्तियाँ अक्सर लोकतंत्र और मानवाधिकार के आवरण में अपने हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर, एक सुव्यवस्थित इकाई की तरह काम करती हैं। अपने आर्थिक वर्चस्व और सामरिक नियंत्रण को बनाए रखने के लिए वे कई बार अंतरराष्ट्रीय कानूनों और बुनियादी मानवीय अधिकारों को भी दरकिनार करने में संकोच नहीं करते। इसके विपरीत, उनके विरुद्ध खड़ा प्रतिरोध अक्सर नेतृत्व के संकट, संसाधनों के अभाव और आपसी प्रतिस्पर्धा का शिकार हो जाता है। साम्राज्यवाद का एक आधुनिक और सूक्ष्म रूप सोच पर नियंत्रण भी है। पश्चिमी मीडिया और वैश्विक डिजिटल मंच सूचनाओं के प्रवाह को इस तरह नियंत्रित करते हैं कि दमित समुदायों के न्यायसंगत प्रतिरोध को आतंकवाद और हमलावर की आक्रामकता को आत्मरक्षा के रूप में स्थापित कर दिया जाता है। यह डिजिटल शक्ति-संतुलन आज के दौर में साम्राज्यवाद का सबसे अदृश्य और घातक हथियार बन चुका है।

फिलिस्तीन अब 'ग्लोबल साउथ' के लिए औपनिवेशिक अन्याय के विरुद्ध साझा एकजुटता का प्रतीक बन चुका है। दक्षिण अफ्रीका द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय न्यायालय' में इजरायल की सैन्य कार्रवाई को चुनौती देना इस तथ्य का ठोस प्रमाण है कि यह संघर्ष अब संकीर्ण संप्रदायवाद की सीमाओं को लांघ चुका है। यह अब केवल एक क्षेत्रीय मुद्दा न रहकर अंतरराष्ट्रीय न्याय व्यवस्था की जवाबदेही का प्रश्न बन गया है।

आज फिलिस्तीन केवल एक भू-राजनीतिक विवाद नहीं, बल्कि साम्राज्यवाद बनाम न्याय की वैश्विक कसौटी बन गया है। यह संघर्ष आत्मनिर्णय के अधिकार और मानवीय गरिमा की बहाली का एक स्पष्ट आह्वान है। यह दुनिया को याद दिलाता है कि जब तक बुनियादी मानवाधिकार सुरक्षित नहीं होते, तब तक न्याय की वैश्विक अवधारणा अधूरी रहती है। (सप्रेस)

अध्यात्म

## क्रोध मनुष्य के सबसे बड़े शत्रुओं में से एक

गौतम बुद्ध की शिक्षाओं में क्रोध को मनुष्य के सबसे बड़े शत्रुओं में से एक माना गया है। बुद्ध के अनुसार, गुस्सा अक्सर अतीत की घटनाओं या भविष्य की चिंता से आता है। बुद्ध का मानना था कि गुस्सा सबसे पहले उसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचाता है, जिसके मन में वह उत्पन्न होता है। बुद्ध की एक प्रसिद्ध शिक्षा है कि क्रोध उस जलते हुए अंगारे की तरह है जिसे हम किसी दूसरे पर फेंकना चाहते हैं, लेकिन उससे पहले वह हमारे ही हाथ को जला देता है। उनका कहना था कि गुस्सा अपने भीतर ही ज़हर की तरह है। यह दूसरों को नहीं, बल्कि हमें ही जलाता है। इसलिए, उनका मानना था कि गुस्से को ध्यान व जागरूकता से शांत किया जा सकता है। धम्मपद में कहा गया है – 'गुस्से को बिना गुस्से से जीतें, दुष्ट को अच्छाई से, कंजूस को उदारता से और झूठे को सत्य से'। बुद्ध ने गुस्से को तीन विषों (लोभ, क्रोध, अज्ञान) में से एक बताया है और उनके अनुसार इसे धैर्य (क्षमा), करुणा, ध्यान और सत्यता से ख़त्म किया जा सकता है। इससे जुड़ी एक कथा भी है, जिसके अनुसार एक भिक्षु ध्यान कर रहा था। तभी उसकी नाव से दूसरी नाव टकराई। उसे गुस्सा आया, लेकिन जब उसने आँखें खोलीं तो देखा कि वह नाव खाली थी। इस घटना से उसे समझ आया कि गुस्सा भीतर से उठता है और बाहर की परिस्थितियाँ केवल उसे उकसाती हैं। गुस्से का सबसे पहला दुष्प्रभाव हमारे अपने मन, शरीर और सोच पर पड़ता है। इसलिए, प्रतिक्रिया देने से पहले रुकना सीखना चाहिए। फिर कुछ क्षण शांत रहें और गहरी सांसें लें। अपने विचारों को देखें। परिस्थिति को समझने का प्रयास करें। अक्सर कुछ समय बाद वही बात उतनी बड़ी नहीं लगती, जितनी क्रोध के क्षण में लग रही होती है। यह प्रक्रिया माइंडफुलनेस अभ्यास से जुड़ा है, जो बौद्ध शिक्षाओं का एक महत्वपूर्ण भाग है। जब व्यक्ति अपने विचारों और भावनाओं को बिना निर्णय किए देखना सीखता है, तब वह क्रोध के प्रभाव में बहने के बजाय उसे समझ सकता है। बुद्ध का मानना था कि सजगता क्रोध को नियंत्रित करने का प्रभावी साधन है। घृणा से घृणा कभी समाप्त नहीं होती, प्रेम से ही समाप्त होती है। उनका यह संदेश था कि क्रोध का उत्तर क्रोध से देने पर समस्या और बढ़ती है, जबकि धैर्य और करुणा से समाधान निकल सकता है। बुद्ध ने करुणा को बहुत महत्व दिया है। उनका मानना था कि कई बार लोग अज्ञानता, दु:ख या परिस्थितियों के कारण गलत व्यवहार करते हैं। यदि हम केवल प्रतिक्रिया देने के बजाय सामने वाले की स्थिति को समझने का प्रयास करें, तो क्रोध कम हो सकता है। गौतम बुद्ध ने कहा था कि हजारों युद्ध जीतने से बड़ी जीत स्वयं पर विजय पाना है। जो व्यक्ति अपने क्रोध, अहंकार और नकारात्मक भावनाओं को नियंत्रित कर लेता है, वह वास्तव में शक्तिशाली माना जा सकता है। बुद्ध के अनुसार गुस्से को दबाना नहीं, बल्कि उसे समझना और उसके प्रति सजग होना आवश्यक है।

# धर्म - संस्कृति : भारतीय संस्कृति में हाथियों का विशिष्ट महत्व

**बौद्ध धर्म और जैन धर्म में भी हाथियों को प्रति आस्था से जुड़ी प्राप्त बहुत कथाओं में उनका स्पष्ट उल्लेख है। 24 तीर्थंकरों में दूसरे अजीत नाथ का चिह्न हाथी के रूप में स्वीकार किया जाता है।रानी माया देवी को भगवान बुद्ध के जन्म के पूर्व एक सफेद हाथी के गर्भ में प्रवेश करने का सपना आया था,ऐसे भी भगवान बुद्ध के प्रतीकों में हाथी का भी उल्लेख है,जिन्हें जन्म का प्रतीक माना जाता है। इसके साथ ही पवित्रता,ज्ञान और संघ शक्ति के रूप में भी हाथी का उल्लेख आया है।गुरु गोविंद सिंह का प्रसादी हाथी सिख धर्म में अमर है।विवरण है कबीर की बढ़ती हुई लोकप्रियता को देखकर सम्राट सिकंदर लोदी ने में खूनी हाथी के सामने सिक्कड़ों में जकड़ कर प्रस्तुत किया लेकिन भगवत्कृपा से कबीर का बाल बांका भी नहीं हुआ और हाथी की नतमस्तक हो गया। प्राचीन भारतीय इतिहास में हाथियों का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण था।हाथी न केवल शक्ति, संप्रभुता और आर्थिक समृद्धि के प्रतीक थे बल्कि दक्षिण भारतीय किस राजवंश के हस्ती सी सर्वाधिक थेभारतीय संस्कृति,कला और धार्मिक मान्यताओं का मुख्य आधार गजारोहण के रूप में अभिहित थे।**

**डॉ.राकेश कुमार सिन्हा'रवि'**

आदि अनादि काल से भारतीय सभ्यता संस्कृति में हाथी को बड़ा ही शक्तिशाली, बुद्धिमान और पवित्र पशु के रूप में स्वीकार किया गया है तो हाथी ऐश्वर्य, दिव्यता, धैर्य और समृद्धि के प्रतीक के रूप में भारतीय धर्म ग्रंथो में गजराज के नाम प्रतिष्ठा प्रदान किया गया है।

भारतीय सभ्यता संस्कृति में समुद्र मंथन के दौरान चौदह रत्नों में एक प्रकट हुए सफेद हाथी ऐरावत को देवराज इंद्र का वाहन बताया जाता है यह स्वर्ग का ऐश्वर्य और सात्विकता का प्रतीक है।

श्री विष्णु पुराण,भागवत पुराण आदि की प्रसिद्ध कथा के अनुसार गजेंद्र को भगवान विष्णु द्वारा मगरमच्छ से बचाया गया।यही कारण है कि आज भी गंगा और गंडक के संगम पर हरिहर क्षेत्र( सोनपुर )में गजराज के इस युद्ध स्थल में विशाल धार्मिक समागम का आयोजन होता है।गजेंद्र मोक्ष की कथा उस जमाने से आज तक भारतीय समाज में आदर और प्रतिष्ठा के साथ बनी हुई है। हिंदू धर्म में प्रथम पूज्य भगवान गणेश का मस्तष्क हाथी का है।वह ज्ञान,बुद्धि, विद्या व मंगल प्रदाता के साथ सभी विध्नों को दूर करने वाले विध्नहर्ता स्वामी के रूप में पूजे जाते हैं।

भारतीय धर्म संस्कृति में हाथी का संबंध भगवती लक्ष्मी से है तो हाथी आदि शिल्पी विश्वकर्मा के वाहन के रूप में भी स्थापित हैं। भगवती लक्ष्मी के अष्ट रूपों में एक रूप गजलक्ष्मी है।नवरात्रि के दिनों में हाथी पर दुर्गा जी का आगमन बड़ा ही शुभकारी माना गया है।पौराणिक कथाओं के अनुसार इस पृथ्वी को आठ दिशाओं से खड़े होकर जिन आठ शक्तिशाली हाथियों ने अपने मस्तिष्क पर धारण किया है उन्हें 'अष्ट दिग्गज' कहा गया है।भारतीय कलात्मक विग्रह में यह सौभाग्य कहिए कि हाथी की उपस्थिति देवता और देवी दोनों के साथ देखा जा सकता है।फलक,स्तंभ,शिखर और जगमोहन के चित्रण के साथ-साथ वाह्य अलंकरण में भी हाथियों को यथेष्ठ स्थान दिया जाना इस बात का प्रतीक है कि प्रारंभिक काल से यहां हाथियों की प्रतिष्ठा प्रभविष्णु बनी रही।चाहे सैंधव घाटी के खिलौने,चाहे पंच मार्क सिक्के, रहा हो, चाहे बौद्ध धर्म में तथागत के श्रद्धा समर्पण में बने सभी स्तूप और उनके तोरण द्वार... सभी जगह हाथियों को यथासंभव स्थान मिलना इसकी विशिष्टता का प्रत्यक्ष प्रबंध है।

बौद्ध धर्म और जैन धर्म में भी हाथियों को प्रति आस्था से जुड़ी प्राप्त बहुत कथाओं में उनका स्पष्ट उल्लेख है। 24 तीर्थंकरों में दूसरे अजीत नाथ का चिह्न हाथी के रूप में स्वीकार किया जाता है।रानी माया देवी को भगवान बुद्ध के जन्म के पूर्व एक सफेद हाथी के गर्भ में प्रवेश करने का सपना आया था,ऐसे भी भगवान बुद्ध के प्रतीकों में हाथी का भी उल्लेख है,जिन्हें जन्म का प्रतीक माना जाता है। इसके साथ ही पवित्रता,ज्ञान और संघ शक्ति के रूप में भी हाथी का उल्लेख आया है।गुरु गोविंद सिंह का प्रसादी हाथी सिख धर्म में अमर है।विवरण है कबीर की बढ़ती हुई लोकप्रियता को देखकर सम्राट सिकंदर लोदी ने में खूनी हाथी के सामने सिक्कड़ों में जकड़ कर प्रस्तुत किया लेकिन भगवत्कृपा से कबीर का बाल बांका भी नहीं हुआ और हाथी की नतमस्तक हो गया। प्राचीन भारतीय इतिहास में हाथियों का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण था।हाथी न केवल शक्ति, संप्रभुता और आर्थिक समृद्धि के प्रतीक थे बल्कि दक्षिण भारतीय किस राजवंश के हस्ती सी सर्वाधिक थेभारतीय संस्कृति,कला और धार्मिक मान्यताओं का मुख्य आधार गजारोहण के रूप में अभिहित थे।कई अर्थों में चतुरंगिणी सेना के पहले तत्व हाथी ही माने जाते हैं। विवरण है जिस राजा के पास जितनी हाथी रहते,उन्हें उतना ही शक्तिशाली माना जाता था।

भारतीय कला संस्कृति में भी विभिन्न स्थानों पर हाथियों को स्थान दिया गया और तो और सिक्कों में भी हाथी का स्थान देखा जा सकता है जिसमें गुप्त सम्राट कुमार गुप्त का गजारोही प्रकार का स्वर्ण सिक्का भारत प्रसिद्ध है। यह बिल्कुल सत्य है कि तकरीबन 1000 वर्षों तक भारतीय सभ्यता संस्कृति का सिरमौर बना रहा मगध प्रदेश के सर्वांगीण उत्थान में हाथियों का विशेषकर योगदान रहा।मगध नरेश जरासंध के बारे में कहा जाता है कि ये 10,000 हाथियों के बल के बराबर शक्ति का स्वामी था।अभिलेखीय विवरण है कि दक्षिण भारत में चोल राजवंश के पास 60,000 से अधिक युद्धक हाथी मौजूद थे।

प्राचीन भारत में व्यापार और वाणिज्यिक क्षेत्र में भी हाथियों की महत्ता बनी रही। माल ढुलाई से लेकर जंगलों से लकड़ी लाने और कठिन रास्तों को निर्माण में हाथियों का योगदान होता ही था तो युद्ध के समय हाथियों की महत्ता सदैव बनी रही।प्राचीन भारत में हाथी को रत्न कहा गया है और कितने ही राजा अपने को 'गजपति' उपाधि धारण कर गौरवान्वित होते थे। प्राचीन भारत में इक्ष्वाकु राजवंश का राज्य चिह्न हाथी ही था। विवरण है कि मौर्य सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य सेल्यूकस निकेटर को 500 युद्ध के हाथी उपहार में दिए थे। मध्यकालीन इतिहास में रानी लक्ष्मीबाई का गजराज, शहंशाह अकबर का हवाई हाथी,औरंगजेब का जंगी हाथी, महाराणा प्रताप का रामप्रसाद और टीपू सुल्तान का कालू इतिहास चर्चित है।

कौटिल्य के अर्थशास्त्र में हमें राज्य के सप्तांग सिद्धांत के अंतर्गत् हस्थ्याध्यक्ष पद का विवरण मिलता है जो हथसार के प्रधान हुआ करते थे। इतिहास गवाह है कि सिकंदर भारतीय सेनाओं में जिनसे सर्वाधिक भयभीत हुआ,उनमें प्रशिक्षित हाथियों के बारे में यूनानी इतिहासकार स्पष्ट रूप में लिखते हैं। प्राचीन भारतीय सेना, समृद्धि और शानो-शौकत का प्रतीक हाथी आज भी स्थल पर के बड़े जीवों में एक है और किसी भी मांगलिक कार्यों में हाथी का होना बड़ा शुभकारी माना जाता है। वर्तमान में झारखंड राज्य का प्रतीक चिन्ह हाथी है तो केरल और कर्नाटक का राजकीय पशु हाथी ही है। भारतवर्ष के केरल राज्य के गुरुवायुर कृष्ण मंदिर में आज भी हाथी दौड़ का आयोजन किया जाता है।यह गौरव की बात है कि प्रत्येक वर्ष 2012 से 12 अगस्त को 'विश्व हाथी दिवस' का आयोजन किया जाता है।पुरातन काल से लेकर नए जमाने में भी हाथियों की उपयोगिता बनी है और इसी क्रम में 20 जून को पटना के बिहार संग्रहालय में राष्ट्रीय कला निधि का कार्यक्रम 'गज-लोक' प्रदर्शनी का आयोजन एक सार्थक और बहुत सराहनीय पहल है, जिसका कला और संस्कृति के क्षेत्र में अपना अलग महत्व है।सचमुच भारतीय धर्म, संस्कृति और कला जगत् में हाथियों के युग युगीन महत्व से इनकार नहीं किया जा सकता।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज हर कदम सोच-समझकर बढ़ाने की जरूरत है, खासकर कारोबार और पैसों से जुड़े मामलों में। जल्दबाजी में लिया फैसला बाद में पछतावा दे सकता है।

**वृषभ**
आज मेहनत का फल मिलने से मन संतुष्ट रहेगा और आर्थिक स्थिति भी मजबूत महसूस होगी। घर में धार्मिक माहौल बनाने का मन हो सकता है।

**मिथुन**
आज मन थोड़ा उलझा हुआ रह सकता है और किसी पुराने कानूनी या जरूरी मामले को लेकर चिंता बनी रह सकती है। अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क**
आज दूसरों की मदद और अच्छे व्यवहार से समाज में आपकी पहचान मजबूत होगी। लंबे समय से रुकी चीजें धीरे-धीरे आगे बढ़ती नजर आएंगी।

**सिंह**
आज का दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नया करने का विचार मन में आएगा और यही बदलाव आगे सफलता का कारण बन सकते हैं।

**कन्या**
आज मेहनत और लगन आपका सबसे बड़ा सहारा बनेगी और अच्छे परिणाम भी दिलाएगी। जरूरतों और आराम की चीजों पर खर्च बढ़ सकता है।

**तुला**
प्रभावशाली लोगों से मुलाकात भविष्य के लिए नए रास्ते खोल सकती है। आपकी सकारात्मक सोच आपको हर परिस्थिति में आगे बढ़ाएगी।

**वृश्चिक**
आज धैर्य और समझदारी से काम लेना बेहद जरूरी होगा, क्योंकि जल्दबाज़ी नुकसान करा सकती है। आपका आत्मविश्वास और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे।

**धनु**
आज समझदारी और संतुलन के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। व्यापार में फंसा हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है, राहत महसूस होगी। संतान के करियर को लेकर चिंता रह सकती है।

**मकर**
आज धैर्य और शांति बनाए रखना आपके लिए सबसे ज्यादा जरूरी रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग भावनात्मक मजबूती देगा। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें।

**कुंभ**
आज लाभ के कई अवसर सामने आ सकते हैं, लेकिन जल्दबाज़ी से बचना जरूरी होगा। नौकरी या रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है।

**मीन**
आज कुछ चुनौतियां सामने आ सकती हैं, लेकिन आपकी आस्था और सकारात्मक सोच आपको संभाल लेगी। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में मन लगेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 13 आंगनबाड़ी केंद्रों पर 20 जून को होगा सामाजिक अंकेक्षण

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाल विकास परियोजना धनरूआ अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर 20 जून 2026 को सामाजिक अंकेक्षण कराया जाएगा। सीडीपीओ ने सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं को केंद्रों पर स्वयं उपस्थित रहकर अंकेक्षण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। सामाजिक अंकेक्षण के लिए चिन्हित केदो में महमदपुर-कोड संख्या 65, रेडबीघा-135, किशुनगंज-175, वलीपुर-70, जनकपुर-33, कादिरगंज-193, नासिरनाचक-171, दमड़ीचक-173, भाईपुर-213, चक्रहारा-152, सकरपूरा-57, गिरपरता बीघा-257 और साई-41आदी है,जहां नेहा कुमारी को महमदपुर व रेडबीघा, मधुलता कुमारी को किशुनगंज व वलीपुर, स्वीटी कुमारी को जनकपुर व कादिरगंज, मंजु कुमारी को नासिरनाचक व दमड़ीचक, रींकी कुमारी को भाईपुर व चक्रहारा तथा प्रखंड समन्वयक निर्मल कुमार को सकरपूरा, गिरपरता बीघा व साई केंद्र का अंकेक्षण कराना है।सीडीपीओ ने पूर्व में भी सभी केंद्रों पर सामाजिक अंकेक्षण कराने का निर्देश जारी किया है।

### नाबालिग से छेड़खानी का प्रयास, आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव में गुरुवार देर रात छत पर सो रही नाबालिग लड़की से छेड़खानी के प्रयास का मामला सामने आया है। परिजनों ने आरोपी युवक को मौके पर पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।पीड़िता के चाचा रामबाबू मांझी ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि रात में खाना खाने के बाद सभी छत पर सोने गए थे। इसी दौरान पड़ोस का युवक अंकित कुमार छत पर आया और नाबालिग के साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया। आहट होने पर परिजन जाग गए और आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

### जनकल्याण शिविर में मसौढ़ी बना 'टॉपर', पुनपुन सबसे 'फिसड्डी'

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय जनकल्याण शिविर में मसौढ़ी प्रखंड सबसे आगे रहा, जबकि पुनपुन प्रखंड निष्पादन के मामले में सबसे फिसड्डी साबित हुआ। मसौढ़ी में 90% से ज्यादा मामलों का ऑन-द-स्पॉट निपटारा किया गया। तीन दिनों में कुल 380 आवेदन आए, जिनमें से 341 मामलों का निष्पादन कर दिया गया। सिर्फ 39 मामले प्रक्रियाधीन हैं जबकी धनरूआ- दूसरे नंबर पर है जहाँ कुल 91 मामले आए, जिनमें 54 का निपटारा हुआ। 37 मामले लंबित हैं।वहीं पुनपुन- सबसे फिसड्डी रहा है। जहाँ तीन दिनों में 230 आवेदन आए, लेकिन महज 53 मामलों का ही समाधान हो सका। 177 मामले अब भी लंबित हैं। गौरतलब है की अधिकारियों का कहना है कि मसौढ़ी में सभी विभागों के पदाधिकारियों ने सक्रियता दिखाई और ऑन-द-स्पॉट मामलों का निपटारा किया। इससे जनता को बड़ी राहत मिली। वहीं पुनपुन में निष्पादन की धीमी गति पर सवाल उठ रहे हैं। शिविर का उद्देश्य जनता की राजस्व, पेंशन, राशन, आवास, मनरेगा और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी समस्याओं का तुरंत समाधान करना था। मसौढ़ी में 89.7% मामलों का निपटारा हुआ, जबकि पुनपुन में यह आंकड़ा सिर्फ 23% रहा।

### पिस्टल लहराते युवक का वीडियो वायरल, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोसवरी थाना क्षेत्र के तारतर गाँव में गुरुवार को नाली का पानी बहाने को लेकर दो पड़ोसियों में हुआ विवाद हथियार लहराने तक पहुँच गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।तारतर निवासी विजय यादव का कहना है कि नाली के पानी को लेकर पड़ोसी मनीष कुमार से कहासुनी हुई थी।कहासुनी बढ़ने पर मनीष कुमार ने मौके पर पिस्टल निकाल कर लहरा दी, जिसे आसपास मौजूद लोगों ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया।वीडियो गुरुवार शाम से ही व्हाट्सएप और फेसबुक पर फैलने लगा, जिससे गाँव में तनाव की स्थिति बन गई।घोसवरी थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि विजय यादव की लिखित शिकायत पर तुरंत मामला दर्ज किया गया। वायरल वीडियो को साक्ष्य मानते हुए पुलिस टीम ने छापेमारी कर मनीष कुमार को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### अथमलगोला में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख रीना देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की सामान्य बैठक संपन्न हुई।जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि बैठक में सभी विभागों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि यह एक सामान्य बैठक थी। जिसमें सदस्यों ने भी अपने विचार रखें।बैठक में प्रभारी अंचलाधिकारी सह राजस्व अधिकारी भावेश कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी दीवा श्री, प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ अमन कुमार , जीविका बीपीएम स्वाति श्रीवास्तव सहित सभी पंचायत समिति सदस्य एवं कई विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### टी.पी.एस. कॉलेज, पटना में प्रो. तनुजा के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा विभागीय सेमिनार हॉल में जामिया मिल्लिया इस्लामिया,



नई दिल्ली की प्रोफेसर, डीन अकादमिक अफेयर्स, सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ सोशल इंक्लूजन की मानद निदेशक तथा सेंटर फॉर इंटर डिसिप्लीनरी रिसर्च इन बेसिक साइंसेस की प्राध्यापक प्रो. तनुजा के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य एवं अन्य अतिथियों द्वारा प्रो. तनुजा को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। इस अवसर पर डॉ शांडिल्य ने कहा कि प्रो. तनुजा ने अपने समर्पण, अनुशासन और अकादमिक दृष्टि के माध्यम से महाविद्यालय में उत्कृष्टता की ऐसी परंपरा स्थापित की, जो आने वाले समय में भी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करती रहेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जामिया मिल्लिया इस्लामिया में भी प्रो. तनुजा अपनी विद्वता और नेतृत्व क्षमता के बल पर नई उपलब्धियाँ अर्जित करेंगी तथा राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा और शोध के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देती रहेंगी। इस अवसर पर इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत कुमार एवम डॉ मुकुंद कुमार ने कहा कि प्रो. तनुजा की शैक्षणिक प्रतिबद्धता, विद्यार्थियों के प्रति समर्पण तथा शोध के प्रति उनका दृष्टिकोण सदैव युवा शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उन्होंने प्रो. तनुजा के स्वस्थ एवं सफल भविष्य की कामना की। प्रो. तनुजा ने टी.पी.एस. कॉलेज में बिताए गए समय को स्मरण करते हुए कहा कि यह संस्थान और यहाँ का आत्मीय वातावरण सदैव उनके हृदय के निकट रहेगा तथा भविष्य में भी उनका अकादमिक सहयोग और स्नेह महाविद्यालय परिवार के साथ बना रहेगा।

### टेंपो चालक से लूटपाट मामले मे एक गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टेंपो चालक से लूटपाट के मामले में धनरूआ पुलिस ने गयाजी के डेल्हा थाना क्षेत्र के बागेश्वरी गुमटी संजय नगर वार्ड नंबर 6 से कृष्ण कुमार पिता राजेश कुमार को गिरफ्तार किया है। दरअसल घटना बीते 3 अगस्त 2023 की रात 10:30 बजे की है जहां पर सीएनजी ऑटो चालक संजय कुमार ने धनरूआ थाने में ऑटो, मोबाइल पैसा लूट कांड का मामला दर्ज करवाया था।पीड़ित चालक संजय कुमार, पिता- राजु साव, निवासी बैरिया जोल बिगहा ने पुलिस को बताया कि 3 अगस्त की रात करीब 10:30 बजे वह अपना टेंपो लेकर मसौढ़ी स्टेशन जा रहा था। जहाँ करमलीचक एचपी पेट्रोल पंप से गैस भरवाने के बाद उसने पांच अज्ञात सवारियों को बैठाया। चालक के अनुसार, सवारियों को लेकर वह पहाड़ी-बैरिया गौरीचक होते हुए धनरूआ थाना क्षेत्र के रास्ते मसौढ़ी मोड़ पहुंचा। वहां सवारियों ने फोरलेन पर छोड़ने को कहा। फोरलेन पर पहुंचने के बाद जब चालक ने किराया मांगा तो बदमाशों ने कहा कि उनके पास नकद नहीं है। चालक ने ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा होने की बात कही और दोस्त के नंबर पर पैसे भेजने को कहा। इसी बात पर बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया। बदमाशों ने चालक के साथ मारपीट की और उसका मोबाइल व नकदी छीनकर हाथ-पैर बांधकर सड़क किनारे झाड़ी में फेंक दिया था।

# मानसून के 'हरकारों' की दानापुर में दस्तकः छावनी क्षेत्र बना विदेशी मेहमान 'जांघिल' का सुरक्षित आशियाना

धर्मेंद्र कुमार



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानसून की पहली फुहारों की प्रतीक्षा कर रहे दानापुर के निवासियों के लिए इस बार प्रकृति ने एक अनोखा संदेश भेजा है। दानापुर छावनी के शांत और हरियाली भरे इलाकों में प्रवासी पक्षियों के राजा कहे जाने वाले 'जांघिल' का आगमन हो चुका है। इन राजसी पक्षियों का यहां पहुंचना इस बात का परिचायक है कि मानसून अब महज कुछ दिनों की दूरी पर है।

**प्रकृति का अद्भुत चक्रः मानसून और जांघिल का नाता**

स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों और पक्षी विशेषज्ञों का मानना है कि जांघिल और मानसून का रिश्ता बहुत पुराना है। इन पक्षियों की जैविक घड़ी बिल्कुल सटीक होती है। ये मानसून के आने से ठीक पहले अपने प्रजनन स्थलों की तलाश में दानापुर पहुँचते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इन पक्षियों का यहाँ दिखना स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यंत शुभ संकेत है। ये न केवल मानसून के सक्रिय होने की घोषणा करते हैं, बल्कि स्थानीय आर्द्रभूमि और जल स्रोतों की बेहतर स्थिति को भी प्रमाणित करते हैं।

**छावनी क्षेत्र की शांतिः प्रजनन के लिए आदर्श स्थान**

दानापुर छावनी का वृहद वृक्षारोपण और यहाँ के जलाशयों की निकटता इन पक्षियों को अपनी ओर खींचती है। जांघिल यहाँ ऊँचे पेड़ों पर अपने घोंसले बनाएंगे। यह स्थान उनके चूजों के पालन-पोषण के लिए किसी 'सुरक्षित स्वर्ग' से कम नहीं है। ये पक्षी यहाँ अपने बच्चों को बड़ा करेंगे और उनकी उड़ान भरने की क्षमता विकसित होने तक उनकी देखभाल करेंगे। इनके प्रवास का यह क्रम सर्दियों की शुरूआत तक चलेगा। जब कड़ाके की ठंड दस्तक देगी, तब ये प्रवासी पक्षी अपने बच्चों के साथ वापस अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर जाएंगे।

क्या कहते हैं पर्यावरण विशेषज्ञ?

इस विषय पर वरिष्ठ पर्यावरणविद् ने बताया कि, "पेंटेड स्टॉर्क या जांघिल का आगमन संकेत है कि दानापुर की जैव-विविधता अभी भी जीवित है। ये पक्षी काफी संवेदनशील होते हैं और शोर-शराबे या प्रदूषण वाली जगह पर नहीं रुकते। छावनी क्षेत्र में इनका ठहराव यहाँ के वातावरण की शुद्धता और शांति को दर्शाता है।" उन्होंने आगे कहा कि यदि हम चाहते हैं कि हर साल ये मेहमान यहाँ आते रहें, तो हमें इनके पेड़ों और जलाशयों को मानवीय हस्तक्षेप से बचाना होगा।

**प्रशासन और निवासियों से अपील**

इन खूबसूरत मेहमानों के स्वागत के लिए स्थानीय निवासियों में भारी उत्साह है। प्रकृति प्रेमियों ने प्रशासन से मांग की है कि जिस इलाके में ये पक्षी बसेरा कर रहे हैं, वहां शांति बनाए रखी जाए और किसी भी प्रकार के भारी निर्माण या पेड़ों की कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। यह दानापुर के लिए गर्व की बात है कि इतने दुर्लभ पक्षी यहाँ अपना परिवार बसाने के लिए आ रहे हैं।

**दानापुर वासियों के लिए एक संदेश**

अगले कुछ हफ्तों तक दानापुर के आसमान में इन पक्षियों की अटखेलियां देखने को मिलेंगी। आप जब भी छावनी क्षेत्र से गुजरें, तो इनकी चहचहाहट का आनंद लें, लेकिन ध्यान रहे कि फोटोग्राफी या अवलोकन के दौरान इन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। यह हमारे शहर की प्राकृतिक धरोहर है, इसे संजोकर रखना हमारा सामूहिक कर्तव्य है।

# 'पटना' का नाम 'पाटलिपुत्र' करने की मुख्यमंत्री की घोषणा का हो रहा है स्वागत

## इस आंदोलन के पुरोधा रहे डा अनिल सुलभ ने बधाई दी और शीघ्र कार्यान्वयन के लिए किया आग्रह



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विगत 77 जून को फुलवारी शरीफ के एक आयोजन में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा पटना का नाम 'पाटलिपुत्र' करने की हुई घोषणा से नगरवासी ही नहीं बिहार के सभी सुबुद्ध नागरिक हर्षित हैं। इस सदी के आरम्भ में ही, 'पाटलिपुत्र जागरण अभियान समिति' के तत्त्वावधान में, पटना का नाम परिवर्तन कर, 'पाटलिपुत्र' करने हेतु चलाए गए जन-आंदोलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए, अभियान समिति और पटना के नागरिकों की ओर से कृतज्ञता ज्ञापित की है तथा इसके शीघ्र कार्यान्वयन का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री को लिखे बधाई और स्वागत पत्र में डा सुलभ ने स्मरण दिलाया है कि पूरे संसार में पहली बार किसी नगर के नाम-परिवर्तन का आंदोलन इसी नगर में, हमसे पूर्व, पिछली सदी के 9वें दशक में सेना से अवकाश प्राप्त सेनाध्यक्ष मेजर जनरल एस के सिन्हा ने आरम्भ किया था। पटना का नाम परिवर्तित कर 'पाटलिपुत्र' करने के आंदोलन आरम्भ होने के पश्चात देश और दुनिया के अनेक नगरों, यहां तक कि देशों के नाम बदले गए, पर पटना, अबतक 'पाटलिपुत्र' नहीं हो सका। स्मरणीय है कि डा सुलभ की अध्यक्षता में इस अभियान समिति ने पटना के विभिन्न सभागारों में ही नहीं, अपितु नुक्कड़-नुक्कड़ पर जन-सभाएं की थी, जिसे सभी वर्गों, संप्रदायों और विचारों के लोगों का अभूतपूर्व समर्थन प्राप्त हुआ था। इस जन-आंदोलन से नगर के हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, सभी धर्मों के लोग, प्रबुद्ध जन, शिक्षाविद, साहित्यकार और सभी दलों के राजनेता जुड़े हुए थे। त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल प्रो सिद्धेश्वर प्रसाद, बिहार विधान परिषद के तत्कालीन सभापति प्रो अरुण कुमार, पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डा एस एन पी सिन्हा, मगधविश्वविद्यालय के कुलपति मेजर बलबीर सिंह 'भसीन', बिहार अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष जनाब हारुन रशीद, कैथोलिक ऐसोशिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष श्री अनिल सेसिल साह आदि बड़ी संख्या में विभिन्न समुदाय के लोग सम्मिलित थे। इस आंदोलन का समर्थन आगे चलकर बिहार के तत्कालीन राज्यपाल आर एस गवई ने भी की थी और इस हेतु मुख्यमंत्री जी को पत्र भी लिखा था। बिहार विधान परिषद में इस हेतु सदन के सदस्य आजाद गांधी ने एक संकल्प भी लाया था, जिस पर सदन में उपस्थित अनेक मंत्रियों ने एक साथ खड़े होकर यह आश्वासन दिया था। इस बीच में इस जागृति-आंदोलन का एक लाभ अवश्य मिला कि नूतन परिसीमन में लोकसभा क्षेत्र का नाम अवश्य बदला और 'पाटलिपुत्र लोक सभा क्षेत्र' अस्तित्व में आया। एक नव-निर्मित रेलवे स्टेशन का नाम 'पाटलिपुत्र' हुआ।

### मारपीट व गोलीबारी मामले में फरार दो नामजद आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना पुलिस ने आपसी विवाद में हुई मारपीट और गोलीबारी के मामले में फरार चल रहे दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। दोनों को मोहिउद्दीनपुर गांव स्थित उनके घर से पकड़ा गया। घटना 14 जनवरी 2022 की है। धनरूआ थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव में बजरंगबली मंदिर के पास दो गुटों में जमकर विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चले और फायरिंग भी हुई। घटना से इलाके में दहशत फैल गई थी।मामले में धनरूआ थाने के पुलिस अवर निरीक्षक लवकुश कुमार के बयान पर दोनों पक्षों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी,प्रथम पक्ष में निर्मल कुमार, पिता- सुगन यादव समेत 8 नामजद व 10 अज्ञात पर केस। एवं द्वितीय पक्ष में मुकेश कुमार, पिता- वासुदेव प्रसाद, मरहा बिगहा की ओर से 4 नामजद व 10 अज्ञात पर मजमा लगाकर फायरिंग, दहशत फैलाने व भीड़ इकट्ठा करने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज हुआ था।

## खेत बचाओ अभियान का आयोजन



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत पटना जिले के ग्राम-परसावाँ, प्रखंड-पंडारक में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ रीता सिंह एवं उद्यान के वैज्ञानिक डॉ पुष्पम पटेल एवं गाँव के कृषकों ने भाग लिया। केन्द्र के प्रधान ने अपने संबोधन में उपस्थित कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा चलायी जा रही कृषकों के लिए प्रशिक्षण, कौशल विकास एवं प्रत्यक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को उर्वरकों एवं रासायनों के प्रयोग से पहले कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों से उचित सलाह लेकर ही संतुलित एवं अनुशंसित मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने किसानों से मिट्टी जाँच कराने की भी सलाह दी ताकि मिट्टी की सेहत अच्छी बनी रहे तथा उससे प्राप्त उत्पाद उच्च गुणवत्तायुक्त एवं विष मुक्त प्राप्त हो जो मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के अनुकूल हो। उन्होंने किसानों को अपने खेत में हरी खाद यथा मूंग, ढैंचा तथा गोबर की खाद भी प्रयोग करने की सलाह दी जिससे मिट्टी का भौतिक, रासायनीक एवं जैविक गुण संरक्षित रहे। उद्यान वैज्ञानिक ने अपने संबोधन में उद्यानीक फसलों में उर्वरक प्रबंधन, जीवाणु खाद का प्रयोग एवं सूक्ष्म पोशक तत्वों की फल-सब्जि उत्पादन में भूमिका को बतलाया। उन्होंने किसानों को अपने बाग में छत्रक प्रबंधन को भी विस्तारपूर्वक बतलाया।

## स्कूल बस की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, एक महिला की मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के छतरपुरा के पास शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे एक तेज रफ्तार स्कूल बस ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया और उसमें सवार चार लोग घायल हो गए।स्थानीय लोगों और मोकामा पुलिस ने तुरंत सभी घायलों को ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मोर स्टेशन निवासी साजन देवी (37) को मृत घोषित कर दिया। साजन देवी के पति का दो साल पहले ट्रेन से गिरकर निधन हो चुका था। तब से वह अपने दो छोटे बच्चों के साथ मोर से रोज मोकामा ब्लॉक आती थी और वन विभाग में मजदूरी कर परिवार चलाती थी। अस्पताल परिसर में जैसे ही मौत की खबर मिली, उसके दोनों बच्चों की चीखों से पूरा वार्ड गूंज उठा।घायलों की पहचान इंदु देवी, डुमरी, लखीसराय, कन्हैया कुमार, इंदु देवी का बेटा, अनिल पासवान बरहपुर निवासी ई-रिक्शा चालक के रूप में की गई। तीनों का इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है।

## मसौढ़ी की नूरा पंचायत में कृषि जन कल्याण चौपाल

### किसानों को दिए 'खेत बचाओ' के टिप्स, मोटे अनाज की खेती पर जोर




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि जन कल्याण चौपाल कार्यक्रम के तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को नूरा पंचायत में किसानों के लिए जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में किसानों को 'खेत बचाओ' अभियान के तहत वैज्ञानिक खेती और मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में किसान सलाहकार मदन प्रसाद, एटीएम रंजीत कुमार और कृषि समन्वयक ने मौजूद किसानों को सरकार की कृषि संबंधी लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। किसानों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि खेतों की मिट्टी का स्वास्थ्य ख्याल रखना बेहद जरूरी है। लगातार यूरिया और डीएपी का छिड़काव करने से मिट्टी की सेहत पर बुरा असर पड़ता है। इससे न केवल मिट्टी के पोषक तत्व कम हो जाते हैं, बल्कि खेतों में उगने वाले अनाज की पैदावार भी घट जाती है। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनवाने और उसी के अनुसार खाद का प्रयोग करने की सलाह दी गई।चौपाल में किसानों को मोटे अनाज की खेती के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही खेती की कई वैज्ञानिक पद्धतियों के बारे में विस्तार से बताया गया, जिससे कम लागत में बेहतर उत्पादन लिया जा सके। इस मौके पर नूरा पंचायत के बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने अधिकारियों से खेती से जुड़े कई सवाल भी पूछे, जिनका मौके पर समाधान किया गया। कृषि विभाग ने कहा कि यह अभियान सभी पंचायतों में चलाया जाएगा।

## ढाबा से 45 पुड़िया स्मैक, 11 हजार नकद जब्त, मां-बेटा गिरफ्तार



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एनएच-131 पर सैदपुर लोदीपुर गांव स्थित एक ढाबा से 45 पुड़िया स्मैक बरामद की है। मौके से 11 हजार रुपये नकद भी मिले हैं। पुलिस ने इस मामले में मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि लोदीपुर स्थित मनोरमा देवी के ढाबा पर स्मैक की खरीद-बिक्री की जा रही है। 18 जून को पुलिस टीम ने ढाबा पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान कागज सहित 27.60 ग्राम वजनी 45 पुड़िया स्मैक और 11,000 रुपये नकद बरामद हुए।पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें कृष्णा कुमार, उम्र 19 वर्ष, पिता- गणेश बिंद और मनोरमा देवी, पति- गणेश बिंद दोनों शेखपुरा गांव, थाना पिपरा, के रहने वाले हैं और रिश्ते में मां-बेटे हैं। पिपरा थाना में कांड सं. 66/26 को NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया चल रही है।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार महिला का कई आपराधिक इतिहास रहा है कई एनडीपीएस मामले मे नामजद रही है।बहरहाल बरामद स्मैक कहां से लाई गई थी और इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था, इसकी जांच की जा रही है।

## मसौढ़ी नगर परिषद बोर्ड बैठक में सफाई व्यवस्था पर सभी पार्षदों ने जताया आक्रोश



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद मसौढ़ी बोर्ड की सामान्य बैठक शुक्रवार को सफाई के मुद्दे पर हंगामेदार रही। सभी वार्ड पार्षदों ने मौजूदा सफाई एजेंसी की कार्यशैली पर जमकर आक्रोश जताया और एकमत से एजेंसी को हटाकर नई एजेंसी बहाल करने का प्रस्ताव पारित किया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद पिंकी देवी ने की। मौके पर उप मुख्य पार्षद चंद्रकांत कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन उपस्थित रहे।बैठक में सभी वार्ड पार्षदों ने कहा कि वर्तमान सफाई एजेंसी से कोई काम नहीं हो रहा है। ना तो वार्डों में ढंग से झाड़ू लग रहा है और ना ही नालियों की सफाई हो रही है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी पार्षदों ने एक सुर में एजेंसी को तत्काल हटाने की मांग की कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने पार्षदों को आश्वस्त किया कि अगले महीने से नई एजेंसी के माध्यम से या फिर कार्यालय द्वारा विभागीय स्तर पर सफाई व्यवस्था कराई जाएगी। इसके अलावा बैठक में सभी वार्डों में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उउळ्श लगाने पर सहमति बनी,बरसात से पहले सभी नालियों की सफाई और टूटे स्लैब व स्ट्रीट लाइट को ठीक कराने पर चर्चा हुई। वार्ड पार्षद उज्जवल कुमार ने आवास योजना में गड़बड़ी की शिकायत की, जिस पर समय रहते सुधार का आश्वासन दिया गया। बैठक में उप मुख्य पार्षद चंद्रकांत कुमार, सिटी मैनेजर शेखर कुमार प्रसाद, अमीन रामाधार के अलावा स्थायी सशक्त समिति के सदस्य और वार्ड पार्षद साबुजा देवी, नीरू कुमारी, कौशल देवी, आशा देवी, उर्वशी कुमारी, कृपाल राम, चंचला कुमारी, अंजनी कुमार, मधु पाल, खुशबू कुमारी,, नीलम देवी, चिंता देवी, रंजीत कुमार गुप्ता, शोभा देवी, राकेश कुमार, रिंकू कुमार, रिंकी कुमारी, मो.एकराम हुसनैन, देव कुमार, रेणु कुमारी, रूबी देवी, उज्जवल कुमार, आनंद शेखर, शैल देवी, उषा देवी, नूर फातिमा, ज्योति कुमारी, बिरेन कुमार उर्फ विरू समेत सभी वार्ड पार्षद शामिल रहे।

## एआई के दौर में आस्था पर हमला : डॉ. अतुल मलिकराम

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज मानव जीवन का सबसे प्रभावशाली तकनीकी औजार बन चुका है। चिकित्सा से लेकर शिक्षा और उद्योग से लेकर मनोरंजन तक, हर क्षेत्र में इसकी उपयोगिता साबित हो रही है। लेकिन हर शक्तिशाली तकनीक की तरह एआई का एक दूसरा पक्ष भी है, जो तब और भी अधिक चिंता का विषय बन जाता है जब इसका इस्तेमाल धर्म, आस्था और धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने के लिए होने लगे। पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर एआई से तैयार किए गए ऐसे वीडियो और फोटो की बाढ़ आ गई है, जिनमें देवी-देवताओं, धार्मिक स्थलों और आध्यात्मिक हस्तियों को ऐसे रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जिसका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं होता। कई बार भगवानों की तस्वीरों को इस तरह जीवंत दिखाया जाता है कि वे बोलते हुए प्रतीत होते हैं। उनके माध्यम से लोगों को डराया जाता है कि 'इस वीडियो को लाइक या शेयर नहीं किया तो दुर्भाग्य आएगा' या 'भगवान नाराज हो जाएंगे।' यह केवल भ्रामक कंटेंट ही नहीं, बल्कि लोगों की आस्था का मनोवैज्ञानिक शोषण भी है। हाल ही में पुरी के जगन्नाथ मंदिर से जुड़ा एक एआई-जनरेटेड वीडियो वायरल हुआ, जिसमें भगवान जगन्नाथ पर क्रेन से दूध चढ़ाते हुए दिखाया गया। मंदिर प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ऐसा कोई धार्मिक अनुष्ठान कभी नहीं हुआ और यह पूरी तरह फर्जी कंटेंट था। इसी तरह उज्जैन के महाकाल मंदिर से जुड़ी एक तस्वीर में एक व्यक्ति को गर्भगृह में बैठा दिखाया गया, जबकि वास्तविकता में वहां केवल अधिकृत पुजारियों को ही प्रवेश की अनुमति होती है।

## नई शिक्षा नीति के तहत एनएसएस द्वारा कॉलेज में अग्नि सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### फायर अफसर बोले- 80% मौतें धुएं से, भगदड़ नहीं- सूझबूझ बचाएगी जान



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्थित समीपवर्ती श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय,हिलसा के सभागार में शुक्रवार को नई शिक्षा नीति-2020 के तहत एईसी-4 के एनएसएस छात्रों के लिए अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। बिहार अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने वॉलेंटियर्स को आग से बचाव की व्यावहारिक ट्रेनिंग दी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह, अग्निशमन अनुमंडल पदाधिकारी शंभू कुमार प्रसाद, प्रधान अग्नि सहायक रजनीश कुमार, हिलसा फायर ब्रिगेड की पूनम कुमारी, ठरर प्रोग्राम पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी, डॉ. संदीपा इंद्रा, मीडिया कर्मी डॉ. राजीव नयन एवं डॉ. प्रभात कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अग्निशमन पदाधिकारी शंभू कुमार प्रसाद ने कहा कि आग लगना दुर्घटना है और इसे बुझाना इमरजेंसी सेवा। हमारा मकसद आपको आपात स्थिति के लिए तैयार करना है। होटल, हॉस्पिटल या कॉलेज में आग लगे तो भागें नहीं, भगदड़ न मचाएं। सूझबूझ से ही जानें बचेंगी। प्रधान अग्नि सहायक रजनीश कुमार ने आग के तीन कारण बताए— मानव निर्मित, औद्योगिक और प्राकृतिक। जंगल में सूखे पत्तों की रगड़ से भी आग लग जाती है। उन्होंने चेताया कि किचन में हमेशा पानी से भरी बाल्टी रखें। गैस पाइप समय-समय पर अधिकृत एजेंसी से ही बदलवाएं। फायर ब्रिगेड का सायरन सुनते ही रास्ता खाली कर दें। प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह ने कहा, आग जरूरी है लेकिन इसका सावधानी से यूज ही सही कदम है। गैस की गंध आने पर बिजली का स्विच न छुएं। खाना बनाते समय सूती कपड़े पहनें और रसोई में हवा का आवागमन रखें। कुंभ मेले में हुई आगजनी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अफरातफरी और कुप्रबंधन से ही पैनिक फैलता है। अग्निशमन अधिकारियों ने कॉलेज प्रांगण में गैस सिलेंडर में आग प्रज्वलित कर उसे आसानी से बुझाने के तरीके बताए।उन्होंने आग के प्रकार समझाए— अ श्रेणीः लकड़ी-कागज, इ श्रेणीः पेट्रोल-डीजल, उ श्रेणीः घरेलू गैस, ऊश्रेणीः मेटल व इलेक्ट्रिक फायर। हर आग बुझाने का तरीका अलग है। एनएसएस पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी ने बच्चों को पटाखों से दूर रखने की सलाह दी। मीडिया कर्मी डॉ. राजीव नयन सिंह ने कहा कि दीपावली-छठ पर पटाखे खुले स्थान पर अभिभावकों की देखरेख में ही चलाएं। शरीर में आग लगने पर भागें नहीं, बल्कि जमीन पर लेटकर लुढ़खें।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रखंड में चल रहे दलित महादलित विकास कार्यों की समीक्षा

– विकास मित्र की साप्ताहिक बैठक प्रखंड कार्यालय में संपन्न।

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को विकास मित्र की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कल्याण पदाधिकारी श्रावणी गुप्ता ने किया।बैठक के दौरान प्रखंड क्षेत्र में चल रही विभिन्न महादलित,एवं दलित कल्याण योजनाओं की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की गई।अधिकारी ने सभी विकास मित्रों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ धरातल पर हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। पेंशन और राशन कार्ड से जुड़े लंबित मामलों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। कार्य में लापरवाही बरतने वाले विकास मित्रों को चेतावनी देते हुए समय पर रिपोर्ट जमा करने को कहा गया।बैठक में मुख्य रूप से जिला समन्वयक सह विकास मित्र अशोक दास, प्रदीप कुमार दास, करन कुमार दास, संजय कुमार, शम्भू शरण दास, चन्दन प्रसाद रजक, अजय कुमार राउत, प्रेम कुमार दास, बिनोद कुमार दास, राजेश कुमार, किरण कुमारी, शिवानी कुमारी, बिमला देवी, अन्नपूर्णा देवी, सुनीता देवी, निशा कुमारी, प्रतिमा देवी, रानी कुमारी राउत, कांता कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।



### वाहन जांच अभियान, 23 वाहनों से वसूला 25 हजार जुर्माना

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए एकमा थाना पुलिस ने शुक्रवार को छपराझसिवान मुख्य मार्ग स्थित परसागढ़ मोड़ के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया। पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान दोपहिया एवं तीन पहिया वाहनों की बारीकी से जांच की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण प्रमाण-पत्र, बीमा दस्तावेज समेत अन्य आवश्यक कागजातों की पड़ताल की। अचानक शुरू हुई जांच से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। कई चालक आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ पाए गए, जबकि कुछ वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़े गए। एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में कुल 23 वाहनों का चालान काटा गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से कुल 25 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया। अभियान के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया और हेलमेट, वैध कागजात तथा सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व की जानकारी दी। थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया है।



### महिला के साथ मारपीट व छेड़खानी: 7 लोगों पर प्राथमिकी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के जगपुरा कॉलोनी में घर के दरवाजे पर बैठे व्यक्ति पर लोहे की रॉड और लाठी से हमला कर सिर फाड़ देने का मामला सामने आया है। बीच-बचाव करने आई पत्नी से छेड़खानी और मारपीट का भी आरोप है। पीड़ित सुबोध रविदास ने मसौढ़ी थाने में 7 लोगों के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित ने बताया कि 18 जून 2026 की शाम करीब 7:30 बजे वह परिवार के साथ घर के बाहर बैठे थे। तभी जगपुरा कॉलोनी निवासी नगीना नट, चनेश्वर नट, साधु नट, चंदन नट, सुरज नट, रेखा देवी और सरचनिया देवी नशे की हालत में रॉड, लाठी-भाला और धारदार हथियार लेकर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर नगीना नट ने रॉड और चन्देश्वर नट व साधु नट ने लाठी से हमला कर दिया, जिससे सुबोध का सिर फट गया। पीड़ित ने सभी आरोपियों को आपराधिक प्रवृत्ति का बताते हुए कानूनी कार्रवाई कर न्याय की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि इस घटना में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाई गई जैन श्रुत पंचमी

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जैन धर्म के महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व श्रुत पंचमी के अवसर पर पटना के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सहित मीठापुर दिगम्बर जैन मन्दिर, मुरादपुर जिनालय, कमलदह, गुरारा, कालीबीबी कटरा एवं पंचायती दिगम्बर जैन मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति और ज्ञान आराधना का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महासमिति बिहार झारखंड के महामंत्री एम पी जैन ने बताया की जैन आगम ग्रंथों, शास्त्रों एवं जिनवाणी की विशेष पूजा-अर्चना सभी दिगम्बर जैन मन्दिरों में की गयी. जैन ने बताया की जैन परंपरा में श्रुत पंचमी को ज्ञान और शास्त्रों के संरक्षण तथा संवर्धन के पर्व के रूप में मनाया जाता है। श्रुत पंचमी का पर्व जैन समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है और यह जिनवाणी के प्रति श्रद्धा प्रकट करने का विशेष अवसर होता है। जैन आगम केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं हैं, बल्कि वे अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, करुणा और नैतिक जीवन के अमूल्य संदेश देते हैं। श्रुत पंचमी के अवसर पर पटना के मुरादपुर जैन जिनालय में श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा अर्चना की और जैन ग्रंथों के संरक्षण का संकल्प लिया. जैन समाज के श्रद्धालुओं ने इस पावन अवसर पर जिनवाणी के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार का संकल्प लेते हुए समाज में शिक्षा, संस्कृति और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का आह्वान किया।



### आर्केस्ट्रा से 23 नाबालिग लड़कियां मुक्त, तीन गिरफ्तार

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिले के छौड़ादानो थाना क्षेत्र में पुलिस और जिला बाल संरक्षण इकाई की संयुक्त कार्रवाई में विभिन्न आर्केस्ट्रा संचालकों के चंगुल से 23 नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया गया है। इस मामले में तीन आर्केस्ट्रा संचालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि जिला बाल संरक्षण इकाई को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में संचालित कुछ आर्केस्ट्रा दलों में नाबालिग लड़कियों से काम कराया जा रहा है। सूचना के आधार पर बाल संरक्षण इकाई और स्थानीय पुलिस ने गुरुवार देर रात अलग-अलग स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान 23 नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू किया गया। उन्होंने कहा कि सभी बच्चियों की उम्र 18 वर्ष से कम है और प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि उनसे जबरन आर्केस्ट्रा में नृत्य कराया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान तीन आर्केस्ट्रा संचालकों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी बच्चियों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर आगे की कार्रवाई की जा रही है सूत्रों के अनुसार आरोपितों के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम तथा मानव तस्करी से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से आर्केस्ट्रा की आड़ में अश्लील नृत्य और नाबालिग लड़कियों के शोषण की शिकायतें मिल रही थीं।

### चिराग पासवान से भाजपा नेत्री रीमा सिंह ने की शिष्टाचार भेंट

**बांका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बांका की भाजपा नेत्री एवं भाजपा महिला मोर्चा बिहार की प्रदेश प्रवक्ता रीमा सिंह ने नई दिल्ली स्थित पंचशील भवन में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान बिहार के विकास, युवाओं के सशक्तिकरण, रोजगार सृजन सहित कई महत्वपूर्ण समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान रीमा सिंह ने बिहार के विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने बांका जिले के विकास, क्षेत्र की आवश्यकताओं और जनसमस्याओं को लेकर भी चर्चा की तथा केंद्रीय मंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त किया। रीमा सिंह ने कहा कि चिराग पासवान का सरल, सौम्य और दूरदर्शी नेतृत्व युवाओं एवं समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' का संकल्प बिहार के करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं और बेहतर भविष्य की उम्मीदों को मजबूत दिशा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास, सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में यह सोच महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। युवाओं के लिए बेहतर अवसर, रोजगार के नए माध्यम और प्रदेश के समग्र विकास को लेकर केंद्र सरकार लगातार प्रयासरत है। भेंट के दौरान रीमा सिंह ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के जनसेवा के प्रति समर्पण और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने उनके सफल नेतृत्व के लिए शुभकामनाएं भी व्यक्त की।



## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी संक्षिप्त प्रवास पर पहुंचे तारापुर,भतीजी को दिया आशीर्वाद



**तारापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शुक्रवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर हेलीकॉप्टर से तारापुर पहुंचे। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर संध्या करीब 4:30 बजे प्रखंड कार्यालय के पीछे कृषि विभाग परिसर में बनाए गए हेलीपैड पर उतरा। यहां प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम सिंह मीणा, जिलाधिकारी निखिल धनराज, पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। हेलीपैड पर उतरने के बाद मुख्यमंत्री का स्थानीय जनप्रतिनिधियों, एनडीए नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ व मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद वे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अपने पैतृक गांव लखनपुर के लिए रवाना हो गए।जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री अपने पारिवारिक कार्यक्रम के तहत भतीजी के विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। लखनपुर पहुंचकर उन्होंने विवाह समारोह में भाग लिया और कन्या को आशीर्वाद दिया। तारापुर प्रवास के दौरान उन्होंने लगभग 25 मिनट अपने स्वजनों के साथ बिताए। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। हेलीपैड से लेकर लखनपुर गांव तक सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी तथा वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी कर रहे थे।मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना मिलते ही आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग उन्हें देखने और स्वागत करने पहुंचे। संक्षिप्त प्रवास के बावजूद क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा।

## किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी द्वारा जरूरतमंदों को कराया गया भोजन




**सीतामढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी, सीतामढ़ी द्वारा शहर के जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर लगभग 100 जरूरतमंद व्यक्तियों को भोजन वितरित किया गया। फ्रेंचाइजी पार्टनर जीवन प्रसाद ने बताया कि किसना परिवार की ओर से प्रत्येक ग्राहक के नाम पर एक जरूरतमंद व्यक्ति को भोजन कराने की सेवा निरंतर संचालित की जाती है। उन्होंने इसी उद्देश्य के साथ आज 100 जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर अनवर अली, किसना के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यकारी कफील अहमद तथा सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी समाज के जरूरतमंद वर्गों के कल्याण हेतु विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का संचालन करती रही है और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्य जारी रखेगी।

### भटकती बच्ची को जितना पुलिस ने संरक्षण में लिया

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात करीब 9 बजे एक 8 वर्षीय बच्ची अकेले घूमती हुई मिली। स्थानीय लोगों की सूचना पर जितना थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बच्ची को सुरक्षित अपने संरक्षण में लेकर थाने लाई। थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि बच्ची से पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम फातिमा रजिया बताया। साथ ही पिता का नाम सद्दाम हुसैन, माता का नाम सजदा खातून और दादा का नाम मजीद मियां बताया। पूछताछ में बच्ची ने अपना पता नागा रोड, वार्ड संख्या-22, थाना रक्सौल, जिला पूर्वी चम्पारण बताया।

## जिलाधिकारी के जनता दरबार में फरियादियों का बढ़ रहा विश्वास

**21 आवेदकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना**



**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा आयोजित साप्ताहिक ह्लजनता के दरबार में जिलाधिकारीह्व कार्यक्रम के तहत आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आमजन की समस्याओं की सुनवाई की गई। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने कुल 21 आवेदकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी मामलों की जांच कर नियमानुसार शीघ्र एवं उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में विभिन्न विभागों से संबंधित मामले प्राप्त हुए, जिनमें राशन कार्ड, अतिक्रमण, जमीन संबंधी, सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं।सुनवाई के दौरान तारापुर माणिकपुर निवासी अनुज सिंह ने अपने पड़ोसियों पर सरकारी जमीन को अतिक्रमण करने की शिकायत करते हुए उसे अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की। लालदरवाजा गंगा नगर निवासी बच्चू राम ने अपने बंद राशन कार्ड को पुनः चालू कराने की मांग की। संग्रामपुर ददरीजाला निवासी बीरेंद्र दास ने कहा की वह निःशक्त हैं तथा अब तक उन्हें निःशक्तता पेंशन का लाभ नहीं मिला है। चंदनबाग निवासी प्रकाश पोद्दार ने पड़ोसियों द्वारा जबरन उनके जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों की जांच कर उचित कार्रवाई के निदेश दिए।इसके अलावे जनता दरबार में प्राप्त अन्य सभी आवेदनों पर भी जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध जांच कर समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा प्राप्त सभी आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## जहां अंग्रेज किसानों पर जुल्म करते थे उसे मोदी सरकार ने कृषि धाम के रूप में विकसित किया : राधामोहन सिंह

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ : सांसद**




**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नरेंद्र मोदी सरकार के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'प्रगति पथ यात्रा' कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने पिपराकोठी स्थित दो संस्थानों कृषि विज्ञान केंद्र एवं महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान का दौरा किया। कार्यक्रम को संबंध करते हुए श्री सिंह ने कहा कि पिपराकोठी में ही स्थित महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान का एक सौ एकड़ का यह इलाका 12 वर्ष पहले शमशान जैसा दिखाई देता था, अंग्रेज यहां किसानों पर जुल्म करते थे।लेकिन मोदी सरकार बनने के बाद पिपराकोठी का यह स्थान कृषि धाम के रूप में स्थापित है। यह संस्थान कृषि अनुसंधान, नवाचार, वैज्ञानिक खेती तथा किसान कल्याण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरा है। यहां कृषि उत्पादन बढ़ाने, आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने, जल एवं मृदा संरक्षण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती तथा किसानों की आय वृद्धि के उद्देश्य से विभिन्न अनुसंधान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। किसान सम्मान निधि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, फसल बीमा योजना, प्राकृतिक खेती तथा कृषि अवसंरचना के विकास जैसी अनेक योजनाओं ने किसानों को सशक्त बनाने का कार्य किया है। पिपराकोठी का कृषि विज्ञान केंद्र इन प्रयासों को धरातल पर उतारने एवं प्रगति पथ पर अग्रसर मोदी सरकार की विकास यात्रा का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

### स्कूल की छत से गिरकर मजदूर की मौत

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के रामपुर दक्षिणी पंचायत अंतर्गत भेड़ियाही गांव के एक मजदूर की स्कूल की छत से गिरकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार देर रात जिले के रक्सौल अनुमंडल अंतर्गत पलनवा थाना क्षेत्र के खरकटवा गांव स्थित एक सरकारी विद्यालय की छत से गिरने से हो गई। घटना के बाद मृतक के गांव में शोक की लहर दौड़ गई तथा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान चिरैया थाना क्षेत्र के रामपुर दक्षिणी पंचायत अंतर्गत भेड़ियाही गांव निवासी मरहूम हबीबुल्लाह अंसारी के 25 वर्षीय पुत्र नेईम उद्दीन अंसारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि नेईम उद्दीन बोरिंग गाड़ने के कार्य में मजदूरी करता था और इसी काम के सिलसिले में चिरैया से खरकटवा गांव आया हुआ था। जानकारी के अनुसार बोरिंग गाड़ने का कार्य पूरा होने में देरी हो गई, जिसके कारण वह रात में विद्यालय की छत पर सो गया।

## बथना स्थित मदर डेयरी प्रोसेसिंग प्लांट का सांसद ने किया निरीक्षण

**बथना स्थित डेहरी प्लांट बिहार में श्वेत क्रांति लाया है : राधामोहन सिंह**



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने शुक्रवार को मोतिहारी के बथना स्थित मदर डेयरी प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण किया। उक्त अवसर पर सांसद श्री सिंह ने कहा कि 2 लाख लिटर दूध प्रसंस्करण क्षमता वाला मदर डेयरी के इस संस्थान से लगभग 66 हजार दुग्ध उत्पादक किसान जुड़े हुए हैं, और हर महीनें के 3, 13 और 23 तारीख को लगभग 26 करोड़ रुपए सीधे दुग्ध उत्पादक किसानों के खाते में भुगतान किया जाता हैं।150 करोड़ की लागत से इस प्लांट का विस्तार कर आधुनिकीकरण और क्षमता वृद्धि का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान परिसर के अतिरिक्त भूमि का भी उपयोग किया जा रहा है, जिससे आधुनिक मशीनरी और नई उत्पादन लाइनें स्थापित की जा सकेंगी। यह अत्याधुनिक डेयरी प्लांट पूर्वी चंपारण सहित आसपास के जिलों के लाखों दुग्ध उत्पादक किसानों के लिए समृद्धि और आत्मनिर्भरता का नया द्वार खोल रहा है। आधुनिक तकनीक से सुसज्जित यह इकाई दुग्ध संग्रहण, प्रसंस्करण एवं विपणन की सुदृढ़ व्यवस्था के माध्यम से किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में कृषि एवं पशुपालन आधारित अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में डेयरी अवसंरचना के विकास, किसानों की आय वृद्धि, महिला सशक्तिकरण और रोजगार सृजन की दिशा में मदर डेयरी प्लांट जैसे प्रकल्प विकास के नए मानक स्थापित कर रहे हैं। यह परियोजना न केवल दुग्ध उत्पादकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और उद्यमिता के अवसर भी बढ़ा रही है। बथना स्थित यह डेयरी प्लांट बिहार में श्वेत क्रांति को नई गति प्रदान करने के साथ-साथ किसानों की मेहनत को बाजार से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। यह विकसित भारत और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रगति पथ यात्रा के दौरान इस आधुनिक परियोजना को देखकर यह विश्वास और अधिक दृढ़ हुआ कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां धरातल पर प्रभावी रूप से कार्यान्वित हो रही हैं और किसानों, पशुपालकों तथा ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। मौके पर कल्याणपुर विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## नई रजिस्ट्री दरें लागू, ग्रामीण क्षेत्रों में 1.6 गुना और शहरी इलाकों में दोगुना हुआ सरकारी रेट




**किशनगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपना आशियाना बनाने का सपना देख रहे हजारों परिवारों के लिए शुक्रवार की सुबह महंगी खबर लेकर आई. बिहार सरकार द्वारा न्यूनतम मूल्यांकन पंजी की नई दरें लागू किए जाने के बाद अब जमीन खरीदना और उसकी रजिस्ट्री कराना पहले की तुलना में अधिक खचीर्ला हो जाएगा. ठाकुरगंज समेत पूरे किशनगंज जिले में 19 जून से नई दरें प्रभावी हो गई हैं, जिससे जमीन बाजार में हलचल तेज हो गई है।अवर निबंधन कार्यालय ठाकुरगंज की ओर से जारी सूचना के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों की सभी मौजों में एमवीआर को 1.6 गुना तक बढ़ाया गया है. वहीं शहरी और पेरिफेरल क्षेत्रों में सरकारी मूल्यांकन दरें दो गुना तक कर दी गई हैं. इसके साथ ही स्टाम्प शुल्क में भी बढ़ोतरी की गई है. ग्रामीण क्षेत्रों में स्टाम्प शुल्क 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 8 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है। ठाकुरगंज और आसपास के इलाकों में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं, जो वर्षों की बचत, बैंक लोन या बाहर कमाने वाले परिजनों की मदद से कुछ कट्ठा जमीन खरीदकर घर बनाने का सपना देखते हैं. नई दरें लागू होने के बाद अब उन्हें रजिस्ट्री के लिए पहले से अधिक राशि खर्च करनी पड़ेगी।स्थानीय लोगों का कहना है कि जमीन की बाजार कीमतें पहले ही लगातार बढ़ रही थीं. ऐसे में सरकारी मूल्यांकन और स्टाम्प शुल्क में वृद्धि ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है. कई परिवार जमीन खरीदने की तैयारी में थे, लेकिन अब बढ़े हुए रजिस्ट्री खर्च का नया गणित उन्हें परेशान कर रहा है।शादी और भविष्य की योजनाओं पर भी पड़ेगा असर ग्रामीण समाज में जमीन केवल निवेश नहीं, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक सुरक्षा का माध्यम भी मानी जाती है. माता-पिता अक्सर बच्चों के भविष्य या बेटियों की सुरक्षा के लिए जमीन खरीदते हैं. नई दरों के लागू होने के बाद ऐसे परिवारों को भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ सकता हैविशेषज्ञों का मानना है कि रजिस्ट्री खर्च बढ़ने से छोटे और मध्यम वर्ग के खरीदारों पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि उनके लिए हर अतिरिक्त खर्च महत्वपूर्ण होता है।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने छपरा जंक्शन से आनंद विहार दिल्ली नयी एक्सप्रेस का किया शुभारंभ

**रेल मंत्री बोले- दोहरीघाट में किया वादा तय समय में पूरा, बिहार में बुलेट ट्रेन नेटवर्क की भी दी जानकारी**



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के छपरा जंक्शन पर शुक्रवार को आयोजित भव्य समारोह में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी, महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधान पार्षद ई सच्चिदानंद था, विधायक पार्षद डॉ वीरेंद्र नारायण यादव आदि सहित विधायकगण व रेलवे के वरीय अधिकारियों ने संयुक्त रूप से छपरा-आनंद विहार दिल्ली नयी एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही केंद्रीय रेल मंत्री व मुख्यमंत्री बिहार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मऊ-दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ तथा दोहरीघाट-औंड़िहार-दोहरीघाट रेल सेवा का वाराणसी सिटी तक मार्ग विस्तार भी किया गया। समारोह के दौरान मढ़ौरा लोकोमोटिव फैक्ट्री से गिनी गणराज्य को निर्यात होने वाले 51वें रेल इंजन को भी रवाना किया गया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 11 मई 2026 को दोहरीघाट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छपरा-दिल्ली एक्सप्रेस, मऊ-दिल्ली एक्सप्रेस तथा दोहरीघाट-औंड़िहार ट्रेन सेवा के विस्तार की घोषणा की गई थी और आज इन सभी वादों को समय पर पूरा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि नई ट्रेनों के संचालन से छपरा, बलिया, मऊ, आजमगढ़, जौनपुर, सुल्तानपुर, लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़ और दिल्ली के बीच सीधी एवं सुविधाजनक रेल कनेक्टिविटी स्थापित होगी।

**बिहार में रिकॉर्ड रेल विकास का दावा**

रेल मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले बिहार को औसतन एक हजार करोड़ रुपये का रेल बजट मिलता था, जिसे बढ़ाकर अब 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक कर दिया गया है। राज्य में तीसरी और चौथी रेल लाइन, रेलवे ओवरब्रिज, स्टेशन पुनर्विकास तथा नई रेल परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बिहार के 98 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिहार में वर्तमान में 14 वंदे भारत ट्रेनें संचालित हैं और आने वाले समय में बुलेट ट्रेन परियोजना भी शुरू होगी। प्रस्तावित नेटवर्क के तहत दिल्ली-लखनऊ-वाराणसी-पटना-सिलीगुड़ी कॉरिडोर विकसित किया जाएगा, जिससे दिल्ली से पटना की यात्रा लगभग साढ़े चार घंटे में पूरी हो सकेगी।

**मुख्यमंत्री ने बताया ऐतिहासिक दिन**

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि छपरा और बिहार के लिए यह ऐतिहासिक अवसर है। नई ट्रेनों के संचालन से बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लाखों यात्रियों को राजधानी दिल्ली तक बेहतर, सुरक्षित और किफायती यात्रा सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है तथा 38 में से 36 जिले रेल नेटवर्क से जुड़ चुके हैं। मुख्यमंत्री ने छपरा से कटिहार तक तीसरी रेल लाइन निर्माण, बेहतर सड़क संपर्क और जिले में विकसित हो रहे हवाई अड्डों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बिहार में बुलेट ट्रेन परियोजना का स्वागत करते हुए कहा कि इससे राज्य के आर्थिक और औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।

**सांसदों ने जताया आभार**

समारोह को उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार शर्मा, सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी, महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और घोसी सांसद राजीव राय ने भी संबोधित किया। सभी जनप्रतिनिधियों ने नई रेल सेवाओं के शुभारंभ के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर, पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, क्षेत्रीय विधायक, विधान परिषद सदस्य तथा रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। नई ट्रेनों के संचालन से बिहार और पूर्वांचल के यात्रियों को दिल्ली तथा अन्य प्रमुख शहरों तक आवागमन में बड़ी सुविधा मिलने की उम्मीद है।

# मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक, डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना परिसर में शुक्रवार को आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजस्व पदाधिकारी सलाह असमर एवं संचालन थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने की। बैठक में एसडीपीओ 2 आदित्य कुमार, नगर पंचायत प्रधान सहायक पवन प्रकाश, जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर पर्व को शांतिपूर्वक मनाने पर सहमति जताई। बैठक के दौरान मोहर्रम जुलूस, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सदर एसडीपीओ टू आदित्य कुमार ने कहा कि मोहर्रम केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, शांति और सामाजिक सद्भाव का संदेश देने वाला अवसर है। उन्होंने लोगों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा अफवाहों से दूर रहने की अपील की। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने कहा कि मोहर्रम के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह करते हुए उन्होंने बताया कि संवेदनशील एवं चिन्हित स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इस अवसर पर राजद जिला महासचिव रणविजय यादव, जिला बीस सूत्री सदस्य ख्वाजा अतीक रजा, पूर्व उप चेयरमैन हरेन्द्र कुमार, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, संदीप सिंह समदर्शी,कैफ खान, रविन्द्र सिंह, मुखिया सेराज अंसारी, यूसुफ अली खान, पवन प्रकाश, रविंद्र सिंह, जुबैर अंसारी, टुनटुन खान, सतेंद्र यादव, लडडू खान सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## मारपीट व चेन छीनने के मामले में प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के भदवा बाजार में मारपीट एवं सोने की चेन छीनने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संबंध में गोठानी गांव निवासी रविंद्र कुमार सिंह के पुत्र गौतम कुमार ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

दिए गए आवेदन में गौतम कुमार ने बताया है कि वह 15 जून की दोपहर करीब 2 बजे भदवा बाजार में खरीदारी करने गए थे। इसी दौरान टिकरी गांव निवासी अनिल सिंह 5-6 अज्ञात सहयोगियों के साथ वहां पहुंचे और उनके साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि मारपीट के दौरान उनके गले से सोने की चेन भी छीन ली गई। घटना के बाद पीड़ित द्वारा रफीगंज थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## आस्था, श्रद्धा और सनातन संस्कृति का भव्य संगम, महायज्ञ में शामिल हुए विधायक प्रमोद कुमार सिंह



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के चेवं पंचायत अंतर्गत ग्राम प्राणपुर में नव-निर्मित बजरंगबली मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति के अद्भुत उत्सव के रूप में गुरुवार को शाम संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने महायज्ञ में शामिल होकर पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। महायज्ञ स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया। वैदिक मंत्रोच्चार और भक्तिमय वातावरण के बीच विधायक ने नव-स्थापित बजरंगबली मंदिर में माथा टेककर जनकल्याण एवं क्षेत्र के विकास की मंगलकामना की। इस अवसर पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, भाजपा कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसकी जानकारी मुझे विधायक के फेसबुक आईडी से शुक्रवार को सुबह दस बजे प्राप्त हुई। प्राणपुर में आयोजित यह महायज्ञ न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का भी प्रेरणादायक संदेश दे गया।

# अस्पतालों, नर्सिंग होम और होटलों में अग्नि सुरक्षा जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अनुमंडल अग्निशामालय, औरंगाबाद की टीम द्वारा शहर के विभिन्न अस्पतालों, नर्सिंग होमों एवं होटलों में अग्नि सुरक्षा मानकों की जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान अग्नि सुरक्षा अनुपालन, विद्युत भार विश्लेषण तथा अग्नि सुरक्षा प्रबंधन ऑडिट किया गया। जांच के दौरान संस्थानों के संचालकों और प्रबंधकों को 15 दिनों के भीतर अग्नि सुरक्षा संबंधी कमियों को दूर करने, आवश्यक अनुमतियों के प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने तथा एलपीजी सिलेंडरों के संबंध में अनिवार्य स्व-घोषणा पत्र जमा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही संस्थानों में स्थापित अग्निशमन यंत्रों एवं न्यूनतम फिक्स्ड फायर सिस्टम के उपयोग की जानकारी भी दी गई। अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी रामाकांत सिंह ने बताया कि जांच के क्रम में यह पाया गया कि अधिकांश संस्थानों में अग्निशमन यंत्र तो लगाए गए हैं, लेकिन वहां कार्यरत कर्मियों को उनके उपयोग की सही जानकारी नहीं है। ऐसी स्थिति में आग लगने जैसी आपात घटनाओं के दौरान त्वरित कार्रवाई प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग द्वारा समय-समय पर अग्निशमन यंत्रों के उपयोग एवं आपदा प्रबंधन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। अग्निशमन विभाग ने सभी संस्थानों के प्रबंधकों एवं मालिकों से अपील की है कि वे कम से कम प्रत्येक छह माह में एक बार अग्निशमन टीम के साथ मॉक ड्रिल आयोजित कर कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण दिलाएं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जान-माल की क्षति को कम किया जा सके। जांच अभियान में अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी रामाकांत सिंह के साथ अग्निक चालक मंजीत कुमार पांडेय एवं अग्निक कुणाल कुमार भी शामिल थे।

# ऑपरेशन मुस्कान: खोए मोबाइल लौटाकर पुलिस ने वापस लौटाई लोगों की खुशियां



**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना पुलिस ने पुलिस के "ऑपरेशन मुस्कान"अभियान के तहत एक सराहनीय पहल करते हुए गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया। गुरुवार की शाम मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई और उन्होंने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र से गुम हुए मोबाइल फोन की तकनीकी जांच एवं लगातार प्रयास के बाद उन्हें बरामद किया गया। बरामद मोबाइलों की पहचान सुनिश्चित करने के बाद उनके वास्तविक धारकों को विधिवत सुपुर्द कर दिया गया।उन्होंने कहा कि पुलिस का "ऑपरेशन मुस्कान" अभियान आम लोगों की खोई हुई खुशियां लौटाने का एक प्रभावी प्रयास है। इस अभियान के माध्यम से गुम हुए मोबाइल फोन और अन्य सामानों को खोजकर उनके असली मालिकों तक पहुंचाया जा रहा है। मोबाइल प्राप्त करने वाले लोगों ने कासमा पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका खोया हुआ मोबाइल वापस मिल जाएगा। पुलिस की तत्परता और तकनीकी दक्षता के कारण उनका कीमती सामान उन्हें वापस मिल सका।ऑपरेशन मुस्कान के जरिए पुलिस लगातार लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौटाने का काम कर रही है, जिससे पुलिस और जनता के बीच विश्वास भी मजबूत हो रहा है।

# 140 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने थाना क्षेत्र के बक्सी बिगहा मोड़ के पास से दो मोटरसाइकिल जब्त करते हुए 140 लीटर देशी शराब बरामद की तथा एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि बीते रात्रि गश्ती के दौरान प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बक्सी बिगहा मोड़ के समीप छापेमारी की। इस दौरान दो मोटरसाइकिलों पर शराब की खेप ले जाई जा रही थी। पुलिस को देखते ही तस्करों में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन जवानों ने तत्परता दिखाते हुए सौरभ कुमार (पिता- अवधेश यादव), निवासी छोटकी गमरिया को गिरफ्तार कर लिया। वहीं उसके कब्जे से कुल 140 लीटर देशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब परिवहन में प्रयुक्त दोनों मोटरसाइकिलों को जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में शराब तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# शक्तिपीठ के रूप में विख्यात है गजना धाम, निराकार स्वरूप में होती है मां की आराधना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** नवीनगर प्रखंड के कररबार नदी के तट पर स्थित गजना धाम श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। शक्तिपीठ के रूप में प्रसिद्ध इस मंदिर में प्रतिवर्ष हजारों-लाखों श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए पहुंचते हैं। स्थानीय मान्यता है कि सच्चे मन से मां के दरबार में आने वाले भक्तों की सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं। गजना धाम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां किसी देवी की मानवीय प्रतिमा स्थापित नहीं है। मंदिर में मां की निराकार स्वरूप में पूजा-अर्चना की जाती है। आधुनिक काल में वर्ष 1965 में जगन्नाथ सिंह उर्फ त्यागी जी ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था, जिसके बाद इसकी ख्याति लगातार बढ़ती गई। इतिहासकारों और स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, प्राचीन काल में यह क्षेत्र आदिमानवों का निवास स्थान था। समीपवर्ती पोलडीह गांव में आज भी प्राचीन मूर्तियां और पुरातात्विक अवशेष मिलते हैं। यहां खरवार समाज की कुलदेवी चेड़ी माई की भी पूजा की जाती है। कहा जाता है कि चेरो शासकों के आगमन से पूर्व, लगभग 800 वर्ष पहले, यह क्षेत्र जपला के खरवार राजाओं की राजधानी रहा था। प्रसिद्ध साहित्यकार आशुतोष भट्टाचार्य ने अपनी कृति 'बंगाला, लोक साहित्य और संस्कृति' में गाजन पर्व का उल्लेख किया है, जो बंगाल की शैव परंपरा से जुड़ा एक प्राचीन लोकपर्व माना जाता है। इतिहासकारों के अनुसार 12वीं शताब्दी के मध्य तक यह क्षेत्र बंगाल के शासक रामपाल सेन के अधीन था, जिसके बाद यहां गढ़वाल राजाओं का शासन स्थापित हुआ। मंदिर में प्रतिदिन प्रातःकाल मां का जागरण, स्नान और श्रृंगार किया जाता है। इसके बाद विशेष विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न होती है। नवरात्र के दौरान यहां विशेष अनुष्ठान और पूजन का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। मंदिर की एक अनूठी परंपरा भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र है। प्रतिदिन केवल 250 ग्राम घी से डेढ़ किलोग्राम आटे की पूड़ियां मिट्टी की कड़ाही में तैयार कर मां को गुड़ के साथ भोग लगाया जाता है। इस परंपरा को श्रद्धालु मां की दिव्य कृपा और चमत्कार से जोड़कर देखते हैं।

गजना धाम तक पहुंचने के लिए दो प्रमुख मार्ग हैं। बिहार के औरंगाबाद जिले से अंबा होते हुए सड़क मार्ग से यहां आसानी से पहुंचा जा सकता है

# भाजपा ने की प्रबुद्धजनों के साथ बैठक



**दाउदनगर (औरंगाबाद) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के गयाजी रोड स्थित एक निजी मकान में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्धजनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्र सरकार की योजनाओं, संगठनात्मक गतिविधियों एवं विभिन्न जनहित मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में बारह साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत विकसित भारत एवं विकसित बिहार को लेकर संवाद कार्यक्रम चलाने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अपने कार्यकाल में गरीबों, किसानों, महिलाओं एवं युवाओं के हित में कई योजनाएं लागू की हैं, जिसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। भाजपा नेताओं ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जा रही है। बैठक में संगठन को मजबूत करने तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा हुई। मौके पर भाजपा जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, डॉ. दिनेश वर्मा, राजेश पांडेय, संजय शर्मा, मुन्ना तिवारी, गोपालशरण सिंह, संजय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# समाज सुधार का संदेश देने के साथ नात की प्रस्तुति



**दाउदनगर (औरंगाबाद) / नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुराना शहर स्थित आस्ताना कादरिया द्वारा बुधवार की रात्रि में एक भव्य धार्मिक जलसा "इस्लाह-ए-मुआशरा कॉन्फ्रेंस" का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। आयोजन समिति से जुड़े सबा कादरी ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस का जो उद्देश्य था कि समाज में नैतिक मूल्यों, आपसी भाईचारे, इंसानियत और शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस्लामी विद्वान और मशहूर खतीब अल्लामा मौलाना मोहम्मद सिद्दीक हसन उर्फ झारखंडी बाबा (देवघर, झारखंड) ने विशेष रूप से अपनी तक़रीर और अपने विचारों से उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन किया। इसके अलावा मशहूर नातखां हजरत मौलाना मुबारक हुसैन मुबारक (गिरिडीह) अपनी खूबसूरत आवाज़ में नात-ए-पाक पेश कर महफिल को रूहानी रंग से सराबोर किया। इस रूहानी और इल्मी महफिल में काफ़ी संख्या में लागों ने शामिल होकर अपने दिलों को रोशन किया तथा समाज में अमन, मोहब्बत और भाईचारे के संदेश को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी निभाने की कोशिश करने का अहद किया। आयोजन के ऑर्गनाइज़र सबा क़ादरी, सफ़दर हयात, अब्दुल ख़ालिक़, अनवर फ़हीम ने लोगों का शुक्रिया अदा किया।

**बिहार सरकार**

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, नवीनगर
Email:-nkcd1975@gmail.com

अति अल्पकालीन नीलामी सूचना सं०:–02/2026–27

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद के पत्रांकः–701 दिनांक 06.04.2026 के निदेश बिहार वित्त नियमावली के नियम 143 (i) (ख) के आलोक में अद्योहस्ताक्षरी के प्रमण्डलाधीन अनुपयोगी भवनों के ध्वस्तीकरण एवं निलामी किया जाना है जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है–

| क्र0 सं0 | प्रमंडलाधीन अनुपयोगी भवनों का नाम एवं संख्या | नीलामी की न्यूनतम बोली (रूपये में) | सुरक्षित जमा राशि (रूपये में) | नीलामी की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | आवास सं0 C-1 एवं D-1 के ध्वस्तीकरण एवं नीलामी | 36790.00 | 9200.00 | 02.07.2026 |

1. इच्छुक फर्म/आवेदक दिनांक 25.06.2026 से दिनांक 02.07.2026 तक कार्यालय अवधि में (रविवार एवं अन्य सरकारी छुट्टियों को छोड़कर) सूचना पट्ट पर प्रदर्शित अनुपयोगी यंत्रों/संयत्रों/उपस्करों की सूची देख सकते है।
2. नीलामी के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं अवलोकन हेतु कार्यपालक अभियंता उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।
3. नीलामी कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर के कार्यालय कक्ष में खुली डाक से दिनांक 02.07.2026 के अपराह्न 3:30 बजे की जायेगी।
4. इच्छुक फर्म/आवेदक दिनांक 02.07.2026 के अपराह्न 3:00 बजे तक अपने आवेदन के साथ अग्रधन के रूप में रूपये 9200.00(नौ हजार दौ सौ रूपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट/डिमांड ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर के नाम से देय हो, को जमा करना होगा। उस के बाद ही उन्हें दिनांक – 02.07.2026 को नीलामी की प्रक्रिया में भाग लेने दिया जाएगा।

(रवि कांत दास)
कार्यपालक अभियंता
उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।
**PR. No. 006191 (WRD) 2026-27**

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

## एक नजर

## लैपटॉप, नकद सहित अन्य सामान की चोरी

**दाउदनगर (औरंगाबाद) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के एकौनी में एक घर से चोरों ने नगद, लैपटॉप सहित हजारों रुपए की संपत्ति चुरा ली। घटना के संबंध में प्रभात कुमार द्वारा करायी गयी प्राथमिकी में कहा गया है कि चोर घर के छत के सहारे सीढ़ी से नीचे आ गए। घर में रखा मोबाइल, लैपटॉप, बैग में रखा गोल्ड रिंग, चैन एवं 15 हजार नगद सहित अन्य सामान चुरा लिया। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

## विभिन्न मुद्दों को लेकर भाकपा माले का धरना व प्रदर्शन

**दाउदनगर (औरंगाबाद) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गरीबों के घरों पर चलाए जा रहे बुलडोजर और निरस्त किये जा रहे राशन कार्ड जैसे कई ज्वलंत समस्याओं को लेकर भाकपा माले द्वारा गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष धरना- प्रदर्शन किया गया। नेतृत्व प्रखंड सचिव सह राज्य कमेटी सदस्य चंद्रमा पासवान ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में पार्टी के जिला सचिव मुनारीक पासवान एवं पूर्व जिला सचिव जनार्दन प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। धरना प्रदर्शन के माध्यम से गरीबों-भूमिहीनों के घरों पर बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगाने, आवासीय जमीनों का गरीबों को आवंटित करने, वर्षों से बसे हुए गरीबों की भूमि को भूमि पर्चा निर्गत करने तथा प्रखंड कार्यालय में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार पर रोक लगाने सहित अन्य मांगे की गई। बिहार के तमाम विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर है,जिसमें प्रखंड कार्यालय भी अछूता नहीं है। आरोप लगाते हुए कहा गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा सहित विभागों की योजनाओं में अनियमितता बरती जा रही है। मौके पर काराकाट सांसद प्रतिनिधि प्रकाश कुमार उर्फ पिंटू सिंह, नरेंद्र कुमार, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि राजकुमार भगत, नगर सांसद प्रतिनिधि कयूम अंसारी, भाकपा माले टाउन सचिव बिरजू चौधरी, जिला कमेटी सदस्य दुधेश्वर मेहता, महेंद्र राम, परशुराम सिंह, गणेश कुमार, गिरजा राम, एपवा नेत्री सिंह अख्तरी बानो उपस्थित थे।

## रसुलपुर में किसान चौपाल का आयोजन

**हसपुरा (औरंगाबाद) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के रसुलपुर सिहाड़ी, हैबसपुर गांव में खरीफ फसलों की उत्पादन में बढ़ोतरी को लेकर कृषि विभाग आत्मा की ओर से किसान चौपाल का आयोजन किया गया। किसान चौपाल में बड़ी संख्या में किसान भाई शामिल हुए। एटीएम अवनीश कुमार, मुकेश कुमार, बीटीएम कुंदन कुमार ने कहा परंपरागत खेती अब घाटे की खेती होती जा रही है। खरीफ फसलों में उत्पादन बढ़े इसके लिए नई तकनीक विधि को अपनाना होगा। इसके साथ नगदी फसल लगाने पर बल दिया गया। एटीएम अवनीश कुमार ने कहा किसान खेतों की मिट्टी अवश्य जांच कराएं। इससे खेतों के गुणवत्ता पता चलता है। धान की बिचड़ा डालने के पहले बिजोपचार अवश्य करें। उन्होंने मशरुम लगाने कि विधि को विस्तार से जानकारी दी। पटसन की खेती करने पर बल देते हुए कहा कि बाजार मे इसके किमत बहुत कम है। बाहर में बहुत ज्यादा है। कुंदन कुमार, किसान सलाहकार रविंद्र कुमार ने किसानों के बिच सरकार के द्वारा चलाए जा रही लाभकारी योजनाओं का विस्तार से जानकारी दी।

## बकाया मजदूरी मांगने गए युवक के साथ मारपीट

**रफीगंज (औरंगाबाद) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के हाजीपुर गोला स्थित एक टेंट दुकान पर बकाया मजदूरी मांगने गए युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। घटना में रफीगंज शहर के अब्दुलपुर निवासी डोमन साव के 24 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीतीश कुमार एक टेंट दुकान में मजदूरी का कार्य करता था। उसकी तीन दिनों की मजदूरी बकाया थी। गुरुवार की रात्रि वह अपनी मजदूरी मांगने टेंट दुकान पर पहुंचा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर टेंट मालिक सरफराज और नीतीश कुमार के बीच कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोप है कि गुस्से में आकर टेंट मालिक ने नीतीश कुमार पर हमला कर दिया। हमले में नीतीश कुमार के सिर में गंभीर चोट लगी, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा उसका इलाज कराया गया। रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने कहा कि आवेदन मिलने पर मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पल्स पोलियो अभियान की सफलता के लिए बैठक

**दाउदनगर (औरंगाबाद) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** पल्स पोलियो अभियान की सफलता को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनमोल कुमार ने की। बताया गया कि आगामी 28 जून से दो जुलाई तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाना है। इसे सफल बनाने के लिए माइक्रो प्लान पर चर्चा की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि दाउदनगर प्रखंड में पोलियो की खुराक देने के लिए 92 टीमें बनाई गई है। 79 हाउस टू हाउस टीम बनाई गई है, जो घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाएगी। बारह ट्रांजिट टीम बनाया गया है। एक टीम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद रहेगी। स्वास्थ्य प्रबंधक आयुषी अश्वनी वर्मा सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दो आरोपित गिरफ्तार

**दाउदनगर (औरंगाबाद) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दाउदनगर थाना कांड संख्या 274/26 में दर्ज मोबाइल एवं सोने का लॉकेट लूटकांड के दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपितों में शहर के वार्ड संख्या सात नालबंद टोली निवासी राहुल कुमार एवं गब्बर कुमार, शामिल हैं। मामले के अनुसंधानकर्ता एस आई अभिषेक कुमार ने बताया कि लूटकांड की जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर दोनों आरोपितों की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान मामले से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुई हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में दिया गया। इस कार्रवाई में गठित एसआईटी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या: 50-53, 68 एंड 74, दिनांक: 18.06.2026।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पो.ऑ.-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: 50-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** मंडल अभियंता/I/पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में न्यू फरक्का-बड़हरवा (अप एवं डाउन) के बीच सम्पूर्ण गठन उपचार एवं पुनर्बहाली (टीएफटीआर)-कुल-0.800 टीकिमी कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,31,11,663.61। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: 51-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** मंडल अभियंता/I/पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में न्यू फरक्का-बड़हरवा के बीच सम्पूर्ण गठन उपचार एवं पुनर्बहाली (टीएफटीआर) =1.4 टीकिमी (अप एवं डाउन-263.8-264.4=1.2, डाउन-258.8-259.000=0.2) (एलबी-2025-26) कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,29,33,727.95। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा संख्या: 52-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** मंडल अभियंता/I/पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में न्यू फरक्का-बड़हरवा के बीच सम्पूर्ण गठन उपचार एवं पुनर्बहाली (टीएफटीआर)=1.2 टीकिमी (अप एवं डाउन-262.3-262.9=1.2) (एलबी-2025-26) कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,96,15,179.20। **क्रम संख्या:** 4। **निविदा संख्या: 53-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** मंडल अभियंता/I/पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में न्यू फरक्का-मालदा टाउन के बीच सम्पूर्ण गठन उपचार एवं पुनर्बहाली (टीएफटीआर)=1.4 टीकिमी (अप-265.8-266.1=0.3, 273.8-274.2 =0.4, 285.1-285.6=0.5, डाउन-281.3-281.5=0.2) (एलबी-2025-26) कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,29,33,727.95। **क्रम संख्या:** 5। **निविदा संख्या: 68-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** मंडल अभियंता/I/पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता, न्यू फरक्का के अधीन वरिष्ठ सेक्शन अभियंता/पी.वे/जंगीपुर के खंड में नीमतीता-आजिमगंज (छोड़कर) (किमी 231/0-181/0 अप एवं डाउन लाइन) के खंड में विभिन्न प्रकार की ट्रैक गतिविधि जैसे कि रेल-स्लीपर-स्विच-एसईजे-फिटिंग्स का कैज़ुअल नवीकरण, ट्रैक की टैम्पिंग, डीप स्क्रीनिंग, ट्रैक मशीन हेतु सहायता आदि सहित अन्य आनुषंगिक कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,12,11,694.93। **क्रम संख्या:** 6। **निविदा संख्या: 74-एमएलडीटी-26-27। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** मंडल अभियंता/I/पूर्व रेलवे, मालदा के अधिकार क्षेत्र में रखरखाव गतिविधि कार्य के सम्बन्ध में विभिन्न ट्रैक डिपो से रेल, स्लीपर, स्विच, एसईजे, ग्लूएड जॉइंट, पी.वे फिटिंग्स आदि जैसी पी.वे सामग्रियों के परिवहन के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** ₹ 57,29,361.80। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 13.07.2026 को अपराह्न 3.30 बजे (क्रम संख्या 1 से 6 प्रत्येक के लिए)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट का स्थान: www.ireps.gov.in** एवं मंडल रेल प्रबंधक/मालदा का कार्यालय। निविदादाता से अनुरोध है कि वे वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज को अच्छी तरह से पढ़ लें।

(MLD-101/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

# 2411 वाहनों से 39 लाख का जुर्माना

## मई माह में ट्रैफिक पुलिस का बड़ा अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर ट्रैफिक डीएसपी रोहित कुमार साव के नेतृत्व में मई माह के दौरान जिलेभर में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 2411 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 38,98,050 रुपये का जुर्माना वसूला गया। मई माह में चलाए गए अभियान के दौरान खतरनाक जोन में वाहन पार्क करने के आरोप में 219 तथा गलत पार्किंग करने पर 189 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसके अलावा फैंसी नंबर प्लेट लगाने वाले 140, बिना नंबर प्लेट के 36, प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन चलाने के आरोप में 1, सरकारी आदेशों का उल्लंघन करने पर 532, वाहन संबंधी सही जानकारी उपलब्ध नहीं कराने पर 157, अनाधिकृत संचालन के मामले में 3, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 113 तथा अवैध मॉडिफिकेशन वाले 28 वाहनों का चालान काटा गया। अभियान के दौरान वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने वाले 2, प्रदूषण मानकों एवं प्रेशर हॉर्न के उल्लंघन पर 1046, काला शीशा लगाने पर 29, बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के 34, सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करने पर 26, ट्रिपल राइडिंग करने पर 78, बिना हेलमेट के 415 तथा बीमा नहीं होने पर 462 वाहन चालकों के विरुद्ध भी कार्रवाई करते हुए चालान किया गया। एसएसपी प्रभात कुमार ने स्पष्ट कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि वे हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, वैध दस्तावेज अपने साथ रखें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें तथा सभी यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# जेल, यातना गृह नहीं बल्कि सुधार गृह : संतोष पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जेल यातना गृह नहीं बल्कि सुधार गृह है। जेल में लोगों को अपने द्वारा किये गए अपराध को पश्चाताप करने का अवसर मिलता है। उक्त बातें लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कही। वे शुक्रवार को झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश श्री राम शर्मा के मार्गदर्शन व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन के देखरेख में जागरूकता शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कैदियों को भारतीय संविधान के अनुछेद 21 के तहत मानवीय गरिमा के साथ जीने का अधिकार है। उनपर किसी भी प्रकार का शारिरिक उत्पीड़न व अमानवीय

### जागरूकता शिविर

व्यवहार नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि हर कैदी को अपने पसंद के वकील करने का अधिकार है। साथ ही कैदियों को पर्याप्त चिकित्सा, स्वास्थ्य सुविधाओं व उचित इलाज पाने का अधिकार बिना किसी भेदभाव के है। उन्होंने कहा कि महिला कैदियों के साथ जेल में बंद उसके छह वर्ष के आयु तक के बच्चों को उचित भोजन, कपड़े, शिक्षा व मनोरंजन का अधिकार प्राप्त है। मौके पर जेलर देंवनाथ राम ने कहा कि डालसा के माध्यम से जेल बन्दियों को मुफ्त वकील उपलब्ध कराया जा रहा है।उन्होंने कहा कि कोई भी बन्दी बिना वकील के नहीं रहे। उन्होंने कहा कि बन्दी प्ली बारगेनिंग के तहत भी अपने मामले का निस्तारण करा सकते है। उन्होंने जेल से प्रदत सुविधा के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी बन्दी बिना वकील के नहीं रहे। जो अभी तक वकील नहीं रख पाए हैं, वे उन्हें जरूर बताएं ताकि उन्हें अविलंब वकील मुहैया कराया जा सके। मौके पर भीष्म नारायण सिंह लॉ कॉलेज के इंटर्नशिप कर रही नेहा कुमारी, अंजली कुमारी, अनुराग कुमार तिवारी, प्रेमजीत कुमार गुप्ता के अलावे पीएलभी सहित दर्जनों बन्दी मौजूद थे।

# मेदिनीनगर सब्जी मार्केट में भड़की आग, लाखों की संपत्ति स्वाहा

**मेदिनीनगर (पलामू) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पलामू के मेदिनीनगर स्थित सब्जी मार्केट क्षेत्र में मंगलवार अहले सुबह भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग लादीगढ़ कॉम्प्लेक्स के सामने स्थित एक मकान में लगी। आग देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। घटना में लाखों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई है।

स्थानीय लोगों की सूचना पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# कार्यपालक अभियंता निकेत कुमार ने दी विकास कार्यों की जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**अररिया।** ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, फारबिसगंज के कार्यपालक अभियंता निकेत कुमार ने फ़ेसबुक लाइव के माध्यम से विभाग द्वारा कराए जा रहे सड़क एवं पुल निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अररिया जिले में ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल-फारबिसगंज का पूर्ण गठन वर्ष 2012 में हुआ था। इससे पहले यह प्रमंडल आरईओ के नाम से कार्यरत था। निकेत कुमार ने बताया कि प्रमंडल के अंतर्गत फारबिसगंज, रानीगंज, भरगामा और नरपतगंज प्रखंड आते हैं। गठन के बाद से विभाग ने विभिन्न योजनाओं के तहत बड़ी संख्या में सड़क और पुल-पुलियों का निर्माण कराया है, जिससे आवागमन की सुविधा बढ़ी है तथा क्षेत्र के विकास को गति मिली है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण-1, चरण-2 और चरण-3 के अंतर्गत कुल 141 सड़कों की स्वीकृति मिली, जिनकी कुल लंबाई 78.15 किलोमीटर है। इनमें 135 सड़कों की 72.89 किलोमीटर लंबाई का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि शेष सड़कों पर कार्य जारी है। इन परियोजनाओं पर 455 करोड़ 81 लाख रुपये खर्च किए गए हैं।प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सेतु योजना के चरण-1, 2 और 3 के अंतर्गत 144 पुलों की स्वीकृति प्राप्त हुई। इनमें 115 पुलों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 29 पुल निर्माणाधीन हैं। इन पर अब तक 262 करोड़ 8 लाख रुपये व्यय किए गए हैं।ग्रामीण टोला संपर्क योजना के अंतर्गत 135 सड़कों की स्वीकृति मिली थी, जिनकी कुल लंबाई 152 किलोमीटर है। सभी सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। वहीं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 735 सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई थी, जिनकी कुल लंबाई 1,563 किलोमीटर है। इनमें 631 सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 104 सड़कों पर कार्य प्रगति पर है।निकेत कुमार ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्यों में सहयोग करें। इन परियोजनाओं के पूरा होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन और अधिक सुगम होगा तथा विकास को नई गति मिलेगी।

# ई-रिक्शा से विदेशी शराब बरामद

**कटोरिया (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कटोरिया मधनिषेध थाना प्रभारी जीवेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को दर्दमारा चेक पोस्ट पर सघन वाहन जांच व तलासी अभियान चला रहे थे। इसी क्रम में देवघर की ओर से नीला रंग एक रिक्शा आ रहे था। पुलिस टीम को देखते ही तस्कर मौके से भागने की कोशिश करने लगे। हांलाकि पुलिस जवानो ने ई-रिक्शा को रोक लिया। तलासी लेने पर विभिन्न ब्रांडो के कुल -167 बोतल विदेशी शराब एवं 21 कैन वियर कुल मात्रा -90. 750 लीटर अवैध विदेशी शराब व बियर विधिवत जब्त की गई। पूछताछ में चालक ने अपना नाम देवराज कुमार दास, पिता कामेश्वर दास जिला जमुई बताया गया। गिरफ्तार किये गये रिक्सा चालक के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बिदेशी शराब के साथ-साथ शराब ले जाने मे इस्तेमाल किए जा रहे नीले रंग के ई-रिक्सा को भी जब्त कर लिया है।

# शिवाजीनगर में जनवितरण विक्रेताओं ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

## समस्याओं के समाधान का मिला आश्वासन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर में मंत्री के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जनवितरण प्रणाली पीडीएस विक्रेताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक मांगपत्र सौंपा। इस अवसर पर शिवाजीनगर जनवितरण विक्रेता संघ के प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह, सुनील कुमार चौधरी, प्रदीप कुमार सिंह सहित अन्य विक्रेताओं ने मंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्याओं एवं मांगों से अवगत कराया। विक्रेताओं ने मांगपत्र के माध्यम से प्रमुख रूप से अनुकंपा नियुक्ति में आयु सीमा समाप्त करने, जनवितरण दुकानों की आय बढ़ाने के लिए अतिरिक्त वस्तुओं की बिक्री की अनुमति देने तथा इसके लिए सरकार की ओर से पूंजी उपलब्ध कराने और विक्रेताओं के कमीशन में वृद्धि करने की मांग उठाई। प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में जनवितरण विक्रेताओं को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाना आवश्यक है। मंत्री ने विक्रेताओं की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि सरकार इन मुद्दों पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति में आयु सीमा समाप्त करने, जनवितरण दुकानों के माध्यम से अतिरिक्त वस्तुओं की बिक्री की व्यवस्था करने तथा कमीशन वृद्धि जैसे विषयों पर विभागीय स्तर पर कार्य चल रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इन मांगों को जल्द ही व्यवहार में लाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे मंत्री के आश्वासन से उपस्थित जनवितरण विक्रेताओं में खुशी देखी गई। संघ के प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि सरकार शीघ्र ही इन मांगों को पूरा करेगी, जिससे राज्य के हजारों जनवितरण विक्रेताओं को लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी कार्यक्रम के अंत में जिले भर के जनवितरण विक्रेताओं की ओर से मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया गया। विक्रेताओं ने कहा कि उनकी समस्याओं को सुनने और समाधान का आश्वासन देने के लिए वे मंत्री के प्रति कोटि-कोटि धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार जनवितरण विक्रेताओं के हित में जल्द ठोस निर्णय लेगी।

# राज्यसभा चुनाव को लेकर माले नेताओं ने कांग्रेस के आरोप को बताया निराधार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** माले प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में माले नेताओं ने राज्यसभा चुनाव को लेकर कंग्रेस नेता (के. राजू) द्वारा लगाए गए आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में माले के दोनों विधायकों ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार प्रणव झा के पक्ष में मतदान किया था। इसका प्रमाण एजेंट को दिखाया गया था और मतदान के दौरान पार्टी का वोट स्वयं उन्होंने देखा था। माले नेताओं ने कहा कि चुनाव परिणाम आने के बाद हार की वजह तलाशने के लिए नई-नई कहानियां गढ़ी जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कंग्रेस अपनी हार की जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय सहयोगी दलों पर आरोप लगा रही है। माले का कहना है कि कांग्रेस के भीतर ही पद और नेतृत्व को लेकर संघर्ष चलता रहा है और इसी का खामियाजा उम्मीदवार को भुगतना पड़ा। प्रेस वार्ता में माले नेताओं ने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा यह कहना कि माले या राजद ने वोट नहीं दिया, पूरी तरह गलत है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि आरोप लगाने वाले नेता यह साबित करें कि माले के विधायकों ने गठबंधन उम्मीदवार को वोट नहीं दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान वे स्वयं एजेंट थे और उन्होंने अपने विधायकों का मतदान देखा था।

# भरत तिवारी कांड की सच्चाई सामने लाए सरकार : मनोज भारती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**शाहपुर (भोजपुर)।** जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने बिलौटी गांव पहुंचकर कथित पुलिस मुठभेड़ में मृत भरत भूषण तिवारी के परिजनों से मुलाकात की तथा उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। मनोज भारती ने कहा कि सरकार को पूरे मामले की स्वतंत्र एवं पारदर्शी जांच करानी चाहिए। क्योंकि स्व. भरत तिवारी मानसिक रूप से परेशान नही थे, अधिकारियों की कार्यशैली से नाराज थे। उन्हें प्रताड़ित कर पुलिस ने हत्या कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि यह मामला गंभीर है और इसकी सच्चाई सामने आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मृतक को कितनी गोलियां लगीं और शरीर के किन हिस्सों में चोटें आईं। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी अधिकारी या कर्मी की संलिप्तता सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी विधिसम्मत कारवाई होनी चाहिए। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि न्याय दिलाने की मांग को लेकर उनकी पार्टी लगातार आवाज उठाती रहेगी। मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता किशोर कुमार, नेत्री अनुरानी झा, डॉ. पद्मा ओझा, ददन यादव सहित अन्य कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

# बड़ा हादसा टला : पशुओं से टकराई पुरूलिया एक्सप्रेस, परिचालन प्रभावित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**लोहरदगा।** लोहरदगा -टोरी रेलखंड पर शुक्रवार सुबह बड़ा रेल हादसा हो गया। बंदुआ जंगल में पोल संख्या 509 - 510 के बीच सुबह करीब 6:41 बजे आनंद विहार से पुरुलिया की ओर जा रही ट्रेन नंबर 14022 आनंद विहार टर्मिनल-पुरुलिया साप्ताहिक एक्सप्रेस की चपेट में आने से 7 भैंसों (काड़ा) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार सभी पशुओं को एक व्यापारी द्वारा ले जाया जा रहा था। इसी दौरान वे रेलवे ट्रैक पर आ गए और तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सात पशुओं के चिथड़े उड़ गए, वहीं कई पशु दूर तक जा गिरे और घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन में सवार यात्री भी करीब ढाई घंटे तक परेशान रहे। हादसे के बाद रेल परिचालन बुरी तरह प्रभावित हो गया। बड़की चापी स्टेशन पर लोकल पैसेंजर और सासाराम एक्सप्रेस को लंबे समय तक रोकना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। दुर्घटना के कारण प्रभावित रेल मार्ग को सुचारु करने तथा ट्रैक को सुरक्षित बनाने के लिए दो इंजन लगाए गए, जिसके बाद करीब 10 बजे ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया जा सका। बताया जा रहा है कि पशुओं को ले जा रहे व्यापारी घटना के बाद मौके से फरार हो गए। वहीं समाचार लिखे जाने तक घायल पशु चिलचिलाती धूप और प्रचंड गर्मी में तड़पते रहे। न तो रेलवे के कोई बड़े पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और न ही किसी ने उनके इलाज की व्यवस्था करने की सुध ली।

# गांजा के साथ एक धराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** नावकोठी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 160 ग्राम गांजा एवं एक एंड्राइड मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुरुवार देर शाम थाना क्षेत्र के रजाकपुर गांव में की गई।गिरफ्तार आरोपी की पहचान रजाकपुर निवासी स्वर्गीय राम सनेही सहनी के पुत्र बाबूलाल सहनी के रूप में हुई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त व्यक्ति अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार में संलिप्त है। सूचना के सत्यापन के बाद थाना अध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी में थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस के अलावा एसआई पूनम कुमारी साहा, आर ओ लवली कुमारी एवं सशस्त्र बल मौजूद थे। आरोपी के पास से 160 ग्राम गांजा एवं एक एंड्राइड मोबाइल बरामद किया गया। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। इसके बाद आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर थाना लाया गया। थाना अध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस ने बताया कि बरामद गांजा एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत थाना कांड दर्ज कर लिया गया है। साथ ही मामले की जांच करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध पुलिस का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# तस्करी के 12 गोवंश के साथ पिकअप चालक गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कथित गौ तस्करी के प्रयास को गौ सेवकों ने सतर्कता से विफल कर दिया गया। मामला रिसियप थाना क्षेत्र स्थित दोहन पुल के समीप की है। जहां मवेशियों से लदा एक पिकअप वैन को रोककर पुलिस के हवाले कर दिया। वाहन से कुल 12 गोवंश बरामद किए गए, जिनमें 11 बछड़े और एक गाय शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गौ सेवकों ने पिकअप वैन में गोवंशों को कथित रूप से अमानवीय तरीके से ले जाते हुए देखा, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा कराया तथा चालक को गिरफ्तार कर लिया। मामले को लेकर गौ सेवकों की ओर से थाने में लिखित आवेदन दिया गया है। आवेदन के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बरामद सभी 11 बछड़ों और एक गाय को सुरक्षित रूप से बभंडी गोशाला भेज दिया है, जहां उनकी देखरेख की जा रही है। आरोपी से पूछताछ जारी है। गिरफ्तार चालक की पहचान रसीद कुरैशी पिता- इस्लाम कुरैशी के रूप में हुई है। वह नगर थाना क्षेत्र के कुरैशी मोहल्ला का निवासी बताया जाता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी से पूछताछ कर अवैध परिवहन से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

# योग तनावमुक्त जीवन जीने की सिखाता है कला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय योग शिविर का पांचवां दिन उत्साह एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। 15 जून से प्रारंभ यह शिविर प्रतिदिन प्रातः 7 बजे महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों की सहभागिता लगातार बढ़ रही है। पांचवें दिन योग प्रशिक्षक श्रेया थापा ने प्रतिभागियों को ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन एवं पवनमुक्तासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। इसके साथ ही उन्होंने अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी तथा नाड़ी शोधन प्राणायाम की विधियों की जानकारी देते हुए कहा कि नियमित योग एवं प्राणायाम से शरीर स्वस्थ, मन शांत और विचार सकारात्मक बने रहते हैं। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को तनावमुक्त जीवन जीने की कला सिखाता है तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर योग गुरु राजन योगी ने ध्यान योग, सूक्ष्म व्यायाम एवं सूर्य नमस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से योग को दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को महाविद्यालय परिसर में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि योग भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत है और वर्तमान समय में स्वस्थ जीवन के लिए इसकी आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। महाविद्यालय प्रशासन ने 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह को सफल बनाने हेतु सभी लोगों से सहभागिता की अपील की।

# डी.ए.वी. में एन.डी. ग्रोवर मेमोरियल सुपर परफॉर्मर्स फेलिसिटेशन समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हज़ारीबाग।** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, हज़ारीबाग में विद्यार्थियों की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में उल्लेखनीय उपलब्धियों के सम्मान में ''एन. डी. ग्रोवर मेमोरियल सुपर परफॉर्मर्स फ़ेलिसिटेशन समारोहऽ2026'' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्र 2025-26 के एस.एस.ई. एवं एस.एस.सी.ई. परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ जेईई मेन, जेईई एडवांस्ड एवं नीट जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि माननीय श्री अमन कुमार, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, हज़ारीबाग तथा अन्य गणमान्य अतिथियों के आगमन से हुआ। इसके पश्चात डी.ए.वी. गान प्रस्तुत किया गया तथा अतिथियों को स्मृति-चिह्न एवं पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलन एवं डी.ए.वी. कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं महान शिक्षाविद् स्वर्गीय श्री एन. डी. ग्रोवर जी को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मधुर स्वागत गीत के पश्चात विद्यालय के प्राचार्य ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए स्वर्गीय श्री एन. डी. ग्रोवर के प्रेरणादायी व्यक्तित्व एवं उनके शैक्षिक योगदान को स्मरण किया। मुख्य अतिथि अमन कुमार, आईपीएस ने नीट, जेईई मेन, जेईई एडवांस्ड एवं एस.एस.सी.ई.-2026 के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति पूर्णतः समर्पित एवं एकाग्र रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सफलता उन्हीं को प्राप्त होती है जो कठिन परिश्रम, अनुशासन, धैर्य एवं दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर रहते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'क्षितिज' का लोकार्पण रहा, जिसमें विद्यार्थियों की साहित्यिक, रचनात्मक एवं बौद्धिक प्रतिभाओं को अभिव्यक्ति दी गई है। समारोह में डी.ए.वी. संस्थान, झारखंड जोन-जे के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी एस. के. मिश्रा द्वारा एस.एस.सी.ई.-2026 में 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में श्री मिश्रा ने डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, हज़ारीबाग की निरंतर उपलब्धियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा, खेलकूद, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय के प्राचार्य को देते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों ने विद्यालय को उत्कृष्टता की नई उंचाइयों तक पहुँचाया है।

इसके उपरांत स्थानीय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष दिनेश खंडेलवाल तथा डी.ए.वी. जूनियर पब्लिक स्कूल, हज़ारीबाग के प्राचार्य माननीय श्री विवेकानंद चौधरी द्वारा एस.एस.ई.-2026 में 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। दोनों वक्ताओं ने विद्यार्थियों की मेहनत, लगन एवं अनुशासन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ, जिसमें समस्त मानवता के कल्याण, शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। यह समारोह स्वर्गीय एन. डी. ग्रोवर के आदर्शों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, हज़ारीबाग की शैक्षणिक उत्कृष्टता, नैतिक मूल्यों एवं सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है।

# पीएम मोदी ने 12 वर्ष पूरे कर बनाया रिकॉर्ड : गिरिराज

## बामपाली स्थित भाजपा कार्यालय में विकसित भारत सम्मेलन आयोजित




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** विकसित भारत सम्मेलन का आयोजन भोजपुर जिले के बामपाली स्थित पार्टी कार्यालय में किया गया जिसमें भारत सरकार के केन्द्रीय बस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह जी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज देश के सबसे अधिक दिनों तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड अपने नाम करते हुए उन्होंने 12 बर्ष पुरे किए उन्होंने पार्टी के नेताओं ने जो सपना देखा था उसे उन्होंने दृढ़ता के साथ पुरे किए चाहे मंदिर का मामला हो या जम्मू कश्मीर से धारा 370इ को समाप्त करना हो तीन तलाक़ का मुद्दा हो सभी को अपने कार्यकुशलता से पुरे किए उन्होंने सबका साथ सबका विकास के नारे के किसान, युवा, महिला और गरीबों के कल्याण के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं को पुरे किए आज भारत समृद्ध की ओर अग्रसर है उन्होंने विकसित भारत के सपनों को साकार करने हेतु हरेक क्षेत्र में विकास की योजना बनाई जो कई का कार्य पुर्ण भी हो चुका है और कई कार्य त्वरित रूप से जल रहा है आज भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी उनकी लोकप्रियता बढ़ी है और विश्व के प्रमुख देशों में लोकप्रिय प्रधानमंत्री और विश्व के जननेता के रूप में लोग देख रहे हैं कार्यक्रम में बिहार सरकार के माननीय मंत्री श्री संजय सिंह टाईगर ने भी सम्बोधित करते काहा की आने वाले समय में निश्चित ही भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा जिसमें देश का मान सम्मान बढेगा सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने किया और संचालन कार्यक्रम संयोजक श्री धिरेन्द्र सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री नरेन्द्र तिवारी ने किया सम्मेलन को अगिआंव विधायक महेश पासवान सहित कई अन्य प्रमुख लोग सम्बोधित किया सम्मेलन में पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष श्री संतोष पाठक जी भोजपुर जिले में प्रथम आगमन पर उनका हार्दिक अभिनंदन किया गया माननीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह का जिला कार्यालय में अंगवस्त्र और फुल माला से स्वागत और आरण्य देवी माता चित्र से सम्मानित किया गया उसके पुर्व जिला परिषदन में भी भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए के कार्यकर्ताओं उनका गर्मजोशी से स्वागत किया पार्टी कार्यालय बामपाली पहुंचने पर भी कार्यकताओं को हुजूम उनके स्वागत में बिहार सरकार के माननीय मंत्री श्री संजय टाईगर के नेतृत्व में उमड़ पड़ा जिसमें जिले के कई गणमान्य प्रबुद्ध वर्ग, जनप्रतिनिधि भी सम्मिलित थे उन्होंने पार्टी कार्यालय में एक पेड़ मां के नाम पर आम के पौधारोपण भी कियाइ

# भरत तिवारी एनकाउंटर के बाद सड़क जाम मामले में मुखिया समेत 14 नामजद

### पुलिस द्वारा मामले में 50 अज्ञात पर भी दर्ज की गई प्राथमिकी

## पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचने के बाद एनएच कर दिया गया था जाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**शाहपुर (भोजपुर)।** बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की कथित पुलिस मुठभेड़ में मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा एनएच-922 को जाम करने के मामले में शाहपुर थाना में 14 नामजद एवं 50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह मामला शाहपुर थाना में पदस्थापित पुअनि सचिदानंद यादव के आवेदन पर दर्ज किया गया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 18 जून की सुबह भरत तिवारी का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं परिजन बिलौटी मोड़ के समीप एनएच-922 पर जमा हो गए और सड़क जाम कर आवागमन बाधित कर दिया। पुलिस का आरोप है कि समझाने-बुझाने के बावजूद लोगों ने सड़क पर टायर रखकर जाम लगाया। जिससे करीब पांच घंटे तक वाहनों का परिचालन प्रभावित रहा और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्राथमिकी में बिलौटी पंचायत के मुखिया बलिराम यादव, बिलौटी गांव के सरोज त्रिपाठी, राकेश यादव, अंजनी तिवारी, गिरधारी तिवारी, हरहर तिवारी, तिवारी, दीपक तिवारी, रवि गुप्ता, अखंडा तिवारी,राहुल तिवारी, गोलू पासवान,विजय सिंह, बिहिया थाना क्षेत्र के डोगरा गांव निवासी मदन यादव सहित कुल 14 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इसके अलावा 50 से 60 अज्ञात लोगों को भी आरोपित किया गया है। पुलिस ने आरोप लगाया है कि सड़क जाम के दौरान सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई गई तथा यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं एवं सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। शाहपुर थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कारवाई की जाएगी। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि भरत तिवारी की मौत की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया था।

# गैंगरेप के विरोध में विद्यार्थी परिषद ने निकाला आक्रोश मार्च

## समाज की अस्मिता पर है हमला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बरौनी।** जिले के चकिया थाना क्षेत्र के बिंद टोली में एक महिला के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की हृदयविदारक घटना ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। इस अमानवीय कृत्य के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बरौनी इकाई ने आक्रोश मार्च निकालकर जोरदार विरोध दर्ज कराया। मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने बिहार सरकार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए। आक्रोश मार्च का नेतृत्व नगर मंत्री प्रियांशु कुमार एवं कॉलेज अध्यक्ष अंकित कुमार ने संयुक्त रूप से किया। आक्रोश मार्च एपीएसएम कॉलेज बरौनी के परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य द्वार पर पहुंचा, जहां यह सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए एबीवीपी बेगूसराय के विभाग संयोजक एवं ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा, बिंद टोली की यह घटना बेगूसराय जिले के इतिहास का काला दिवस माना जाएगा है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं जिले में ऐसे घिनौने घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। यह सिर्फ एक महिला पर हमला नहीं, बल्कि पूरे समाज की अस्मिता पर हमला है। कहा कि प्रशासन की निष्क्रियता के कारण अपराधियों में कानून का कोई भय नहीं बचा है। 'हम मांग करते हैं कि इस जघन्य कंाड के सभी आरोपियों जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर फांसी की सजा दी जाए। पीड़िता और उसके परिवार को सुरक्षा के साथ इंसाफ दिया जाए। अगर सरकार सोती रही, तो एबीवीपी पूरे बिहार में उग्र आंदोलन करेगी।' बिहार में महिला सुरक्षा के दावे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। नगर मंत्री प्रियांशु कुमार ने कहा कि यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक पीड़िता को न्याय नहीं मिल जाता। कार्यकर्ताओं ने पीड़िता के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई और घटना की निंदा की गई। मौके पर कॉलेज मंत्री अनुभव कुमार कॉलेज उपाध्यक्ष अमन मोहन अनिकेत कुमार नगर सह मंत्री प्रिंस कुमार साहिल कुमार प्रियांशु मिश्रा राजकुमार आनंद कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हत्यारोपित पति को उम्रकैद की सजा

## 20 हजार जुर्माना भी लगाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** पत्नी को मायके से बुलाकर चाकू से गला रेतकर हत्या करने के बहुचर्चित मामले में जिला व्यवहार न्यायालय ने दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 20,000 का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह फैसला प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत की अदालत ने सत्र वाद संख्या 559/2025 में सुनाया। मामले में 15 जून 2026 को अभियुक्त को दोषी ठहराया गया था, जबकि 18 जून 2026 को सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद दंड निर्धारित किया गया। अदालत द्वारा दोषी करार दिये गये अभियुक्त रमेश मोची उर्फ रमेश कुमार, पिता राजो दास, निवासी मधुरापुर, थाना तेघड़ा, जिला बेगूसराय है। मामला बीरपुर थाना कांड संख्या 241/2024 तथा धारा 103 (1) बीएनएस से संबंधित है। अभियोजन के अनुसार, 26 नवंबर 2024 की शाम करीब 7 बजे रमेश मोची ने अपनी पत्नी चमचम देवी को मोबाइल फोन कर पायल एवं जेवर देने के बहाने मायके से बाहर बुलाया। पति के बुलावे पर चमचम देवी निर्धारित स्थान पर पहुंची। उसके पीछे-पीछे उसकी मां सुखानी देवी भी गईं। आरोप है कि मौके पर पहुंचने के बाद रमेश मोची ने पायल देने का बहाना बनाकर अपनी पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया और उसका गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। घटना की प्रत्यक्ष जानकारी मृतका की मां सुखानी देवी ने पुलिस को दी थी, जो इस मामले की सूचक बनीं। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक संतोष कुमार ने अदालत में प्रभावी ढंग से पक्ष रखा। अभियोजन ने कुल नौ गवाहों की गवाही कराई, जिनमें सूचक, चिकित्सक, अनुसंधानकर्ता और पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। साक्ष्यों, चिकित्सीय रिपोर्ट और गवाहों के बयानों के आधार पर अदालत ने अभियुक्त को हत्या का दोषी पाया। दोषसिद्धि के समय अभियुक्त पहले से ही न्यायिक हिरासत में जेल में बंद था।

अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए दोषी रमेश मोची को आजीवन कारावास तथा 20,000 अर्थदंड की सजा सुनाई। साथ ही स्पष्ट किया कि जुर्माना अदा नहीं करने पर उसे छह माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।इस फैसले को महिला हिंसा और वैवाहिक हत्या के मामलों में न्याय व्यवस्था की सख्ती के रूप में देखा जा रहा है।

# अन्नप्राशन कार्यक्रम में बच्चों को कराई गई मुंहजुट्ठी

### माताओं को दी गई आवश्यक जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शुक्रवार को अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केन्द्रों के पोषक क्षेत्र की अभिभावक महिलाएं एवं धातृ माताएं अपने छह माह से अधिक एवं दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों के साथ शामिल हुईं। इस दौरान बच्चों को पौष्टिक ऊपरी आहार की शुरुआत कराने के उद्देश्य से उनका मुंहजुठ्ठी (अन्नप्राशन) कराया गया। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रों पर अनाज, मौसमी सब्जियां, साग, फूल एवं फलों से आकर्षक रंगोली और प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने उपस्थित लोगों को पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक किया। बाल विकास परियोजना के अंतर्गत एलएस (लेडी सुपरवाइजर) ने अपने-अपने सेक्टर के केन्द्रों का अनुश्रवण कर कार्यक्रम की निगरानी की। नावकोठी केन्द्र संख्या-43, समसा केन्द्र संख्या-72, विष्णुपुर केन्द्र संख्या-70, महेशवाड़ा केन्द्र संख्या-4, हसनपुर बागर केन्द्र संख्या-69, रजाकपुर केन्द्र संख्या-112 समेत अन्य आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आयोजित कार्यक्रम में एलएस शालिनी कुमारी, कृष्णा कुमारी एवं सुनीता कुमारी ने बताया कि बच्चों को जन्म से छह माह तक केवल मां का दूध ही देना चाहिए। छह माह की आयु पूरी होने के बाद बच्चों के सर्वांगीण शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए ऊपरी आहार देना आवश्यक है। उन्होंने माताओं को कटोरी के माप से बच्चों को उचित मात्रा में पौष्टिक आहार खिलाने की विधि की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में सेविका कंचन कुमारी, रोजी खातून, पूनम कुमारी, प्रमिला, राजकुमारी, कमरून निशा बेगम, काजल कुमारी, बुलबुल कुमारी, मीना कुमारी, शकीला बेगम, मधुरानी कुमारी, जीवछ कुमारी, पार्वती कुमारी, ममता कुमारी, निर्मला कुमारी, मंजू कुमारी, रंजू सहित अन्य कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

# मुहर्रम को लेकर चिह्नित स्थानों पर रहेगी कड़ी निगरानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को नावकोठी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष ने की, जबकि इसमें प्रखंड प्रशासन के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों एवं शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में मुहर्रम जुलूस के निर्धारित मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से पर्व के दौरान आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की।थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस ने कहा कि मुहर्रम आस्था और अनुशासन का पर्व है। सभी लोग प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से बचें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर रामकुमार सिंह ने कहा कि जुलूस के दौरान डीजे एवं उच्च ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग संबंधी सरकारी निर्देशों का पालन किया जाएगा। साथ ही जुलूस में शामिल युवाओं से अनुशासित व्यवहार बनाए रखने और परंपरागत तरीके से पर्व मनाने की अपील की गई। विष्णुपुर पंचायत के देवपुरा एवं विष्णुपुर के अखाड़े व तजिया मेले पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। सर्किल इंस्पेक्टर रामकुमार सिंह ने बताया कि पर्व के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे तथा विभिन्न चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। सभी अखाड़ा समितियों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में अंचलाधिकारी सूरज कुमार, शकील अहमद वेग, मोहम्मद सलमान, महफूज, पसंस इमरोज़ राणा, शुभांकर मिश्र, मुकेश कुमार, मोहम्मद आदम, सरपंच शिवनन्दन, दिवाकर कुमार, मोहम्मद हामिद, पंकज कुमार, सुरेन्द्र पासवान, प्रभाकर मिश्र, सुरेश पासवान, खलीफा मोहम्मद इलियास, मोहम्मद नाजिम आदि शांति समिति के सदस्य, अखाड़ा समिति के पदाधिकारी, स्थानीय बुद्धिजीवी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

# चार माह से फरार नामजद गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी थाना क्षेत्र के महेशवाड़ा पंचायत अंतर्गत रमौली गांव से पुलिस ने अपहरण कंाड के एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रमौली निवासी राहुल कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे अग्रेतर कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया है।

थानाध्यक्ष मो. फिरदौस ने बताया कि राहुल कुमार पर गांव की ही एक युवती को बहला-फुसलाकर फरवरी माह में अगवा कर लेने का आरोप है। इस मामले में उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कांड दर्ज होने के बाद से वह करीब चार माह से फरार चल रहा था और लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने छापेमारी कर उसे उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की तलाश एक अन्य मामले में भी की जा रही थी। सितंबर 2025 में वार्ड संख्या 1 की वार्ड सदस्या शांति देवी एवं वार्ड संख्या 3 की प्रमिला देवी के घर पर चढ़कर रंगदारी की मांग को लेकर फायरिंग करने के मामले में भी वह नामजद अभियुक्त है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के विरुद्ध दर्ज मामलों में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है तथा उसके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# प्रखण्ड अध्यक्ष का मनोनयन

**चरपोखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की संगठन को सक्रिय, सशक्त और सुदृढ़ करने के लिए किनोडीहरी गॉव निवासी राघवेन्द्र धारी सिंह उर्फ ददन को अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है। भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष डॉ श्रीधर तिवारी द्वारा पत्रांक 119/26 दिनांक 19-6-26 के तहत ददनजी को प्रखण्ड अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष द्वारा जारी पत्र में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश प्रभारी कृष्ण अल्लावारू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के अनुमोदनोपरान्त नियुक्ति पत्र जारी किया है।


## पूर्व रेलवे

**सूचना संख्या: सिग_डब्ल्यू_5_पॉलिसी, दिनांक: 17.06.2026।** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, मालदा, पो.ऑ.: झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **ई-निविदा संख्या: एमएलडीटी_एसएनटी_26-27_10_ओटी। कार्य का नाम:** मणिग्राम-भरोसेमंदता में सुधार के लिए मणिग्राम (एमजीएलई) में द्वितीय डिटेक्शन का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹3,01,98,966.77। **बयाना राशि:** ₹ 6,04,000। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय:** 25.06.2026 से 09.07.2026 को सुबह 11.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट का स्थान: www.ireps.gov.in।** सूचना पट्ट का स्थान: वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा का कार्यालय।

(MLD-102/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# स्वच्छ और हरित भारत के लिए जनजागरण जरूरी : गिरिराज

## सड़कों पर साइकिल चलाते दिखे केन्द्रीय मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले के गढ़पुरा क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह करीब तीन किलोमीटर तक साइकिल चलाते नजर आए। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। साइकिल यात्रा के माध्यम से उन्होंने लोगों को ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।साइकिल यात्रा के बाद केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि 'ईंधन बचत, स्वस्थ जीवनशैली एवं प्रदूषण-मुक्त भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आज गढ़पुरा में कार्यकर्ताओं के साथ साइकिल यात्रा की। जब समाज जागरूक होता है, तभी परिवर्तन स्थायी बनता है। आइए, एक स्वच्छ, हरित और उज्ज्वल भारत के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास करें। केंद्रीय मंत्री की इस पहल की क्षेत्र में खूब चर्चा हो रही है। लोगों का कहना है कि बढ़ते प्रदूषण और ईंधन की खपत के बीच जनप्रतिनिधियों द्वारा इस तरह की जागरूकता यात्रा समाज को सकारात्मक संदेश देने का काम करती है। गौरतलब है कि गिरिराज सिंह अक्सर जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर चर्चा में रहते हैं। गढ़पुरा में उनकी साइकिल यात्रा को भी पर्यावरण संरक्षण और फिट इंडिया अभियान से जोड़कर देखा जा रहा है।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** महेशवारा पंचायत स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर महेशवारा, पुस्तकालय भवन परिसर में शुक्रवार को 100-दिवसीय टीबी अभियान के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पंचायत के मुखिया द्वारा फीता काटकर विधिवत किया गया। शिविर का संचालन सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) करण कुमार, एएनएम आयुषी कुमारी, आशा फैसिलेटर संगीता कुमारी, बीसीएम उषा कुमारी, टीवी स्पेशलिस्ट सुजीत कुमार के संयुक्त सहयोग से किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में कुल 60 व्यक्तियों का स्कैनिंग किया गया। जिसमें 33 व्यक्तियों का स्पूटम सैंपल जांच हेतु लिया गया। स्पूतुम के लिए 22 व्यक्तियों का डायबिटीज जांच एवं पांच व्यक्तियों का एएनसी जांच हुआ। शिविर में आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण एवं सत्यापन, टीबी जांच, बीपी एवं शुगर जांच, गर्भवती की एएनसी जांच, परिवार नियोजन परामर्श तथा एचपीवी टीकाकरण सहित कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य कर्मियों ने 100-दिवसीय टीबी अभियान के उद्देश्यों, टीबी के लक्षण, बचाव एवं समय पर जांच एवं उपचार के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक किया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे शिविरों के नियमित आयोजन की मांग की।मौके पर स्वास्थ्य उपकेंद्र पर बहुत से ग्रामीण मौजूद थे।


## पूर्व रेलवे

**निविदा संख्या: बीएमएफ-03-10-मशीनिंग-300, दिनांक: 16.06.2026।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, बोगी निर्माण कारखाना, पूर्व रेलवे, 88/1, अधर दास रोड, बजबज, कोलकाता-700137, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल लिफाफा प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** कार्य के दायरे के अनुसार फर्म की तरफ से 5 एक्सिस मशीन का इस्तेमाल करके एलएचबी बोगी फ्रेम मशीनिंग। **विज्ञापित मूल्य:** ₹ 1,97,05,500। **बयाना राशि:** ₹ 3,94,100। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 08.07.2026 को अपराह्न 3:00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 24.06.2026। **निविदा अपलोड करने की तारीख एवं समय:** 16.06.2026 को अपराह्न 3.32 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 120 दिन। **पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। वेबसाइट का विवरण जहाँ से निविदा प्रपत्र डाउनलोड किए जा सकते हैं: **www.ireps.gov.in।** बोलीदाता सिर्फ निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर सकेंगे। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा किसी भी तरह का मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे नज़रअंदाज़ कर दिया जायेगा।

(MISC-80/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## पृष्ठ एक का शेष

### बिहार में भी बहुत...

समस्याएं समाप्त हो जायेंगी। पीएम मोदी ने मढ़ौरा लोको प्लांट से रेल इंजन निर्यात को चालू किया था। आज यहां निर्मित 51 वें इंजन को अफ्रीकी देश गिनी रवाना किया गया है। बिहार की धरती पर बना इंजन दुनिया भर में बिहार का परचम लहराएगा। रेल मंत्री ने कहा कि करीब 1 लाख 15 हजार करोड़ के रेलवे के प्रोजेक्ट्स बिहार में चल रहे हैं। एक नए तरीके से बिहार में रेलवे का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि पटना क्षेत्र में क्षमता बढ़ाने के लिए पांच नए प्लेटफॉर्म का एक नया स्टेशन बन रहा है। राजधानी पटना क्षेत्र की क्षमता को बढ़ाने के लिए रेलवे ने बड़ा फैसला लिया है। हार्डिंग पार्क में पांच नए प्लेटफॉर्म वाला एक नया स्टेशन बनाया जाएगा। साथ ही फतुआ रेलवे स्टेशन का भी आधुनिक तरीके से विकास किया जाएगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि दिल्ली-वाराणसी-पटना बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को मंज़ूरी मिल गई है। पटना और दिल्ली के बीच यात्रा का समय घटकर अब सिर्फ 4 घंटे 41 मिनट रह जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस लाइन को सिलीगुड़ी तक बढ़ाने की योजना है। इस मौके पर भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी, महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल समेत अन्य गणमान्य मौजूद थे।

# स्वावलंबी महिलाएं सशक्त समाज के लिए जरूरी : बीडीओ




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोइलवर।** कोइलवर प्रखंड अंतर्गत गीधा पूर्वी महादलित टोले में शुक्रवार को सामाजिक संस्था 'नई आशा' के तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोईलवर के सहयोग से स्वास्थ्य जांच सह दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी बीर बहादुर पाठक ने किया। श्री पाठक ने कहा कि नई आशा संस्था समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने संस्था के संस्थापक पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनका कार्य ही उनकी पहचान है। उन्होंने भीषण गर्मी के बावजूद ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच करने पहुंचे चिकित्सकों की टीम को भी बधाई दी। बीडीओ ने कहा कि संस्था द्वारा संचालित सिलाई सह पढ़ाई कार्यक्रम बालिकाओं को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। पढ़ाई के साथ कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली लड़कियां भविष्य में इसे आजीविका का माध्यम बनाकर आर्थिक रूप से सशक्त हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं का आर्थिक रूप से स्वावलंबी होना सामाजिक सशक्तिकरण की बुनियाद है। पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश ने शिविर में शामिल चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं विभिन्न विश्वविद्यालयों से इंटर्नशिप कर रहे छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि बीडीओ ने महादलित टोले के उन लोगों का आधार कार्ड बनवाने का आश्वासन दिया है, जो अभी तक इससे वंचित हैं, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। डॉ. आजम खान की टीम द्वारा शिविर में 136 लोगों के शुगर, ब्लड प्रेशर एवं हीमोग्लोबिन सहित अन्य रोगों जांच की गई। जांच के दौरान बड़ी संख्या में एनीमिया के मरीज पाए गए, जिन्हें आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान शांभवी के सहयोग से बच्चों के बीच स्कूल बैग वितरित किए गए तथा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। देश के करीब आठ विश्वविद्यालयों से इंटर्नशिप कर रहे दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं ने शिविर में सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने महादलित बस्ती का भ्रमण कर स्थानीय लोगों की समस्याओं की जानकारी भी ली। कार्यक्रम में अभिनव कुमार, अंशु, अमन, कार्तिक, नीरज, विजय, दीप शंकर,मोहित, आयुष, निशा, विशाल, सचिन, शिवानी, शीतल मौर्य, आयुष सहित विकास मित्र धरमु सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। कुंदन कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।





# पीएम मोदी के नेतृत्व में निरंतर प्रगति कर रहा देश : मंत्री

**स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और डिजिटल क्षेत्र में हुआ अभूतपूर्व विकास : सुशील**

**मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का प्रबुद्ध जन सम्मेलन आयोजित**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई की ओर से शहर स्थित सम्राट अशोक भवन में प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह चंद्रवंशी ने की जबकि संचालन जिला महामंत्री वैभव विशाल टैगोर ने किया। कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह थे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर



अग्रसर है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से 2026 तक के 12 वर्षों में भारत एक सशक्त, समृद्ध और सुरक्षित राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बनाने में सफल रहा है। केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि 'लोक सेवा ही संकल्प और गरीब कल्याण-अंत्योदय ही लक्ष्य' के मूल मंत्र के साथ मोदी सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों की उपलब्धियां विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। देश के आधारभूत ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और डिजिटल क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उनके सशक्तिकरण के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। वहीं पूर्व विधायक रणविजय शर्मा ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को लेकर चल रही सरकार ने पिछले 12 वर्षों में अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिनका लाभ देश के सभी वर्गों को मिला है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुरेश मेहता, पूर्व जिला अध्यक्ष रामानुज पांडे, जिला उपाध्यक्ष अनीता सिंह, दीपक कुमार, रंजीत कुशवाहा, जिला मंत्री सुबोध सिंह, सुमन अग्रवाल, अशोक पांडे, सुनील शर्मा, कोषाध्यक्ष कौशल कुमार पिंटू, जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, जितेंद्र गुप्ता, सुधीर शर्मा, जुलेखा खातून, उज्ज्वल सिंह, उदय सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष फिरदौस जमाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास सिंह, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविंद पासवान, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में मजदूर की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड क्षेत्र देवजरा थाना अंतर्गत एनएच-19 पर माया बिगहा के समीप शुक्रवार को अज्ञात बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान माया बिगहा निवासी मेघन राम के 60 वर्षीय पुत्र मुन्ना राम के रुप में की गई है। जानकारी के अनुसार मुन्ना राम प्रतिदिन की तरह काम से सड़क पार कर रहे थे। इसी क्रम में अज्ञात बाइक ने मुन्ना राम को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से मुन्ना राम को इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन बीच रास्ते में उनकी मौत हो गई। इसके बाद शव लेकर परिजन वापस लौटे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। इस घटना के बाद से मृतक की पत्नी मरछी देवी सहित दो लड़के नंदलाल राम, आनंद राम एवं चार बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों के मुताबिक मृतक मजदूरी कर परिवार के भरण-पोषण करते थे। उन्होंने आश्रितों को भरन पोषण के लिए जिला प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष कुशो कुमार ने बताया कि मामले में अब तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुई। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फ़िलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## स्पर्शाघात से युवक की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** दाउदनगर थाना क्षेत्र के शीतल बिगहा गांव में विद्युत करंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के लाला अमौना गांव निवासी हरेराम राम के 27 वर्षीय पुत्र देवानंद कुमार के रूप में की गई है। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार शीतल बिगहा में एक मकान का प्लास्टर कार्य चल रहा था जिसमें देवानंद कुमार काम कर रहा था। शुक्रवार की दोपहर वह शौच के लिए गया। काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो राज मिस्त्री ने जाकर देखा तो वह करंट की चपेट में अचेत अवस्था में पड़ाहुआ था। राज मिस्त्री ने शोर मचा कर लोगों को मामले की जानकारी दी। स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में देवानंद को अनुमंडल अस्पताल दाउदनगर लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# परिवादों के निष्पादन की हो नियमित समीक्षा : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सात निश्चय तीन के तहत सबका सम्मान -जीवन आसान पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।

**औरंगाबाद पुलिस केंद्र में 411 नवनियुक्त सिपाहियों का भव्य पासिंग आउट परेड संपन्न**

# टेक्नोलॉजी के दौर में सचेत रहने की जरूरत : आइजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस केंद्र में शुक्रवार को नवनियुक्त 411 प्रशिक्षु सिपाहियों का भव्य पासिंग आउट परेड समारोह आयोजित किया गया। प्रशिक्षण की कठिन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद प्रशिक्षु सिपाहियों ने शानदार परेड प्रदर्शन कर अपनी दक्षता, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। समारोह के मुख्य अतिथि मगध क्षेत्र, गया के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विकास वैभव रहे, जिन्होंने परेड का निरीक्षण कर जवानों की सलामी ली। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण का दायित्व है। उन्होंने नव नियुक्त जवानों से ईमानदारी, संवेदनशीलता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ जनता की सेवा करने का आह्वान किया। आईजी ने कहा कि पुलिस सेवा केवल कानून लागू करने का माध्यम नहीं बल्कि जनता के विश्वास और सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। पुलिस अधीक्षक सह प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य अम्बरीष राहुल ने कहा कि बिहार पुलिस में विज्ञापन संख्या-01/2023 के तहत



चयनित कुल 21,391 सिपाहियों को राज्य के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों एवं वाहिनियों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में पटना जिला बल के 411 प्रशिक्षु सिपाहियों को औरंगाबाद स्थित पुलिस केंद्र के बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण अवधि के दौरान सिपाहियों को पुलिसिंग के आंतरिक एवं बाह्य विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें नए आपराधिक कानूनों, पुलिस मैनुअल, पुलिस संगठन, बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली तथा लघु अधिनियमों से अवगत कराया गया। इसके साथ ही शस्त्र प्रशिक्षण, परेड एवं ड्रिल के माध्यम से उनकी शारीरिक क्षमता और कार्यकुशलता का विकास किया गया। आधुनिक चुनौतियों से निपटने के लिए प्रशिक्षुओं को साइबर अपराध, यातायात प्रबंधन, कंप्यूटर संचालन, फॉरेंसिक विज्ञान तथा डिजिटल पुलिसिंग के क्षेत्र में भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि बदलते दौर में तकनीकी दक्षता और संवेदनशील पुलिसिंग की आवश्यकता को देखते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम को आधुनिक स्वरूप दिया गया है। समारोह में पुलिस अधिकारियों, प्रशिक्षकों, प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षु सिपाहियों के परिजनों की उपस्थिति रही। पासिंग आउट परेड के साथ ही सभी 411 प्रशिक्षु सिपाही बिहार पुलिस बल में सेवा देने के लिए तैयार हो गए हैं। सेवा, सुरक्षा और समर्पण के मूल मंत्र के साथ प्रशिक्षित ये जवान अब राज्य में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# विभिन्न अपराधों में 22 लोग गये जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में गुरुवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 48 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 22 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार लूट के शीर्ष में 2, हत्या प्रयास में 7, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 9 तथा अन्य मामलों में 30 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 130 लीटर देसी शराब एवं दो बाइक बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1171 वाहनों की जांच की गई जिसमें 46500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 17 वारंट एवं 3 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# जिला मूल्यांकन समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** समाहरणालय सभाकक्ष में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक समाहर्ता-सह-जिला मूल्यांकन समिति अध्यक्ष अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति के सभी संबंधित सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया तथा तत्पश्चात विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बिहार स्टाम्प (लिखत का न्यून मूल्यांकन निवारण) (संशोधन) नियमावली, 2026 से संबंधित मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग (निबंधन) की अधिसूचना संख्या-4059, 18 जून 2026 के प्रावधानों पर विचार किया गया। समिति को अवगत कराया गया कि संशोधित नियमावली के अनुसार न्यूनतम मूल्य की मार्गदर्शक पंजी



(एमवीआर) की दरों में अंतरिम अवधि के दौरान प्रत्येक वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में स्वतः 5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि का प्रावधान किया गया है। साथ ही प्रारंभिक चरण में संक्षेप में संशोधन के अंतर्गत वर्तमान एमवीआर दरों में एकमुश्त संशोधन किया जाना है। उक्त अधिसूचना के आलोक में जिला मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि औरंगाबाद जिले में वर्तमान में प्रभावी न्यूनतम मूल्यांकन पंजी (एमवीआर) की दरों में तत्काल प्रभाव से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 1.6 गुणा तथा शहरी एवं पेरिफ़ेरल क्षेत्रों के लिए 2.0 गुणा वृद्धि की जाएगी। समिति द्वारा जिला अवर निबंधक, औरंगाबाद को इस संबंध में आवश्यक अधिसूचना निर्गत करने हेतु अधिकृत किया गया। बैठक के दौरान विभागीय अधिसूचना के अनुसार राज्यभर में भूमि वर्गीकरण को एकरूप बनाए जाने के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। इस क्रम में ग्रामीण, पेरिफ़ेरल एवं शहरी क्षेत्रों में भूमि वर्गीकरण की नई श्रेणियों के अनुरूप औरंगाबाद जिले में वर्तमान न्यूनतम मूल्यांकन पंजी का परीक्षण किए जाने की आवश्यकता बताई गई। इस दौरान अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर डीएसएलआर श्वेतांक लाल, सभी नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारी तथा संबंधित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अधिकार मित्रों को दी गई जरूरी जानकारी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** प्रधान जिला जज राजीव रंजन के मागदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अंतर्गत कार्यरत पारा विधिक स्वंय सेवकों जिनको अधिकार मित्र की संज्ञा दी गयी है। उनकों बुनियादी कानूनों की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन के बाद आज उसका समापन किया गया। प्रशिक्षण सत्र में प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल, उपमुख्य कानूनी बचाव अधिवक्ता अभिनन्दन कुमार द्वारा इस प्रशिक्षण सत्र में आवश्यक जानकारी पारा विधिक स्वयं सेवकों को उपलब्ध कराया गया। इस सत्र में अभिनंदन कुमार के नेतृत्व में विभिन्न लॉ कॉलेजों से आये छात्र-छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तार से अधिकार मित्रों को समझाया जिससे विधि व्यवसाय से जुड़े लोगों को भी इसकी जानकारी हो और भविष्य में विधि व्यवसाय से जुड़ने में कई योजनाओं की जानकारी होने पर सुखद अनुभूति होगी और इसका फायदा भी मिलेगा।

# सीएमआर आपूर्ति में औरंगाबाद की 79.65 प्रतिशत उपलब्धि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** खरीफ विपणन मौसम 2025-26 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति, सीएमआर (खास तौर पर तैयार किया गया चावल) आपूर्ति तथा रबी विपणन मौसम 2026-27 अंतर्गत गेहूं अधिप्राप्ति की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि औरंगाबाद जिले में धान अधिप्राप्ति का कुल लक्ष्य 1,80,902 मीट्रिक टन निर्धारित था तथा लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत धान की अधिप्राप्ति की गई। इसके आधार पर जिले के लिए कुल 1,23,810 मीट्रिक टन सीएमआर आपूर्ति का लक्ष्य निर्धारित किया गया। वर्तमान स्थिति के अनुसार अब तक कुल 98,611.405 मीट्रिक टन सीएमआर राज्य खाद्य निगम को उपलब्ध कराया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य का 79.64 प्रतिशत है। इसमें कच्चा सीएमआर श्रेणी में 29,037 मीट्रिक टन लक्ष्य के विरुद्ध 26,941 मीट्रिक टन (92.78 प्रतिशत) तथा परबॉयल्ड श्रेणी में 94,773 मीट्रिक टन लक्ष्य के विरुद्ध 71,670.405 मीट्रिक टन (75.62 प्रतिशत) आपूर्ति की गई है। राज्यस्तरीय समीक्षा के अनुसार सीएमआर आपूर्ति के मामले में औरंगाबाद जिले की उपलब्धि 79.65 प्रतिशत दर्ज की गई है। राज्य स्तर पर कुल 36.85 लाख मीट्रिक टन धान अधिप्राप्ति के विरुद्ध 20.77 लाख मीट्रिक टन सीएमआर की प्राप्ति हुई है जिसकी औसत उपलब्धि 82.43 प्रतिशत है। प्रखंडवार समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले में कुछ प्रखंडों द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया गया है। औरंगाबाद, नवीनगर, मदनपुर एवं कुटुंबा क्षेत्र में सीएमआर उपलब्धि अपेक्षाकृत बेहतर रही जबकि कुछ क्षेत्रों में अतिरिक्त प्रयास की आवश्यकता चिन्हित की गई। जिलाधिकारी ने कम प्रगति वाले प्रखंडों एवं क्लस्टरों को विशेष कार्ययोजना बनाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# मुहर्रम के दौरान सोशल मीडिया पर भी रहेगी पैनी नजर

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम संपन्न कराने को लेकर नगर थाना में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष बबन बैठा, संचालन नगर अंचल के सर्किल इंस्पेक्टर फहीम आजाद खान, अपर थाना अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने किया। बैठक में नगर थाना में राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों व दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम का पर्व मनाए जाने को लेकर चर्चा की गई। थानाध्यक्ष ने ताजिया जुलूस निकाले जाने वाले जगहों की जानकारी ली। थामाध्यक्ष ने कहा कि मुहर्रम को लेकर प्रशासन सजग है। सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर है। मुहर्रम शांतिपूर्वक मनाने को लेकर जुलूस निकालने वाले कमेटी को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। प्रशासन के निर्देश का पालन करते हुए ताजिया तय मार्ग से ही ले जाना अनिवार्य होगा।

# पंचायतों में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** योजना भवन स्थित सभा कक्ष में जिले के सभी पंचायत सचिवों के साथ पंचायतों में संचालित विभिन्न योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जनसमस्याओं के त्वरित निष्पादन तथा प्रशासनिक कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करना रहा। बैठक के दौरान जिला पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा आगामी रविवार को आयोजित होने वाले पंचायत विकास शिविर को सफल एवं जनोपयोगी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने पंचायत सचिवों को निर्देशित किया कि शिविर के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा आमजन की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य किया जाए। साथ ही सहयोग शिविर के माध्यम से



प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए संबंधित मामलों के प्रभावी निष्पादन, लंबित मामलों के त्वरित निराकरण एवं निष्पादन की नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। इस अवसर पर सोलर लाइट स्थापना, सामुदायिक मंडप निर्माण, पंचायत सरकार भवन की स्थिति, आधार कार्ड से संबंधित कार्य, आरटीपीएस सेवाओं का संचालन, पंचायत विकास दिवस आयोजन, सहयोग पोर्टल पर प्राप्त मामलों का निष्पादन, जनता दरबार से संबंधित मामलों की समीक्षा, मोक्ष धाम निर्माण, प्रशिक्षण कार्यक्रम, पंचायत पुस्तकालय संचालन, डाकघर संबंधी गतिविधियों सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने सभी पंचायत सचिवों को पंचायत कार्यालयों में कार्य को सुदृढ़ करने तथा नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु सभी कर्मियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराने का निर्देश दिया।


